# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025



13 शेफाली ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ..





विचार पेज

8 विधानसभा की सात दशक...


**देश में पहली बार गुना के मियाना रेलवे स्टेशन पर रेलवे का 'ग्रीन एनर्जी विजन'**

### राष्ट्रपति ने मियाना रेलवे स्टेशन को किया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 से सम्मानित

# 70% तक स्मार्ट लाइटिंग से 10 हजार यूनिट से अधिक वार्षिक विद्युत ऊर्जा की बचत होगी

## पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने रचा ऊर्जा दक्षता का नया कीर्तिमान

लोकेंद्र सिंह ठाकुर ⏭ गुना

अलग खबर

पश्चिम मध्य रेलवे ने ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। भोपाल मंडल के मियाना रेलवे स्टेशन को ऊर्जा दक्षता के उत्कृष्ट एवं नवोन्मेषी प्रयासों के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान 14 दिसंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा प्रदान किया जाता है और इसे देश का सबसे विश्वसनीय एवं प्रतिष्ठित ऊर्जा संरक्षण सम्मान माना जाता है। कड़े तकनीकी मूल्यांकन, ऊर्जा बचत के स्वतंत्र सत्यापन तथा विस्तृत दस्तावेज़ी जांच के उपरांत ही यह सम्मान प्रदान किया जाता है।




मियाना रेलवे स्टेशन

### देशभर के रेलवे स्टेशनों के लिए प्रेरणा

मियाना रेलवे स्टेशन की यह उपलब्धि न केवल पश्चिम मध्य रेलवे बल्कि देश के अन्य रेलवे स्टेशनों के लिए भी ऊर्जा संरक्षण और सतत विकास की प्रेरणादायी मिसाल बनकर उभरी है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार मिलने से गुना जिले के रेलवे विभाग एवं मियाना के स्टाफ में खुशी का माहौल है। उनको कहना कि हमारे जिले का राष्ट्रपति से पुरस्कार मिलना बहुत बड़ी बात है।

### नेतृत्व और टीमवर्क की मिसाल

इस उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने इसे संगठन के लिए गर्व का क्षण बताया और मुख्यालय एवं भोपाल मंडल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार रेलवे के सतत विकास और ग्रीन एनर्जी विज़न को सशक्त करता है। यह सफलता वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) संजय मानोरिया के कुशल तकनीकी मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में संभव हुई। उनके नेतृत्व में विद्युत (सामान्य) विभाग ने नियमित ऊर्जा ऑडिट, वैज्ञानिक लोड विश्लेषण, स्टेशन-वार ऊर्जा प्रोफाइलिंग, स्टाफ प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियानों को प्रभावी रूप से लागू किया।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### राजकुमार गोयल बने नए मुख्य सूचना आयुक्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व नौकरशाह राजकुमार गोयल को केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया है। मुख्य सूचना आयुक्त का पद 13 सितंबर से हीरालाल समरिया का कार्यकाल पूरा होने के बाद से खाली चल रहा था। इस पद की जिम्मेदारी गोयल को सौंपी गई है।

### रुपए में गिरावट, 26 पैसे गिरकर 90.75 रु. पर



**नई दिल्ली।** रुपये में गिरावट का दौर जारी है। सोमवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 26 पैसे टूटकर इंट्रा-डे कारोबार में 90.75 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका से व्यापार अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से रुपये पर दबाव बना रहा।

### नवंबर में 19.37% बढ़ा निर्यात, व्यापार घाटा कम



**नई दिल्ली।** देश का निर्यात अक्टूबर की गिरावट से उबरते हुए नवंबर महीने में 19.37 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा पांच महीने के निचले स्तर 24.53 अरब डॉलर पर आ गया।

### भाजपा में नया युग : नए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने संभाला कार्यभार

# जेपी नड्डा और अमित शाह ने की नबीन की ताजपोशी, कई शीर्ष नेता रहे मौजूद

**दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई ताजपोशी, बधाई देने वालों का लगा तांता**

जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरुआत करने वाले दिवंगत नबीन सिन्हा के बेटे

◀ अमित शाह जब अध्यक्ष बने तो वे 49 साल के थे। नितिन गडकरी 52 साल की उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। वहीं 76 साल के लाल कृष्ण आडवाणी के नाम सबसे अधिक उम्र के भाजपा अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड है

◀ बिहार में नितिन नबीन की छवि साफ-सुथरे और संगठन में बेहतर पकड़ वाले नेता की

◀ नितिन को जब कार्यकारी अध्यक्ष बने तो उनकी उम्र 45 साल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन की ताजपोशी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में की गई।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नितिन नबीन को पटका पहनाकर और गुलदस्ता देकर उनकी ताजपोशी की। वहीं, इसके बाद पार्टी कार्यालय में तमाम भाजपा नेताओं ने नितिन नबीन को पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है। नितिन नबीन का जन्म 23 मई 1980 हो हुआ था। नितिन को जब कार्यकारी अध्यक्ष बने तो उनकी उम्र 45 साल है और भाजपा की उम्र भी इतनी ही है।



वरिष्ठ नेता नबीन को गुलदस्ता देते हुए

नियुक्ति पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया

### एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी का अनुभव है तो दूसरी तरफ युवा अध्यक्ष की ऊर्जा

नितिन नबीन के भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि उन्हें संगठनों और सरकार दोनों में अनुभव है, और वे बहुत ही सरल व्यक्ति हैं, लेकिन साथ ही अविश्वसनीय रूप से मेहनती भी हैं। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नितिन नबीन को बधाई। वे एक विनम्र और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने अपने परिश्रम से जो मुकाम हासिल किया है, उसी वजह से पार्टी ने इस समर्पित कार्यकर्ता को सम्मानित किया है।

भाजपा ने बिहार में भी बदली कमान

### दरभंगा से विधायक संजय सरावगी बनाए गए प्रदेश अध्यक्ष



**पटना।** भाजपा ने सोमवार को बिहार भाजपा के नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर दिया। दरभंगा से विधायक संजय सरावगी को पार्टी ने बिहार की कमान सौंपी है। वह दिलीप जयसवाल की जगह लेंगे। संजय सरावगी दरभंगा शहरी क्षेत्र से लगातार पांच बार से चुनाव जीतते आ रहे हैं।

### दिल्ली पहुंचने पर भव्य स्वागत

इससे पहले दिल्ली में बिहार के मंत्री नितिन नबीन का पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर शानदार स्वागत किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर नितिन नबीन का स्वागत किया था। नितिन नबीन भाजपा के बड़े नेताओं से एक और जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरुआत करने वाले दिवंगत नबीन सिन्हा के बेटे हैं। 23 मई 1980 पटना में नितिन नबीन का जन्म हुआ है। उनकी 12वीं तक की पढ़ाई दिल्ली में हुई। 2005 में पटना पश्चिम सीट से विधायक रहे 55 साल के नबीन सिन्हा का निधन दिल्ली में हो गया था। उस वक्त नितिन महज 26 साल के थे।

### लहार की घटना, दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



एसडीएम की गाड़ी को ऐसे मारी टक्कर

# रेत माफिया का दुस्साहस... भिंड में एसडीएम विजय यादव पर हमला

◀ सरकारी वाहन को मारी टक्कर

◀ बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिंड

जिले में रेत माफिया के हौसले एक बार फिर खुलेआम कानून को चुनौती देते नजर आए। अवैध रेत परिवहन की सूचना पर कार्रवाई के लिए निकले लहार एसडीएम विजय यादव पर रेत माफिया ने हमला कर दिया। एसडीएम के सरकारी वाहन को सीधी टक्कर मार दी, जिससे बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि वाहन में सवार एसडीएम विजय यादव इस हमले में बाल-बाल बच गए।

### घात लगाकर बैठे थे हमलावर

जानकारी के अनुसार लहार एसडीएम विजय यादव को अवैध रेत परिवहन की सूचना मिली थी। वह सरकारी वाहन से मौके पर कार्रवाई के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे रेत माफिया ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्तहो गया।

### विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध मप्र का विजन

# मप्र विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र कल

राज्यपाल करेंगे विधानसभा की सात दशक तक की यात्रा एवं मप्र सरकार के दो वर्ष के कार्यों पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के 69 वीं वर्षगांठ पर 17 दिसंबर बुधवार को एक दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य पुनर्गठन आयोग की अनुशंसा पर 1 नवंबर, 1956 को मध्यप्रदेश राज्य का गठन हुआ था । मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रथम सत्र की अवधि 17 दिसंबर, 1956 से 17 जनवरी, 1957 थी, सत्र की पहली बैठक 17 दिसंबर 1956 को आहूत हुई थी। तब से अब तक 16 विधानसभा गठित हो चुकी हैं।

### प्रदर्शनी में 136 चित्र लगाए गए

इस ऐतिहासिक चित्र प्रदर्शनी में 136 चित्र लगाए गए हैं। इसमें कुछ दुर्लभ चित्र भी सम्मिलित हैं। ये चित्र प्रथम विधानसभा से वर्तमान सोलहवीं विधानसभा के विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों के हैं। यह प्रदर्शनी विशेषकर विद्यार्थियों के साथ साथ विशिष्ट जनों एवं आम नागारिकों के लिए भी खुली रहेगी, वे 18 से 25 दिसंबर के बीच विधानसभा में प्रवेश पत्र बनवा कर प्रदर्शनी देख सकते हैं।



मेडल के साथ भारतीय खिलाड़ी

### हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर रचा इतिहास

# भारत पहली बार स्क्वॉश वर्ल्ड कप चैंपियन बना मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए स्क्वॉश वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय मिक्स्ड टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर इतिहास रच दिया। यह मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में ब्रॉन्ज मेडल रहा था। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने शॉर्ट और फास्ट फॉर्मेट में हिस्सा लिया। भारत ने सेमीफाइनल में मजबूत मानी जाने वाली मिस्र की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से अंत तक बना रहा। भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने की। फाइनल के पहले मुकाबले में जोशना ने हांगकांग की यी ली (वर्ल्ड नंबर-37) को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई।

**पीएम मोदी ने दी बधाई कहा- यह जीत देश के युवाओं में स्क्वॉश की लोकप्रियता बढ़ाएगी**

### चादर चढ़ाने व कव्वाली की अनुमति दी थी

# उज्जैन में दरगाह पर हनुमान चालीसा के पाठ पर विवाद

शिष्यों के साथ पहुंचे थे संत कमेटी ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

शिप्रा नदी किनारे स्थित मौलाना मौज दरगाह परिसर में हनुमान चालीसा पाठ करने का मामला सामने आया है। इसमें एक संत अपने शिष्यों के साथ दरगाह परिसर में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो सामने आने के बाद मौलाना मौज दरगाह कमेटी ने इस पर आपत्ति जताई है। कमेटी का कहना है कि उनसे कव्वाली और चादर चढ़ाने की अनुमति ली गई थी, लेकिन हनुमान चालीसा पाठ की जानकारी नहीं दी गई थी। हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। दरगाह कमेटी के उपाध्यक्ष इरफान अहमद के मुताबिक, तीन दिन पहले हनुमान अष्टमी पर बाबा बम-बम भोले नाम के एक संत ने दरगाह पर चादर चढ़ाने की अनुमति मांगी थी। साथ ही कव्वाली कराने की बात भी कही गई थी। कमेटी ने किसी भी तरह की लिखित शिकायत दर्ज कराने से इनकार किया है।



हनुमान चालीसा पढ़ते हुए

संत बाबा बम-बम भोले के साथ पहुंचे शिष्य कुलदीप ने फोन पर बताया कि चादर चढ़ाने के बाद बाबा बम-बम भोले ने कव्वाली की जगह हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया और सभी लोग उनके साथ पाठ करने लगे।

### मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में आयोजित 101वें तानसेन समारोह का किया वर्चुअली शुभारंभ

मूर्धन्य संगीतज्ञ पं. राजा काले और पं. तरुण भट्टाचार्य तानसेन अलंकरण से हुए विभूषित

# वैदिक काल से शास्त्रीय संगीत हमारे जीवन और संस्कृति का हिस्सा है और सामवेद इसका साक्षी

### साधना परमार्थिक संस्थान समिति मंडलेश्वर एवं रागायन संगीत समिति ग्वालियर को मिला राजा मानसिंह तोमर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में सांस्कृतिक अभ्युदय हो रहा है। आज दुनिया भारत की ओर देख रही है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत शनैः-शनैः अपनी अद्वितीय छाप छोड़ता जा रहा है। राज्य सरकार कला-संस्कृति को संरक्षित करते हुए विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि तानसेन संगीत समारोह प्रदेश का प्रतिष्ठित समारोह है।



सीएम डॉ. यादव ने किया शुभारंभ



### सभी सम्मानित कलाकारों को दी बधाई

तानसेन समारोह के शुभारंभ के साथ राष्ट्रीय तानसेन अलंकरण एवं राजा मानसिंह तोमर सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ। इसमें प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. राजा काले मुंबई को वर्ष 2024 एवं सुविख्यात संतूर वादक पं. तरुण भट्टाचार्य को वर्ष 2025 के तानसेन अलंकरण से विभूषित किया गया। इसी तरह मंडलेश्वर की साधना परमार्थिक संस्थान समिति को वर्ष 2024 एवं ग्वालियर की रागायन संगीत समिति को वर्ष 2025 का राजा मानसिंह तोमर सम्मान से अलंकृत किया गया है।







**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री

*भय नहीं, भ्रम नहीं, पूरा विश्वास, विरासत के साथ विकास*

## डॉ. मोहन यादव का
# अभ्युदय मध्यप्रदेश
## क्विज़

**24 महीने 24 पुरस्कार**

24 लैपटॉप, ई-बाइक्स, ई-स्कूटी | 24 विक्रमादित्य वैदिक घड़ी
मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ Hi-tea

**पुरस्कार वितरण** स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) | 12 जनवरी 2026 - विक्रम सम्वत् 2082, भोपाल

1. नक्सल मुक्त मध्यप्रदेश बनाने में राज्य सरकार संकल्पित है। हाल ही में मध्यप्रदेश के किस जिले में करोड़ों के ईनामी नक्सलियों द्वारा सबसे बड़ा आत्मसमर्पण किया गया।
A. झाबुआ B. बालाघाट
C. मंडला D. बैतूल

2. मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश व महाराष्ट्र की नदियों को जोड़ने भारत में किस मुख्यमंत्री को New Waterman of India आधुनिक भागीरथ के रूप में पहचाना जा रहा है।
A. दिग्विजय सिंह B. शिवराज सिंह चौहान
C. बाबूलाल गौर D. डॉ. मोहन यादव

3. मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने सरकार लगातार सक्रिय है। जीआईएस 2025 में कितने करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।
A. ₹20.15 लाख करोड़ B. ₹30.77 लाख करोड़
C. ₹50.30 लाख करोड़ D. ₹60.25 लाख करोड़

4. विगत दो वर्षों में कितने नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है?
A. 6 मेडिकल कॉलेज B. 12 मेडिकल कॉलेज
C. 15 मेडिकल कॉलेज D. 20 मेडिकल कॉलेज

5. भारत सरकार ने रातापानी (मध्यप्रदेश) को भारत का 57वां टाइगर रिजर्व घोषित किया। रातापानी मध्यप्रदेश का कौन सा टाइगर रिजर्व बना और कब।
A. 5वां, 2 दिसंबर 2022 B. 6वां, 2 दिसंबर 2023
C. 7वां, 2 दिसंबर 2024 D. 8वां, 2 दिसंबर 2024

6. मध्यप्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री किस धार्मिक शहर से आते हैं?
A. महेश्वर B. उज्जैन
C. जबलपुर D. बुरहानपुर

7. विश्व का 5500 वर्ष पुराना धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक उत्सव अलौकिक सिंहस्थ किस वर्ष में और कहाँ आयोजित होगा।
A. उज्जैन, 2028 B. प्रयागराज, 2029
C. नासिक, 2027 D. हरिद्वार, 2033

8. महिला सशक्तीकरण अंतर्गत लाड़ली बहना योजना में प्रति माह कितनी आर्थिक सहायता दी जाती है?
A. ₹1000 B. ₹1500
C. ₹2000 D. ₹3000

9. माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय कालगणना की पुनर्स्थापना स्वरुप किस शहर में दुनिया की पहली वैदिक घड़ी की स्थापना की और उसका क्या नाम है?
A. भोपाल, राजा भोज वैदिक घड़ी B. नर्मदापुरम, भारतीय वैदिक घड़ी
C. उज्जैन, विक्रमादित्य वैदिक घड़ी
D. जबलपुर, भारत का समय वैदिक घड़ी

10. मध्यप्रदेश में 230 विधानसभा क्षेत्र में गीता भवन स्थापित किये जाने की घोषणा की गयी है। राज्य का पहला गीता भवन कहाँ और कब स्थापित किया गया।
A. भोपाल, 11 दिसंबर 2024 B. उज्जैन, 11 दिसंबर 2024
C. इंदौर, 1 दिसंबर 2025 D. जबलपुर, 1 दिसंबर 2025

11. डीजे और लाउडस्पीकर नियंत्रण के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का किस राजनेता ने सख्ती से पालन कराया।
A. डॉ. मोहन यादव B. शिवराज सिंह चौहान
C. दिग्विजय सिंह D. कमलनाथ

12. नगर निकायों के डिजिटलाइजेशन से नागरिकों को क्या लाभ मिला?
A. योजनाओं की जानकारी की सुलभता
B. नागरिक सेवाओं में बढ़ोतरी
C. नियमों के प्रति विश्वनीयता
D. उपरोक्त सभी

13. पर्यटन बढ़ाने के लिए किस प्रकार की सेवा शुरु की गई? और उसका मार्ग क्या है?
A. जल पर्यटन, जबलपुर–अमरकंटक
B. हेली–पर्यटन, उज्जैन–ओंकारेश्वर
C. रेल पर्यटन, ग्वालियर–दतिया
D. बस पर्यटन, भोपाल–विदिशा

14. धार्मिक परंपरा, ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण किस परियोजना का उद्देश्य है?
A. राम वन गमन पथ B. नर्मदा बैंक
C. मालवा विकास परियोजना D. शिक्षा प्रगति योजना

15. रामवन पथ गमन के अलावा और कौन सा मार्ग मध्यप्रदेश में बन रहा है।
A. सीता पाथेय B. जामवंत पाथेय
C. श्रीकृष्ण पाथेय D. लक्ष्मण-भरत पाथेय

16. विश्व कप विजेता टीम की किस महिला क्रिकेटर को मध्यप्रदेश सरकार ने एक करोड़ की राशि देकर सम्मानित किया।
A. क्रांति गौड़ B. दीप्ति शर्मा
C. हरमनप्रीत कौर D. स्मृति मंधाना

17. श्रीरामराजा लोक मध्यप्रदेश के किस शहर में बनाया जा रहा है।
A. ओरछा B. दतिया
C. छतरपुर D. टीकमगढ़

18. मध्यप्रदेश में पीएम मित्र पार्क किस जिले में है।
A. पन्ना B. धार
C. निवाड़ी D. शाजापुर

19. दूध उत्पादन से संबंधित मध्यप्रदेश सरकार की बाबा साहब अंबेडकर योजना का नाम क्या है।
A. बाबा साहब अंबेडकर गौपालन योजना
B. बाबा साहब अंबेडकर गौ-सेवा योजना
C. बाबा साहब अंबेडकर पशु-पालन योजना
D. बाबा साहब अंबेडकर कामधेनु योजना

20. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सिंचित क्षेत्र बढ़ाने के लिए किस पर जोर दिया गया?
A. कुआँ–भण्डारण B. नदी जोड़ो
C. वर्षा जल संग्रहण D. उपरोक्त सभी

21. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया सरल करने के उद्देश्य से वर्ष 2024 में संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर की स्थापना की गयी। इस सॉफ्टवेयर के सफल क्रियान्वयन पर भारत सरकार द्वारा कौनसा पुरस्कार दिया गया।
A. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस स्वर्ण पुरस्कार
B. ई-गवर्नेंस पुरस्कार
C. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मान
D. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवार्ड

22. "नगर सेवा डिजिटल अवार्ड" किस क्षेत्र में मिलता है?
A. खेल B. स्वच्छता
C. ई–गवर्नेंस D. पुलिस सेवा

23. किस नारे को विकास अभियान से जोड़ा गया?
A. भविष्य हमारा B. विरासत से विकास
C. स्वच्छ भारत D. भारत जोड़ो

24. मध्यप्रदेश में सिंचित खेती का बड़ा भाग किस फसल से जुड़ा है?
A. गेहूँ B. सोयाबीन
C. कपास D. बाजरा

25. बच्चों की सुरक्षा और उनके संरक्षण के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने किस योजना को लागू किया है।
A. ऑपरेशन मुस्कान B. बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ
C. युवा शक्ति मिशन D. उपरोक्त सभी

26. श्रीमद्भगवद्गीता का उपदेश किसने दिया है?
A. गौतम बुद्ध B. महावीर
C. श्रीकृष्ण D. श्रीराम

27. मध्यप्रदेश में कृषि वृद्धि का मुख्य आधार क्या माना गया?
A. सिंचाई B. वर्षा
C. व्यापार D. आयात

28. मध्यप्रदेश की पहली नदी-परियोजना के रूप में किस योजना की शुरुआत की गई?
A. नर्मदा–गंभीर लिंक परियोजना
B. बेतवा–केन लिंक परियोजना
C. नर्मदा–काली सिंद लिंक
D. शिप्रा–गंभीर परियोजना

29. भगवान कृष्ण ने किस धार्मिक नगर में शिक्षा ग्रहण की थी?
A. द्वारका B. बनारस
C. मथुरा D. उज्जैन

30. मध्यप्रदेश में रीज़नल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य क्या है?
A. धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना
B. कृषि उत्पादन बढ़ाना
C. स्थानीय उद्योग व निवेश और रोजगार को बढ़ाना
D. वन संरक्षण को मजबूत करना

31. मध्यप्रदेश में जनजातीय देवलोक कहाँ स्थापित किया जा रहा है।
A. खंडवा B. बैतूल
C. झाबुआ D. बालाघाट

32. गंभीर मरीजों, सड़क हादसों, औद्योगिक दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं में फंसे लोगों को हवाई माध्यम से अस्पताल पहुँचाने के लिए किस योजना की शुरुआत की गयी।
A. पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा B. हेली पर्यटन सेवा
C. तीर्थ दर्शन यात्रा D. उपरोक्त में कोई नहीं

33. नदियों, तालाबों, जलसंरचनाओं एवं जलीय जीवों के संरक्षण पर केन्द्रित जल गंगा संवर्धन अभियान किस मुख्यमंत्री के कार्यकाल में शुरु हुआ।
A. दिग्विजय सिंह B. शिवराज सिंह चौहान
C. डॉ. मोहन यादव D. कमलनाथ

**क्विज में भाग लेने के लिए QR कोड स्कैन करें**

वीर भारत न्यास

सहभागिता
कृषि उद्योग विकास परिषद्
AGRI INDUSTRIES VIKAS CHAMBER

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित

D-11162/25

जबलपुर
मंगलवार, 16 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष -12
वर्ष : 20, अंक : 227
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 23
न्यून. 09

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काशी विश्वनाथ मंदिर में किए दर्शन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाराणसी प्रवास के दौरान सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजन किया। उन्होंने काल भैरव मंदिर पहुंचकर भी पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व रविवार की रात्रि वाराणसी पहुंचने पर मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया।

भोपाल में एक दिन के अंतराल से शीतलहर लौटी, रात का पारा 1.2 डिग्री गिरकर 5.8 डिग्री, यह प्रदेश में तीसरा सबसे ठंडा शहर दर्ज

# प्रदेश में पहले कोहरे का गदर.. तीन जिलों में विजिबिलिटी जीरो भोपाल में 500 मीटर तक पहुंची, तीन दिन अति घना 'कोहरा'



विदिशा में घने कोहरे के बीच गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की हवाओं में सुबह के समय नमी बढ़ने के साथ ही कोहरे का असर बढ़ गया है। सोमवार को लगातार दूसरे दिन कई जिलों में अति घने से घना कोहरा रहा।

तीन जिलों में सुबह 8:30 बजे तक विजिबिलिटी 50 मीटर या इससे कम यानि जीरो पर पहुंच गई। जबकि भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में दृश्यता 300 से 500 मीटर रही है। इनमें ग्वालियर, दतिया, सीधी, शहडोल और पचमढ़ी आदि जिले शामिल हैं।

**7 जिले 7 डिग्री के करीब, खजुराहो, रीवा और सतना में दृश्यता 50 मीटर से कम, जीरो विजिबिलिटी दर्ज**

#### आज यहां अति घना कोहरा

मंगलवार को ग्वालियर, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, सतना, छतरपुर में अति घना कोहरा रहेगा। यहां दृश्यता शून्य तक रह सकती है। दतिया, मऊगंज, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में अधिकांश जगह घना कोहरा छाएगा। वहीं, भोपाल, विदिशा, शिवपुरी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर में कुछ जगह मध्यम से घना कोहरा रहेगा।

#### गुरुवार को यहां अति घना कोहरा छाएगा

ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, शहडोल, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में विजिबिलिटी शून्य यानि 50 मीटर तक या इससे कम रह सकती है।

## खबर संक्षेप

### नए साल में रामलला के दर्शन, होटल फुल

**अयोध्या।** राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह के बाद से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। रोजाना एक लाख से अधिक श्रद्धालु रामलला के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। अब नववर्ष में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसकी पुष्टि इस बात से हो रही है कि 31 दिसंबर से दो जनवरी के लिए अधिकांश होटलों के 75 फीसदी कमरे बुक हो चुके हैं। भक्त साल के पहले दिन प्रभु के दर्शन करेंगे।



### नर्मदा में नाव डूबी 8 श्रद्धालु सुरक्षित

**ओंकारेश्वर।** विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया। ओंकारेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मपुरी घाट पर नर्मदा नदी में एक नाव असंतुलित होकर डूब गई। नाव में बच्चे, महिला एवं पुरुष सहित कुल आठ श्रद्धालु सवार थे। गनीमत रही कि समय रहते एनडीआरएफ, स्थानीय नाविकों और पुलिस की तत्परता से सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।



### राष्ट्रपति मुर्मू आज से 3 राज्यों की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार से 22 दिसंबर तक कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना की यात्रा पर रहेंगी। मंगलवार को मुर्मू कर्नाटक के मांड्या जिले के मालवल्ली में आदि जगद्गुरु श्री शिवरात्रीश्वर शिवयोगी महास्वामीजी के 1066वें जयंती समारोह का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति मूर्मू 17 दिसंबर को तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित गोल्डन टेंपल में दर्शन और आरती में शामिल होंगी।



अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह आएगा **विकसित भारत 'जी राम जी' बिल**

# प्रियंका-क्यों हटा रहे गांधी जी का नाम, केंद्र बोला बदलाव 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य के तहत

*मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि बीते वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े सामाजिक-आर्थिक बदलाव हुए हैं। व्यापक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार और सरकार की प्रमुख योजनाओं के संतृप्ति-आधारित क्रियान्वयन के चलते ग्रामीण परिदृश्य में बदलाव आया है, जिसके अनुरूप रोजगार से जुड़ा नया और सशक्त ढांचा आवश्यक हो गया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने सरकार को मनरेगा का नाम बदलने को लेकर घेरा है। केरल से सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार से तीखे सवाल पूछे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर मनरेगा का नाम बदलने संबंधी विधेयक पारित कराते समय सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है।

सरकार का तर्क है कि यह बदलाव विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के पीछे सरकार की नीयत क्या है? तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी सरकार से सवाल पूछा है। प्रियंका ने संसद परिसर में पत्रकारों के एक सवाल पर कहा कि जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी आदि में बड़े पैमाने पर बदलाव करने पड़ते हैं। ऐसी गतिविधियों पर सरकार का बहुत पैसे खर्च करती है। उन्होंने सवाल किया कि नाम बदलने का फायदा क्या है? यह सब क्यों किया जा रहा है? महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है?

नए विधेयक का नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी) विधेयक, 2025



प्रियंका गांधी



शिवराज सिंह चौहान

***प्रत्येक वित्त वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी***

***विपक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार फंड में भी कटौती कर रही, जिम्मेदारी राज्यों पर डाली जा रही है***

#### राज्यों को 6 महीने के भीतर योजना प्रभावी बनानी होगी

केंद्र प्रायोजित इस योजना के तहत प्रत्येक राज्य सरकार को कानून लागू होने की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर विधेयक के तहत प्रस्तावित गारंटी को प्रभावी बनाने के लिए योजना बनानी होगी। सरकार प्रत्येक राज्य के लिए कुछ मापदंडों के आधार पर अनुमानित आवंटन करेगी। स्वीकृत राशि से अधिक खर्च की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की होगी।

### 2005 का मनरेगा कानून समाप्त हो जाएगा

ग्रामीण रोजगार से जुड़े कानून में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया गया है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 को निरस्त कर उसकी जगह नया कानून लाने से संबंधित विधेयक लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस नए विधेयक का नाम विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी) विधेयक, 2025 है। विधेयक के अनुसार इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का एक नया ढांचा तैयार करना है।

#### विकसित भारत 'जी राम जी' योजना, क्या बदलाव होंगे?

सरकार ने इस योजना के ढांचे में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नई योजना के तहत गारंटीयुक्त काम के दिनों की संख्या संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन करने का प्रस्ताव है। नई योजना के प्रस्ताव में काम पूरा होने के 7 से 15 दिनों के भीतर मजदूरी का भुगतान अनिवार्य होगा। देरी होने पर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। प्रस्ताव के अनुसार कार्यों को चार प्रमुख वर्गों में बांटा जाएगा- जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका अवसंरचना और आपदा प्रबंधन।

दिग्विजय ने कहा-शाह कभी संघ में नहीं रहे

# मेघवाल बोले जो एक बार शाखा में ध्वज प्रणाम कर ले, वह संघ का सदस्य

***दिग्विजय ने मित्रों की जानकारी का हवाला दिया***



दिग्विजय सिंह



अर्जुन राम मेघवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला। दिग्विजय ने कहा- मेरे भी कई मित्र आरएसएस में हैं। मैंने पता लगाया और उनसे जानकारी ली। पूछा- अमित शाह कभी आरएसएस में रहे या नहीं? सब ने कहा कि कभी आरएसएस में रहे ही नहीं। प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम गर्व से कहते हैं कि संघ के प्रचारक रहे हैं और उन्होंने खुद के लिए कहा कि वह भी 10 साल की उम्र से शाखाओं में जाते थे।

#### कानून मंत्री ने किया पलटवार

दिग्विजय की बात का जवाब देते हुए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि अमित शाह ने संसद में कहा था कि मैं 21 साल की उम्र से नारा लगाता रहा हूं कि देश की गलियां सूनी हैं, इंदिरा गांधी खूनी हैं। संघ की जहां तक बात है तो जो व्यक्ति एक बार शाखा में ध्वज प्रणाम कर लेता है, वो संघ का सदस्य होता है। उन्होंने (अमित शाह) यही कहा।

विधायक कालूखेड़ा की सरकार को चेतावनी

## उज्जैन में लैंड पूलिंग एक्ट को निरस्त करने की उठाई मांग

**26 को किसान संघ का आंदोलन**



अनिल कालूखेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल कालूखेड़ा ने लैंड पूलिंग एक्ट को निरस्त करने की मांग की। उज्जैन में मप्र शासन द्वारा सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए लैंडपूलिंग योजना लाई गई है। इसके विरोध में विधायक अनिल कालूखेड़ा ने कहा कि इस योजना का समर्थन मैंने विधानसभा और विधानसभा के बाहर किया है। लेकिन 17 नवंबर 2025 को भोपाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई थी। बैठक निर्णय लिया गया कि लैंडपूलिंग योजना वापस ली जाती है।

सागर में वारदात के विरोध में चक्काजाम

## बदमाशों ने गल्ला व्यापारी के मुनीम से 15 लाख लूटे

**आंखों में मिर्ची डाली और डंडे से हमला कर छीन लिया बैग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

मोतीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर स्थित कृषि उपज मंडी के पास गल्ला व्यापारी के मुनीम के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।

बदमाशों ने मुनीम की आंखों में मिर्ची पाउडर मारा और डंडे से हमला कर रुपयों से भरा बैग छीनकर भाग गए। वारदात देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पीछाकर एक बदमाश को पकड़ लिया। जिसे पुलिस के हवाले कर दिया है। बैग में 15 लाख से अधिक पैसे होने की बात कही जा रही है।



लूट के बाद व्यापारियों में आक्रोश

मुंबई-आगरा फोरलेन की घटना

## केमिकल से भरे एक ट्रक में लगी आग पीछे खड़ा दूसरा ट्रक भी चपेट में आया

***एक किमी दूर तक दिखा धुआं, दमकल ने एक घंटे में आग पर पाया काबू***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महू

इंदौर के पास मानपुर क्षेत्र में मुंबई-आगरा फोरलेन पर सोमवार सुबह दो ट्रकों में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार करीब एक किमी दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे फोरलेन पर लंबा जाम लग गया और दोनों ओर से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



हादसे में जलते ट्रक का दृश्य

इंदौर में दुकानदार से हुआ था बदमाशों का विवाद

## पेट्रोल बम फेंक कर दुकानदार को जिंदा जलाने की कोशिश

**दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

कनाड़िया क्षेत्र में शराब दुकान के पास एक अन्य दुकान पर बदमाशों ने पेट्रोल बम फेंक कर दुकानदार को जिंदा जलाने की कोशिश की। दुकान में बैठा युवक तो बच गया, लेकिन दुकान जल गई। दुकानदार दीपक चौरसिया ने इस मामले में दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार दीपक अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। दुकान के बाहर परदेशीपुरा निवासी करण यादव व उसका साथी आया। उसने दीपक को बाहर आने के लिए कहा, दीपक दुकान के अंदर ही बैठा रहा। इस बीच आरोपी ने अपने साथ लाए पेट्रोल बम में आग लगाई और दुकान में फेंक दिया। दीपक बचकर बाहर निकला, लेकिन दुकान में आग लग गई।



आरोपी करण पहले शराब दुकान में काम करता था और उसका दीपक से पहले भी झगड़ा हो चुका है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। दो महीने पहले भी आरोपी करण ने ब्लेड से हमला किया था और दुकान को आग लगाने की कोशिश की थी। इन घटनाओं को लेकर पीड़ित द्वारा थाने में दो लिखित शिकायतें पहले ही दर्ज कराई जा चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके कारण आरोपी के हौसले बढ़ते गए और उसने अब इतना खतरनाक हमला किया।

अग्रणी संत व पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का 67 साल की उम्र में रीवा में निधन

## श्री राम मंदिर आंदोलन की धुरी, 12 साल की उम्र में रामविलास वेदांती ने छोड़ दिया था घर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा/ अयोध्या

अयोध्या में श्री राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हो गया है। रीवा में एक कथा महोत्सव के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया। 67 वर्षीय रामविलास दास वेदांती का मंदिर आंदोलन में अहम योगदान रहा है।

***आज सुबह 10:00 बजे उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी***

#### देश भर में राम मंदिर को लेकर अलख जगाई

डॉ. रामविलास वेदांती का जन्म 7 अक्टूबर 1958 को मध्य प्रदेश के रीवा में हुआ था। उन्होंने 12 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था। वह अपना घर-परिवार छोड़कर राम नगरी अयोध्या आ गए। अयोध्या में हनुमानगढ़ी के महंत अभिराम दास के शिष्य बन गए थे। संस्कृत के प्रकांड विद्वान माने जाने वाले वेदांती सरयू किनारे स्थित हिंदू धाम पर रहते थे, उनका खुद का वशिष्ठ भवन एक आश्रम भी है।



कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों समेत आला अफसर रहे मौजूद

# इंदौर मेट्रोपोलिटन से भविष्य की योजना होगी साकार, मुख्यमंत्री इंदौर में बोले-पांच साल के अंदर विकास परक बजट किया जाएगा डबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर का अपना एक रोल है। इंदौर में मेट्रोपोलिटन का नक्शा बनाया गया है, जो भविष्य की योजना को साकार करेगा। आज जो मेट्रोपॉलिटन का नक्शा बना है, वह 14 हजार किमी है। इंदौर से लेकर रतलाम और रतलाम से लेकर शाजापुर तक सराउंडिंग क्षेत्र में यह मेट्रोपोलिटन का नक्शा इंदौर-भोपाल के साथ क्लीन सिटी के रूप में जुड़ाव करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य की दृष्टि से महानगर की श्रेणी में इंदौर का जो क्षेत्र बनेगा उसी आधार पर भविष्य की इमारतें खड़ी होंगी और निर्माण का अगला पड़ाव तय होगा। मुख्यमंत्री रविवार को इंदौर में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्पमित्र भार्गव, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त संतोष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा उपस्थित रहे।

*भविष्य की दृष्टि से महानगर की श्रेणी में इंदौर का जो क्षेत्र बनेगा उसी आधार पर भविष्य की इमारतें खड़ी होंगी और अगला पड़ाव तय होगा*



उद्बोधन देते सीएम।

### मेट्रो ट्रेन को भूमिगत भी चलाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रो ट्रेन को भूमिगत भी चलाया जाएगा। इस कार्य में जो राशि लगेगी सरकार देगी। शहर की खूबसूरती को ख़त्म नहीं होने देंगे। एलिवेटेड रोड भी बनेगा, एलिवेटेड रोड से जनता को जहां सुविधा होगी वहां उन्हें रास्ते भी देंगे। उन्होंने कहा कि पांच साल के अंदर विकास परक बजट डबल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी नए अवसर तलाशने और बेहतर तकनीक से जुड़ने की आवश्यकता है। ड्रोन टेक्नोलॉजी से लेकर सेमी कंडक्टर तक, आईटी से लेकर हेल्थ तक, इंफ्रास्ट्रक्चर से वेलनेस और टूरिज्म तक, हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की तैयारियां जारी है। मध्यप्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने में शासन पीछे नहीं रहेगा।

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की मुलाकात

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की जयंती पर ग्वालियर आने का दिया आमंत्रण



केन्द्रीय मंत्री शाह एवं सीएम डॉ यादव चर्चा करते हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर मुलाकात कर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर ग्वालियर में आयोजित कल्याणकारी कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने आमंत्रण स्वीकार किया और आगामी 25 दिसंबर को ग्वालियर आने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी मध्यप्रदेश का गौरव थे, उनके द्वारा किए गए कार्यों और अद्वितीय योगदान को कोई भूला नहीं सकता। वे सदा अमर रहेंगे। स्व. वाजपेयी की 101वीं जयंती पर ग्वालियर में उनकी याद में राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### देह व्यापार मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**सरगुजा।** जिले के अंबिकापुर शहर में आकाशवाणी चौक के पास एक घर में पति पत्नी की मिलीभगत से देह व्यापार का संचालन किया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने 10 नवंबर को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि उसका पति, एक युवती और एक युवक फरार थे। पुलिस ने बीते शनिवार को कार्रवाई करते हुए फरार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि युवती ग्राहकों की तलाश करती थी, जबकि युवक लड़कियों को ग्राहकों तक पहुंचाता था। पुलिस ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बता दें कि 10 नवंबर को महिला थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आकाशवाणी चौक के पास एक घर में अनैतिक देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारकर एक महिला को मौके से गिरफ्तार किया था।

### कॉलेज स्टूडेंट ले सकेंगे फ्री में मूड इंडिगो का मजा

**जगदलपुर।** आईआईटी मुंबई में 16 से 18 दिसंबर तक मूड इंडिगो का आयोजन होने जा रहा है। यह फेस्ट हर कॉलेज स्टूडेंट के लिए बिल्कुल मुफ्त है, फिर चाहे वह भारत का हो या बाहर का। 1971 में छोटी सी शुरुआत से आज मूड इंडिगो एशिया का सबसे बड़ा कॉलेज कल्चरल फेस्ट बन चुका है। हर साल यहां देश-विदेश के बड़े कलाकार आते हैं और स्टूडेंट्स को लाइव एंटरटेनमेंट के साथ बेहतरीन अनुभव देते हैं। इस बार सोनू निगम अपनी भावनात्मक और नॉस्टैल्जिक परफॉर्मेंस से दिल जीतेंगे, वहीं इंटरनेशनल इंडी-पॉप स्टार ध्रुव एक ग्लोबल फील जोड़ेंगे। बिस्मिल सूफी संगीत की गहराई लेकर आएँगे और बेल्जियम के ईडीएम कलाकार रोमियो ब्लैंको अपनी हाई-ऑक्टेन नाइट से माहौल जगमगा देंगे। फिल्मी दुनिया से रकुल प्रीत सिंह, पुलकित सम्राट, कविता सेठ, अर्चना पूरन सिंह, विक्की कौशल और जयदीप अहलावत भी फेस्ट में चार चांद लगाएंगे। कॉमेडी की कमान राहुल सुब्रमण्यन संभालेंगे।

मुख्यमंत्री ने इंदौर में नवीन एमवाय अस्पताल भवन के निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

# एमवाय में 773.07 करोड़ रुपए से निर्मित होगा 1450 बिस्तरीय नया अस्पताल भवन



सीएम डॉ यादव का उद्बोधन एवं मौजूद आम जनता।



मप्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रही है लगातार वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश और प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में पिछले 11 वर्षों से लगातार वृद्धि हो रही है। मप्र में नए-नए मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज कॉलेज खोले जा रहे हैं। प्रदेश सरकार नागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए दिन-रात प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी सुधार आया है। मुख्यमंत्री ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को नए अस्पताल भवन के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में 773.07 करोड रुपए लागत से निर्मित होने वाले 1450 बिस्तरीय अस्पताल के नवीन भवन निर्माण कार्य के भूमि पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी मौजूद थे।

### एमवाय अस्पताल की भी मध्यप्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि जिस तरह इंदौर शहर हमारे प्रदेश का गौरव है, उसी तरह इंदौर के एमवाय अस्पताल की भी मप्र में अपनी विशिष्ट पहचान है। उन्होंने कहा कि इंदौर में 1450 बिस्तरीय अस्पताल बन जाने से न केवल मप्र, बल्कि हमारे पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती जिलों के मरीजों को भी यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इंदौर के एमवाय अस्पताल में बोनमेरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते सीएम।

### नए अस्पताल भवन में मेडिसिन वार्ड में कुल 330 बिस्तर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग को मिलाकर इस विभाग को और सशक्त बनाया गया है। मप्र भवन विकास निगम की ओर से निर्मित किए जाने वाले नए अस्पताल भवन में मेडिसिन वार्ड में कुल 330 बिस्तर, सर्जरी विभाग में 330 बिस्तर, ऑर्थोपेडिक्स विभाग में 180 बिस्तर, शिशु रोग सर्जरी विभाग में 60, शिशु रोग वार्ड में 100, न्यूरो सर्जरी में 60, नाक कान गला विभाग में कुल 30, दंत रोग विभाग में 20, त्वचा रोग विभाग में कुल 20, मातृ एवं शिशु वार्ड में 100, नेत्र वार्ड में 80 तथा इमरजेंसी मेडिसिन वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए 180 बिस्तरीय सुविधा उपलब्ध रहेगी। नए अस्पताल भवन में कुल 1450 बिस्तरीय वार्डों के निर्माण पर कुल 528 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इसके अलावा 550 बिस्तरीय नर्सिंग हॉस्टल के निर्माण पर 21.37 करोड़ रुपए, 250 सीटर मिनी ऑडिटोरियम के निर्माण पर 1.60 करोड रुपए व्यय किए जाएंगे।

इसके अलावा सार्वजनिक पार्किंग के निर्माण पर 31.50 करोड़ रुपए, विद्युतीकरण, बाउंड्रीवॉल एवं सोलर पैनल स्थापना पर 25.53 करोड रुपए तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, प्लंबिंग एवं वाटर सप्लाई संबंधी कार्यों कार्य पर लगभग 10 करोड़ रुपए लागत आएगी। इसे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने किया। स्वागत विधायक गोलू शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक मालिनी गौड़, विधायक महेंद्र हार्डिया, विधायक मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी मौजूद थे।

हालत खतरे से बाहर, सुरक्षा बलों का अभियान जारी

# नक्सलियों की करतूत, आईईडी विस्फोट में दो जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



छत्तीसगढ़ में एंटी नक्सल अभियान चल रहा है। जिला बीजापुर के थाना फरसेगढ़ क्षेत्र अंतर्गत डीआरजी, एसटीएफ एवं कोबरा बल की संयुक्त टीम पिल्लूर-कांडलापरती क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से कोबरा बल के दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं।

घायल दोनों जवानों को बेहतर उपचार हेतु रायपुर रेफर किया गया है। वर्तमान में दोनों जवान खतरे से बाहर हैं तथा उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला बीजापुर के थाना फरसेगढ़ क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ एवं कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान, जैसे ही टीम पिल्लूर-कांडलापरती क्षेत्र में पहुंची, एक शक्तिशाली आईईडी विस्फोट हुआ। इस विस्फोट की चपेट में आने से कोबरा बटालियन के दो जवान मामूली रूप से घायल हो गए। विस्फोट के तुरंत बाद, घायल जवानों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया। बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए दोनों को रायपुर रेफर कर दिया गया है। वर्तमान में, दोनों जवानों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और वे खतरे से बाहर हैं।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को सांसद ने दी बधाई

# संगठनात्मक कौशल, पार्टी के प्रति निष्ठा का परिणाम यह जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के साथ, नितिन नबीन अब पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेंगे, जो बिहार की राजनीति के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भी भाजपा की रणनीतिक मजबूती का संकेत माना जा रहा है। ऐसे में उनका नाम छत्तीसगढ़ से भी जोड़ा।

भाजपा में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्ति हुई है, जिसमें बिहार सरकार में मंत्री और छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, रायपुर से सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने नितिन नबीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नबीन की नियुक्ति को उनके उत्कृष्ट संगठनात्मक कौशल, गहन प्रशासनिक अनुभव और पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि नबीन ने संगठन और सरकार दोनों ही स्तरों पर प्रशंसनीय कार्य किया है, जिससे कार्यकर्ताओं के बीच विश्वास और ऊर्जा का संचार हुआ है। अग्रवाल ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नितिन नबीन का यह दायित्व उनके अथक परिश्रम और पार्टी के प्रति समर्पण का फल है। उन्होंने हमेशा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है और पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कवर्ड कैंपस कार्य के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ

आरएसएस की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

# नियमित संपर्क, सामाजिक समरसता और सेवा गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रभाव को किया जा सकता है बेहद मजबूतः सह सरकार्यवाह मुकुंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भोपाल विभाग की ओर से रविवार को कवर्ड कैंपस कार्य के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनआईटीटीटीआर में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य कवर्ड कैंपस में संघ कार्य को और अधिक सशक्त बनाना तथा कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता के साथ समाज परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंद मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने जनशक्ति एवं मातृशक्ति से आत्मीय संवाद किया। कार्यक्रम में मध्यभारत प्रांत के सह संघचालक डॉ. राजेश सेठी जी, भोपाल विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर सहित विभाग के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और कवर्ड कैंपस में सक्रिय स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

### राष्ट्रभाव को मजबूत किया जा रहा है

संवाद के दौरान उपस्थित जनशक्ति ने अपने-अपने कवर्ड कैंपस में चल रहे संघ कार्य, उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में अनुभव साझा किए। स्वयंसेवकों ने बताया कि किस प्रकार नियमित संपर्क, सामाजिक समरसता और सेवा गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रभाव को मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर मुकुंद ने कहा कि आदर्श कवर्ड कैंपस निर्माण के लिए आवश्यक है कि रहवासी स्वयं चिंतन करें, टोली बनाकर सामूहिक रूप से कार्य की योजना तैयार करें और उसे निरंतरता के साथ स्थापित करें।

### व्यक्ति के निर्माण से ही संभव है समाज का परिवर्तनः

सह सरकार्यवाह मुकुंद ने कहा कि संघ कार्य की दृष्टि से कवर्ड कैंपस अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहाँ कार्य करने वाले लोग स्वभाव से ही राष्ट्रीय विचारधारा से प्रेरित होते हैं और अपने आचरण तथा संपर्क के माध्यम से व्यक्ति और समाज में राष्ट्रभाव जागृत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यक्ति निर्माण से ही समाज परिवर्तन संभव है और यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल उद्देश्य है। उन्होंने ने कहा कि संघ ने अपने 100 वर्षों के कार्यकाल में इसी ध्येय मंत्र को केंद्र में रखकर कार्य किया है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज समाज में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज पर केवल सैन्य आक्रमण ही नहीं हुए, बल्कि समय-समय पर आर्थिक और वैचारिक आक्रमण भी होते रहे हैं। ऐसे में समाज को सजग, संगठित और आत्मनिर्भर बनाना आज की आवश्यकता है।

वन विभाग की टीम कर रही नुकसान का आंकलन

# हाथी ने पांच ग्रामीणों के मकान को किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले आमगांव बीट में विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी ने बीती रात दर्रीडीह और खलबोरा साधुलाल बिरहोर के मकान को तोडकर चावल खाया और मानकी बिरहोर के दीवार को तोड़ा है। ठीक इसी तरह रैरूमा में 20 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिसमें से एक हाथी बीती रात प्रकाश कुजूर के कच्चे मकान के अलावा लुकस एक्का के भी कच्चा मकान को तोड़ा है, साथ ही चरण साय खलखो के दरवाजे को हाथी ने तोड़ दिया। वहीं एक किसान के रहड़ की फसल को नुकसान पहुंचाया।

## हवाला लूट कांड के सह आरोपी पंजु गिरी गोस्वामी को जमानत

**मामले की मुख्य आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे की जमानत पहले ही निरस्त हो चुकी है**

हरिभूमि जबलपुर।

कटनी से जालना, नागपुर जा रही कार से हवाला के 2.96 करोड़ रूपये लूटने के मामले में एक सह आरोपी पंजु गिरी गोस्वामी को हाईकोर्ट ने जमानत प्रदान कर दी। वहीं एक अन्य आरोपी वीरेन्द्र दीक्षित ने जमानत अर्जी वापस ले ली। मामले की मुख्य आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे की जमानत पहले ही निरस्त हो चुकी है।

जबलपुर निवासी पंजु गिरी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त ने दलील दी कि आवेदक ने ही सबसे पहले कार में पैसा होने की सूचना एक आरक्षक को दी थी। आरक्षक ने वह सूचना सीएसपी जबलपुर को दी थी। बाद में आवेदक ने बालाघाट में पदस्थ पुलिस अधिकारी को सूचना दी, जिसने वह सूचना पूजा पांडे को दी। आवेदक को उक्त हवाला कांड से कोई लेनादेना नहीं है। सूचना देने वाले को ही पुलिस ने आरोपी बना दिया। वहीं शासन की ओर से जमानत का विरोध किया गया। दलील दी गई कि वह साजिश में शामिल है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि आवेदक का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। वहीं मामले में शामिल एक अन्य आरोपी वीरेन्द्र दीक्षित ने यह कहते हुए जमानत आवेदन वापस ले लिया कि चार्जशीट दाखिल होने के बाद पुनः अर्जी दायर करेगा।



### ये है मामला

उल्लेखनीय है कि विगत आठ व नौ अक्टूबर की रात को सिवनी पुलिस ने एक कार को रोका था। जिसमें करीब तीन करोड़ रुपये हवाला की रकम थी। उक्त मामले को रफा दफा करने एसडीओपी पूजा पांडे व उनकी टीम ने आरोपियों से साठगांठ की थी। इतना ही नहीं बड़ी राशि रिश्वत के तौर पर प्राप्त की थी। उक्त मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने एसडीओपी पूजा पांडे सहित 11 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अपहरण, लूट व अपराधिक साजिश के तहत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें निलंबित कर गिरफ्तार किया गया था।

## हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के आरोप पर विधायक संजय पाठक ने जवाब के लिए मांगी मोहलत

**जबलपुर।** हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के आरोप पर हाईकोर्ट ने 31 अक्टूबर को कटनी विधायक संजय पाठक को नोटिस जारी किया था। मामले पर सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि विधायक को नोटिस तामील हो गया है। विधायक की ओर से जवाब पेश करने मोहलत मांगी गई। जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस रामकुमार चौबे की खंडपीठ ने दो सप्ताह की मोलहत देते हुए मामले पर अगली सुनवाई 5 जनवरी को नियत की है। पिछली सुनवाई के दौरान अब्दुल रज्जाक की ओर से खुलकर विधायक संजय पाठक पर आरोप लगाया गया था कि व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता के कारण याचिकाकर्ता के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई पूर्व कैबिनेट मंत्री व मौजूदा विधायक संजय पाठक के इशारे पर की जा रही है। अब्दुल रज्जाक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद अली, शारिक अकील फारुकी व अमित रायजादा ने बताया कि विधायक के दबाव में सरकार द्वारा उनके मुवक्किल को लगातार परेशान किया जा रहा है। दलील दी गई कि रज्जाक के खिलाफ दर्ज कई मामलों में अभी तक अंतिम रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई है। जैसे ही एक मामले में जमानत मिलती है, उसी समय दूसरे प्रकरण में गिरफ्तारी दिखा दी जाती है। यह न्यायिक प्रक्रिया के साथ छलावा है।



## तिलवारा गौशाला की व्यवस्थाओं का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जबलपुर।** नगर निगम के निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने तिलवारा स्थित निगम की गौशाला का औचक निरीक्षण किया और पशुधन की देखभाल तथा सुरक्षा के लिए चाक-चौबंद व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से ठंड के मौसम में गौवंश को राहत देने के लिए तिरपाल शेड का तत्काल उपयोग करने पर जोर दिया। साथ ही, हैलोजन लाइट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली कि तिलवारा गौशाला में लगभग 1100 पशुधन संरक्षित हैं। निगमायुक्त ने कहा कि अतिरिक्त 500 पशुओं के लिए व्यवस्थित शेड का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने गौशाला परिसर के सौंदर्यीकरण और आकर्षक बनाने के भी निर्देश दिए। गौशाला निरीक्षण के उपरांत निगमायुक्त ने तिलवाराघाट का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को घाट परिसर में बेहतर साफ-सफाई और पवित्रता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के मौके पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक अधीक्षक राजेन्द्र पटेल, संभागीय अधिकारी के.के. रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। यह कदम तिलवारा गौशाला और तिलवाराघाट के व्यवस्थापन में सुधार और पशुधन की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम साबित होगा।

## जबलपुर में की गई विदेशी महिला की सफल नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

**जबलपुर।** डॉक्टर अमित जय कुमार जैन (कोट वालों) ने एक बार फिर जबलपुर को गौरवान्वित किया और सफल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी का नया कीर्तिमान स्थापित किया। केन्या से आई श्रीमती सुखबीर कौर, जो पिछले वर्षों से दोनों घुटनों के दर्द और फिक्स फ्लेक्शन डिफॉर्मिटी से पीड़ित थीं, अब बिना वॉकर के चलने में सक्षम हो गई हैं। श्रीमती सुखबीर कौर के दोनों घुटने इतने प्रभावित थे कि उन्हें सामान्य जीवन में चलना, बैठना या उठना भी कठिन था। उनके रिश्तेदारों ने उन्हें डॉक्टर अमित जैन से संपर्क करने की सलाह दी, जिन्होंने गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल, जबलपुर में 06 दिसंबर को उनका इलाज शुरू किया। 07 और 10 दिसंबर को क्रमशः दोनों घुटनों की सफल सर्जरी की गई। सर्जरी के केवल चार-पांच घंटे बाद ही उन्हें खड़ा कर चलने की अनुमति दी गई। सर्जरी के पांचवें दिन ही मरीज सीढ़ी चढ़ने-उतरने में सक्षम हो गई और आज उन्हें डिस्चार्ज किया गया। उनके साथ डॉक्टर पुष्पराज पटेल और गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल की पूरी टीम ने भी सहयोग किया। श्रीमती सुखबीर कौर ने जबलपुर में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं पाकर बेहद संतोष व्यक्त किया। डॉक्टर अमित जैन अब तक 23,000 से अधिक सफल सर्जरी कर चुके हैं और अपने शहर का नाम देश और विदेश में रोशन कर रहे हैं।

## ऊर्जा संरक्षण रथ का शुभारंभ, आमजनों को बिजली बचत के लिए किया जागरूक




**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ऊर्जा संरक्षण सप्ताह (14 से 20 दिसंबर 2025) के अवसर पर ऊर्जा संरक्षण रथ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) संपदा सराफ गुर्जर ने शक्ति भवन के मुख्य द्वार से रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ऊर्जा रथ के माध्यम से आमजनों को बिजली बचत, सोलर पैनल, समाधान योजना और वी-मित्र ऐप की जानकारी दी जा रही है। इसमें फ्लैक्स, बैनर, ऑडियो जिंगल और पम्पलेट के जरिए संदेश पहुंचाया जा रहा है। रथ के शुभारंभ अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य महाप्रबंधक (भंडार एवं क्रय) अशोक सिंह धुर्वे, मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) एस.के. निगम, मुख्य वित्तीय अधिकारी विक्रम भास्कर, प्रमुख सूचना एवं प्रौद्योगिकी अरविंद सक्सेना और अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक (आरडीएसएस) विवेक चंद्रा शामिल थे। ऊर्जा रथ आज रामपुर चौक और ग्वारीघाट क्षेत्र से होकर गुजरते हुए लोगों को बिजली बचत और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करेगा। सप्ताह भर यह रथ जबलपुर के विभिन्न हिस्सों में जाकर सोलर रूफटॉप योजना, समाधान योजना, वी-मित्र ऐप और कंपनी के 1912 कॉल सेंटर से संबंधित जानकारी साझा करेगा। कंपनी ने उपभोक्ताओं को प्रेरित करने के लिए ऑडियो जिंगल, ग्राफिक इमेज तैयार कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब शॉर्ट्स और व्हाट्सएप के माध्यम से हर मोबाइल तक संदेश पहुंचाने की व्यवस्था की है।

## खराब गुणवत्ता के बारदाने राईस मिलर्स को वापस करने के निर्देश

**जबलपुर।** जिला प्रशासन ने धान उपार्जन केन्द्रों को खराब गुणवत्ता के बारदाने प्रदाय किये जाने की मिली शिकायतों को गंभीरता से लिया है तथा उन राईस मिलर्स के कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं, जिन्होंने खराब हालत के बारदाने उपार्जन केन्द्र को उपलब्ध करायें हैं। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन ने उपार्जन केन्द्रों को प्रदाय किये गये खराब गुणवत्ता के सभी बारदाने राईस मिलर्स को वापस करने के निर्देश नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को दिये हैं। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों को सही गुणवत्ता के बारदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऐसे राईस मिलर्स पर नियमानुसार कार्रवाई कर कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश भी दिये हैं जिनके द्वारा उपार्जन केन्द्र को खराब गुणवत्ता के बारदाने पहुंचाये गये हैं।

## जुए के फड़ पर छापा, 14 हजार जब्त

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने महाराजपुर बावली कांजी हाउस के पीछे चल रहे एक जुए के फड़ पर छापा मारकर तीन जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 हजार 850 रुपए जब्त किए है। अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर महाराजपुर बावली कांजी हाउस के पीछे जुआ मन्ना खेल रहे महाराजपुर बावली निवासी दीपक पटेल, अंकुर साहू और इमलिया मोड़ अधारताल निवासी राकेश जायसवाल को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 हजार 850 रूपये जब्त किए है। पुलिस ने तीनों जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण असफल होने पर किसानों से ओटीपी के आधार पर धान खरीदी की जाएगी

**जबलपुर।** जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण में असफल होने वाले किसानों से ओटीपी (एक-बार का पासवर्ड) के आधार पर धान उपार्जन की सशर्त अनुमति दी गई है। यह निर्णय जिला उपार्जन समिति द्वारा लिया गया है ताकि प्रमाणीकरण में समस्या आने पर भी किसानों को सुविधा मिल सके। खरीदी केंद्र प्रभारी अब ओटीपी के आधार पर धान की प्रविष्टि कर सकेंगे, लेकिन इसके लिए किसान के परिवार के किसी रक्त संबंधी सदस्य की उपस्थिति और समग्र परिवार आईडी की छायाप्रति आवश्यक होगी। साथ ही, ओटीपी देने वाले सदस्य का स्व प्रमाणित आधार कार्ड भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के प्रभारी अधिकारी और संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन ने बताया कि धान उपार्जन नीति के अनुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर खरीदी की प्रविष्टि केवल ई-केवायसी सत्यापन के बाद मान्य होती है। बायोमैट्रिक असफल होने की स्थिति में ही यह विशेष अनुमति दी गई है।

## निवेशित राशि का 7 फीसदी ब्याज के साथ भुगतान करे सहारा

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने सहारा इंडिया को निवेश योजना के तहत निवेशित राशि का 7 फीसदी ब्याज के साथ भुगतान करने के निर्देश दिए। आयोग ने सहारा को कहा कि वह परिवादी मंडला रोड पड़रिया निवासी राधेश्याम सुरजैन्स को ब्याज के साथ एक लाख 76 हजार रुपए की राशि दो माह के भीतर अदा करें। इसके अलावा मानसिक पीड़ा व वाद व्यय की 7 हजार रुपए की राशि भी अदा करें। परिवादी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि योजना में निवेश के बावजूद उसकी राशि का भुगतान नहीं किया गया, इसलिए आयोग में परिवाद दायर किया गया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सड्डू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिंधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- घरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. बीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण**- 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण**- 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर बार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली बार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति बीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर बार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास बार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## किराये पर पोकलेन लेकर करने लगा रेत खनन

## मशीन लेने गये मालिक को डंडे से पीटा

**जबलपुर।** बरेला थानान्तर्गत ग्राम ककरतला में एक खनन माफिया ने पोकलेन मशीन को सड़क बनाने के काम के लिए लेकर मशीन से गौर नदी के घाट में अवैध रेत खनन करने लगा। पोकलेन मशीन के जब्त होने की अशंका को देखते हुए मशीन मालिक अपनी मशीन वापस मांगने गया तो खनन माफिया ने अपने गुर्गो के साथ मिलकर पोकलेन मशीन मालिक के साथ डंडे से मारपीट कर मशीन के कांच तोड़ दिए। किसी तरह जान बचाकर भागे मशीन मालिक व उसके ऑपरेटर ने अपने साथियों को फोन पर घटना की जानकारी दी। बरेला पुलिस ने बताया कि सुंदरादेही बेलखेड़ा निवासी भूपेन्द्र सिंह लोधी जेसीबी मशीन व हाईवा किराये पर चलवाता है। भूपेन्द्र की चैन वाली पोकलेन मशीन एक सप्ताह पूर्व ग्राम ककरतला निवास रूद्र यादव सड़क निर्माण के लिए लगाने किराये पर ले गया था। मशीन के एवज में हर माह 1 लाख 30 हजार किराये देने की बात तय हुई थी। रूद्र ने कुछ दिनों तक पोकलेन मशीन से रोड में काम किया फिर वह ज्यादा कमायी के चक्कर में पोकलेन मशीन से गौर नदी के लौहकरी घाट में रेत का अवैध खनन करने लगा। जब यह बात भूपेन्द्र को पता चली तो भूपेन्द्र ने रूद्र से कहा कि वह उसकी मशीन से रेत का खनन न करे नही तो उसकी मशीन जब्त हो जायेगी। रूद्र यादव गुंडागर्दी कर बोला कि मशीन में आग लगा दूंगा भूपेन्द्र ने पोकलेन मशीन को वापिस लेने अपने ऑपरेटर वीरेन्द्र सिंह को भेजा तो खनन माफिया रूद्र यादव ने उसके साथ विवाद कर मशीन ले जाने से रोका। घटना की जानकारी मिलने पर पोकलेन मशीन मालिक भूपेन्द्र लोधी स्वयं मशीन लेने लौहकरी घाट पहुंच गया जहां रूद्र यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ डंडे से मारपीट की वहीं पोकलेन मशीन पर भी डंडे बरसा कर उसके कांच तोड़ दिए। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। फील्ड स्तर के अधिकारी भी वीसी के माध्यम से इस बैठक में जुड़े थे। कलेक्टर श्री सिंह ने टीएल में लंबित प्रकरणों का विभागवार समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। उन्होंने धान उपार्जन की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए खरीदी व भुगतान की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन व कार्यवाही, खाद्यान्न उठाव व वितरण पर भी चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न जगहों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण व विभिन्न विभागों में लंबित पत्रों के निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने शासकीय भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम मॉनिट व सीएस मॉनिट के साथ सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, नहरों की साफ-सफाई, अमृत 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन, फार्मर रजिस्ट्री, समग्र ई-केवायसी, स्वरोजगार योजनाओं में प्रगति आदि की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि उपार्जन केन्द्रों का भैतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वे उपार्जन व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहें। बैठक में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा भी की गई।

### सुजानता का स्वभाव है, वह जान ले कि कोई मुझे पुकार रहा है

# राम सुंदर हैं लेकिन सुदूर नहीं : मोरारी बापू





**जबलपुर।** "कैलाश के लिए गोस्वामी जी सुंदर नहीं परम रम्य शब्द का प्रयोग करते हैं। सदा जहां शिव उमा निवास हो, तो सुंदर की परिभाषा गुरु कृपा से एक करने का मन कर रहा है कि राम सुंदर हैं लेकिन सुदूर नहीं हैं। कभी-कभी वस्तु सुंदर है, हिमालय सुंदर है, लेकिन बहुत दूर है। सुदूर बहुत दूर है, लेकिन राम एक ऐसे सौंदर्य का नाम है। राम एक ऐसा सौंदर्य बोध है कि सुंदर है, लेकिन सुदूर नहीं है। भगवान राम सुजान हैं। सुजान का एक अर्थ है हमारी बातें जानने वाला, जो हमारे दिल की बात जाने आप बोलो नहीं और वह समझ ले उसको सुजान कहते हैं और कुछ लोग ऐसे होते हैं कि तुम रोओ, बोलो, चिल्लाओं, साफ-साफ कहो, तो भी तुम्हारी बात समझे ना। राम सुजान हैं किसी ने माउंट से पुकारा उसने सुन लिया, किसी ने मुखर होकर पुकारा सुन लिया, किसी ने रोकर पुकारा किसी ने नृत्य करके पुकारा उसने सुन लिया।" उक्ताशय के उद्गार अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक मोरारी बापू ने प्रवचन में व्यक्त किए।

साइंस कॉलेज में चल रही रामकथा के विश्राम दिवस पर रविवार को उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी कहते हैं भरत के समान राम का स्नेही कौन है कि पूरा जगत राम को जपता है और राम निरंतर भरत-भरत, यह सुजान जप जानने वाला जप कर रहा है कि मुझे कोई बुला रहा है। मेरा कोई नाम ले रहा है। ये जीव है थक जाएगा। मैं तो शिव हूं। अब उसको विश्राम दो। मैं उसी का नाम लूं। कबीर साहब की भी यही अनुभूति है। आप फरमाते हैं कबीरा मन निर्मल भयो, जैसो गंगा नीर। अब पीछे-पीछे हर फिरे कहत कबीर कबीर।। कबीर कहता है पीछे-पीछे परमात्मा घूम रहा है। इस सुजानता का स्वभाव है, वह जान ले कि मुझे पुकार रहा है।

### हमें जटायु की तरह करना होगा

किसी ने पूछा है जटायु कौन है, मानव या पक्षी, प्रश्न है जटायु कौन है? मानव आया पक्षी समय नहीं है। मैं इतना ही कहूं तुम और हम मानव हैं लेकिन हमें जटायु होना चाहिए। भले हम मनुष्य हों बाकी कौन है ये छोड़ो। हम भले ही मनुष्य के रूप में लेकिन जटायु बनकर दुनिया में जब हमारी संस्कृति लूटी जा रही है, हमारी सभ्यता का अपहरण होता है, सनातन धर्म पर प्रहार होता है। उसी समय जटायु ने जो कुर्बानी दी वो हम कर सकें।

### वरिष्ठजनों ने मोरारी बापू से की सौजन्य भेंट



**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक मोरारी बापू के प्रस्थान अवसर पर जबलपुर के वरिष्ठजनों- प्रधान जिला न्यायाधीश कृष्ण मूर्ति मिश्र, नगर निगम मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोयल, रजिस्ट्रार ऋषि राज मिश्रा ने सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सभी वरिष्ठजन सपरिवार उपस्थित थे।

### भक्तों ने बापू मोरारी से आशीर्वाद लिया



**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक मोरारी बापू कथा के पश्चात पचपेढ़ी में रुके थे, इस दौरान डॉ. जय रोहाणी, आत्मिका ठाकुर, अर्चना अग्रवाल, राजेश ठाकुर, गौरव शर्मा, धनंजय नागेश, रोहित ओसवाल, देवल मिश्रा, मयंक श्रीवास्तव ने मोरारी बापू से सौजन्य भेंट कर माँ नर्मदा की सीनरी प्रदान कर उनका आशीर्वाद लिया।



**सर्वाइकल व स्तन कैंसर को लेकर निःशुल्क जांच शिविर आयोजित**

# महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एफपीएआई का सराहनीय प्रयास, हुई 60 से अधिक महिलाओं की जांच

**जबलपुर।** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, जबलपुर शाखा द्वारा 12 एवं 13 दिसंबर को के.जे. मेमोरियल अस्पताल, घमापुर तथा लाइफ मेडिसिटी अस्पताल, आगा चौक की पहली मंज़िल पर स्थित एफपीएआई क्लीनिक में सर्वाइकल कैंसर एवं स्तन कैंसर को लेकर जागरूकता एवं निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त डॉक्टरों एवं नर्सों द्वारा 25 से 50 वर्ष आयु वर्ग की 60 से अधिक महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल व स्तन कैंसर से संबंधित जानकारी, उचित मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान 22 महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं की सर्वाइकल कैंसर की निःशुल्क जांच भी की गई।

इस अवसर पर फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, जबलपुर शाखा के ब्रांच मैनेजर रवि शरण गौतम ने बताया कि यह संस्था शासन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रजनन स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन केंद्र है, जिसकी स्थापना वर्ष 1960 में श्रीमती विशाखा दीक्षित के नेतृत्व में समाज के जागरूक एवं समर्पित सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा की गई थी। पिछले 65 वर्षों से संस्था समाज के सभी वर्गों को न्यूनतम शुल्क पर उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं जैसे परिवार नियोजन, जनसंख्या शिक्षा, यौन एवं युवा स्वास्थ्य तथा एचआईवी/एड्स से संबंधित सेवाएं प्रदान कर रही है।

महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तथा सर्वाइकल व स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के सफल आयोजन में श्रीमती कुसुम जैन, डॉ. नमिता पाराशर, डॉ. संध्या जैन, प्रशिक्षित नर्स श्रीमती बबीता ठाकुर सहित एफपीएआई क्लीनिक स्टाफ अंतू सिस्टर, समता सिस्टर, सोनिया जी एवं रामबक्स जी का विशेष योगदान रहा। शिविर का आयोजन एवं संचालन संस्था के अध्यक्ष डॉ. सदन यादव के मार्गदर्शन में ब्रांच मैनेजर रवि शरण गौतम द्वारा किया गया।

# जन–जन का सर्वांगीण विकास हम सबका उद्देश्य : धनश्याम रायपुरिया



**पाटन।** जन अभियान परिषद के सीएमसीएलडीपी द्वारा संचालित कक्षाओं का मंगलवार को जबलपुर जिले के पाटन विकासखंड में जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन–जन का सर्वांगीण विकास ही हम सभी का मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक श्री रायपुरिया ने छात्रों से विभिन्न गतिविधियों, ग्राम प्रैक्टिकल एवं जल संचय अभियान जैसे विषयों पर चर्चा की और उन्हें ग्राम विकास में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्रीमती नूपुर खरे ने भी छात्रों से संवाद कर उनके अनुभवों और सीखने की प्रक्रिया पर चर्चा की। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि राम नारायण सिंह, जितेंद्र राठौर, उमाकांत यादव, शैलेन्द्र, परामर्शदाता रामराजा यादव, कामता प्रसाद सेन, साथ ही श्रीमती प्रियंका जैन, कमल झारिया, यशवंत सेन सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# सिहोरा जिला की मांग पर पांचवां जत्था अनशन पर बैठा




**सिहोरा।** सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर विगत 3 दिसम्बर से जारी जन आन्दोलन आज भी जारी रहा । सोमवार को जहां पांचवां जत्था पुराने बस स्टेंड में क्रमिक अनशन पर बैठा वहीं गत दस दिनों से संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू का आमरण अनशन भी जारी है। उनको अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। आंदोलन के बीच 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री से प्रस्तावित वार्ता फिलहाल टल गई है। बताया गया है कि उपमुख्यमंत्री के करीबी रिश्तेदार के निधन के कारण यह महत्वपूर्ण बैठक नहीं हो सकी। हालांकि इस विषय पर विधायक संतोष बरकड़े ने संकेत दिए हैं कि अगले एक–दो दिनों में मुख्यमंत्री से मुलाकात संभव है, जिसमें सिहोरा जिला की मांग को प्रमुखता से रखा जाएगा। सोमवार को क्रमिक अनशन पर अनिल जैन,कृष्ण कुमार कुररिया,संतोष पांडे,बिहारी पटेल,गौरी हर राजे,संजय पाठक,गिरी महाराज,रामजी शुक्ला आदि बैठे। विभिन्न वर्गों के लोग बारी-बारी से सत्याग्रह में शामिल हो रहे हैं और आंदोलन को अपना समर्थन दे रहे हैं।

# महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित



**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को प्राचार्य प्रो.एम के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एंव एनएसएस इकाई तथा युवा रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ.धीरेंद्र कुमार बघेल के नेतृत्व में एंव एल्गिन महिला चिकित्सालय एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में एल्गिन से डॉ तुषार गुप्ता,टेक्नीशियन प्रशांत पटेल,विशाल धुरिया,राजेश पांडे,वार्ड बॉय सहवाग आदि उपस्थित थे। ब्रांच मैनेजर श्रीलीजू जोसेफ, जसविंदर सिंह,विवेक विश्वकर्मा उपस्थित रहे रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को बैंक के द्वारा थर्मस भी प्रदान किया गया। शिविर में 123 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया एवं 100 यूनिट रक्त महाविद्यालय द्वारा एकत्र किया गया।

# संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में आज होगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**पनागर।** विनोबाभावे वार्ड, पनागर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का वातावरण भक्तिरस से सराबोर है। यह पावन आयोजन श्री श्री 1008 बाल संत जू महाराज, लोढ़ा पहाड़ के सानिध्य में चल रहा है। कथा वाचन का पुण्य दायित्व श्री सीताराम जी महाराज, महंत सिद्धन धाम, लोढ़ा पहाड़ द्वारा निभाया जा रहा है। कथा के तीसरे दिवस पूज्य श्री सीताराम जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रेरक प्रसंगों का सुंदर विवेचन किया। उन्होंने राजा परीक्षित के जीवन प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि शृंगी ऋषि के श्राप से राजा परीक्षित को सात दिनों में मृत्यु का वरदान प्राप्त हुआ। इस समय उन्होंने परम वैराग्य धारण कर श्री शुकदेव जी से कथा श्रवण किया, जो आत्मकल्याण का श्रेष्ठ मार्ग माना गया। कथा में सती चरित्र का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। गुरुदेव ने सती के त्याग, पतिव्रत और धर्मनिष्ठा को सनातन संस्कृति की आधारशिला बताया और कहा कि नारी का चरित्र समाज को दिशा देता है। यह प्रसंग श्रद्धालुओं के हृदय में संयम, श्रद्धा और धर्म के प्रति अटूट विश्वास जागृत करता है। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में भक्तजन हरि नाम संकीर्तन, भजन और प्रवचनों का लाभ ले रहे हैं। वातावरण "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" जैसे भजनों से गूंज रहा है। आयोजकों के अनुसार आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष भजन-संकीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# भक्त की परेशानी से विचलित हो उठते हैं भगवानः नेहा जेठा



**जबलपुर।** भक्ति प्रेम और आस्था भगवान श्री कृष्ण की अनंत भक्ति और करुणा का अमूल्य प्रसंग नानी बाई का मायरा की गूंज माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा महेश भवन गोपालबाग में आयोजित कथा वाचक में नेहा जेठा ने बताया कि भक्त नरसी की पुत्री नानी बाई का मायरा ना भर पाने की स्थिति भगवान श्री कृष्ण से देखी ना गई और उन्होंने स्वयं ही मायरा भरने का निश्चय किया। नेहा जेठा ने कथा में आज दूसरे दिन बताया कि भगवान किस तरह से नानी बाई का मायरा भरने की तैयारी कर रहे हैं, सभी देवी, देवता प्रफुल्लित हैं, सभी ओर हर्षोल्लास छाया हुआ है, कल नानीबाई का मायरा लेकर भगवान स्वयं ही जाएंगे। उन्होंने बताया कि भगवान की भक्ति पूर्ण श्रद्धा के साथ की जाए तो सारे कार्य निर्विघ्न रूप से सानंद संपन्न होते हैं। सहयोगी के रूप में दीप्ति जेठा का विशेष सहयोग रहा। माहेश्वरी महिला मण्डल की ओर से अर्चना माहेश्वरी, अनीता जेठा, श्वेता सारदा, मोना डागा, सरोज जेठा एवं गीता जेठा का सराहनीय सहयोग रहा।

# शक्ति क्लब और मुक्ति संस्था ने रक्तदान शिविर लगाकर दिया मानवता का संदेश

**जबलपुर।** शक्ति क्लब के सहयोग से मुक्ति संस्था द्वारा 14 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। क्लब की अध्यक्ष नीलम सिंह और उनकी सदस्याओं ने मुख्य अतिथि माला राकेश सिंह, अंजू भार्गव तथा विशेष अतिथियों हेमलता सिंगरौल, श्वेता सिंह ठाकुर, सुमि



आहूजा, आराधना चौहान, दीपमाला सोनकर, प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. अवनी कुरारिया, कीर्ति चिश्ती और डॉ. मकसूद चिश्ती का स्वागत पुष्प और पौधे देकर किया। इस शिविर में क्लब की महिला सदस्यों के साथ शहर के अन्य नागरिकों ने भी भाग लेकर मानवता का संदेश दिया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और एक-एक पौधा उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। अध्यक्ष नीलम सिंह ने रक्तदाताओं के उत्साहवर्धन के लिए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में क्लब की सदस्य शारदा चौधरी, दीप्ति कुकरेजा, संगीता त्रिपाठी, पूनम तिवारी, पल्लवी सिंह, काजल विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्य भी सक्रिय रूप से सहयोगी रहे।

# पंचकल्याणक महोत्सवः विशिष्ट मंच संचालन के लिए अमित पड़रिया का किया गया अभिनंदन



**जबलपुर।** आचार्य श्री समय सागर जी महामुनिराज के सानिध्य में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं सप्त रथ महोत्सव के अवसर पर मंच संचालन की विधा में सिद्धहस्त और राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अमित पड़रिया का जोरदार अभिनंदन किया गया। जैसे ही उनका अभिनंदन हुआ, आचार्य श्री समय सागर जी महामुनिराज ने हाथ उठाकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

पिछले 25 वर्षों से मंच संचालन कर रहे अमित पड़रिया ने आचार्य भगवन गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महामुनिराज से यह नियम लिया है कि वे मंच संचालन के लिए कभी कोई राशि नहीं लेंगे। सम्मान में दिए गए प्रतीक चिन्ह या अन्य सामग्री को भी वे निर्माल्य मानते हैं और अगर कोई सामग्री प्राप्त होती भी है, तो उसकी राशि वे मंदिर को दान कर देते हैं। इसी निस्वार्थ भाव से अमित पड़रिया एकमात्र ऐसे मंच संचालक माने जाते हैं। इस महोत्सव में 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक दयोदय तीर्थ (गौशाला) के नवानिर्मित जिनालय का श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक चौबीसी जिनबिम्ब प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। आयोजन में गजरथ समिति के अरविंद चावल, दिनेश चौधरी, सुनील मंगलाहाट, संजय अरिहंत, कमलेश कक्का, संदेश जैन (एडवोकेट), सतीश नेता तथा भोजन व्यवस्था में आदिनाथ समिति और जैन युवा संघ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। गजरथ स्थल पर अशोक चावला और उनके सहयोगी अमिताभ जैन, नीरज पलक, अनिल गुड्डा ने सभी कार्य पूर्ण किए। पंडाल को आकर्षक बनाने में शशांक गढ़ावाल, जलज जैन, अनिल पाली, राजा टार्जन का विशेष योगदान रहा। प्रचार-प्रसार का कार्य सुबोध कामरेड, श्रीमती भारती, अभिषेक (मोनू), संजीव चौधरी, संजय चौधरी, पंकज विद्यार्थी, आनीस जैन ने कुशलतापूर्वक संपादित किया।




**श्रीमती रेनू कपूर-** एकता परिसर रतन नगर रोड गुप्तेश्वर निवासी श्री लक्ष्मी नारायण कपूर की धर्मपत्नी श्रीमती रेनू कपूर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवत सिंह कुचबंधिया-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री भगवत सिंह कुचबंधिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रमोद कुमार नायक-** कटरा अधारताल निवासी श्री प्रमोद कुमार नायक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धर्मेंद्र विश्वकर्मा-** लालमाटी चांदमारी चौबे किराना के पास निवासी श्री धर्मेंद्र विश्वकर्मा (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद कुमार पाण्डेय-** दीक्षितपुरा निवासी श्री विनोद कुमार पाण्डेय (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगन्नाथ-** गुप्तेश्वर पार्षद निवास के पास निवासी श्री जगन्नाथ (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजकुमार धानुक-** राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री राजकुमार धानुक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार चौधरी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री विजय कुमार चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उमा शंकर-** राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री उमा शंकर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटू वाल्मीक-** भानतलैया पुलिस क्वाटर्स के पास निवासी श्री रमेश वाल्मीक के पुत्र श्री छोटू वाल्मीक (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
सिंगल साइज:- 8x8 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 8x8 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 10x10 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/188
दिनांक:- 15/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक मिश्रा पिता श्री सुरेश चंद्र मिश्रा ने मकान नं. 128 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 1040 व.फु. भूतल 300+150 व.फु. प्रथम तल 750 व.फु., द्वितीय तल 750 व.फु. लीजडीड बंटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/187
दिनांक:- 15/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रतीक रायपुरिया पिता श्री पदम चंद रायपुरिया ने मकान नं. 176/1, 216/1/AB वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 400 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्र-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/178
दिनांक:- 15/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जयंत लक्ष्मण जोशी पिता स्व. श्री लक्ष्मण राव जोशी ने मकान नं. 267/1, वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 775+402 व.फु. प्रथम तल 1177 व.फु., रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल वीरेंद्र सिंह, पुत्र श्री अनंत बहादुर सिंह, निवासी मकान नं. 998, पावर हाउस रोड, इंद्रा मार्केट, जबलपुर (म.प्र.) श्रीमती नीलू सिंह बुंदेला, पत्नी श्री प्रेम सिंह बुंदेला, निवासी मकान नं. 1016, शक्ति नगर कॉलोनी, सुविधा मार्केट के सामने, जिला जबलपुर (म.प्र.) के साथ उनकी संपत्ति कृषि भूमि मौजा भलवारा, प.ह.नं. 25/24, रा.नि.मं. हाथीतारा माल, तह. निवास जिला मण्डला (म.प्र.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 256 रकवा 0.49 हेक्ट., ख.नं. 260 रकवा 0.530 हेक्ट., ख.नं. 265 रकवा 0.850 हेक्टै हैके क्रय हेतु विधिवत एग्रीमेंट (समझौता) 02/05/2025 को संपादित किया है। मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त संपत्ति के क्रय हेतु विक्रेता को रु.1,00,000 चेक के माध्यम से एवं रु. 50,000 ऑनलाइन इस प्रकार रु. 1,50,000/- (डेढ़ लाख रुपये मात्र) अग्रिम राशि के रूप में भुगतान किया जा चुका है। अतः यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, लेन -देन अथवा हस्तक्षेप करता है, तो वह अवैध एवं शून्य माना जाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों के विरुद्ध मेरे मुवक्किल द्वारा कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। यह सूचना जनहित में प्रकाशित की जा रही है।
दिनांक : 16/12/2025

**प्रियंका तिवारी** अधिवक्ता
उच्च न्यायालय
आफिस - प्लाट नं. 16 सनमति नगर जैन मंदिर के सामने, आधारताल जबलपुर (म.प्र.)
मो.नं. 7067259684

### गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों व गैस की कीमतों में गिरावट के कारण

# लगातार दूसरे महीने आम आदमी को राहत थोक महंगाई में 0.32 फीसदी की गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में नवंबर में थोक मुद्रास्फीति दर नकारात्मक हो गई, जो सालाना आधार पर 0.32 प्रतिशत कम हुई। यह गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों और कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों में कमी के कारण हुई। खाद्य मुद्रास्फीति में कमी के बावजूद, खनिजों और खाद्य पदार्थों की कीमतों में महीने-दर-महीने वृद्धि देखी गई। डेटा देखें तो महंगाई का आंकड़ा अक्टूबर में -1.21 था जो कि -0.32 प्रतिशत पर आया है। इसमें मामूली बढ़ोतरी है। लेकिन ओवरऑल महंगाई कम है। अभी भी थोक महंगाई जीरो से नीचे है। लगातार दूसरे महीने महंगाई माइनस में है।

यह उछाल अक्टूबर में होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यू पीआई) के 12 महीने के निचले स्तर से वापसी का संकेत देता है। कई महीनों तक कीमतों में भारी गिरावट के बाद प्राइमरी आर्टिकल्स, खासकर खाने-पीने की चीजों की कीमतों में गिरावट की रफ्तार कम होने से डब्ल्यूपीआई ऊपर गया। हालांकि, थोक कीमतें अभी भी नेगेटिव दायरे में हैं, लेकिन नवंबर के आंकड़ों से पता चलता है कि महंगाई का सबसे बुरा दौर शायद बीत चुका है।

- भारत में नवंबर में थोक मुद्रास्फीति दर नकारात्मक हो गई
- खाने-पीने की चीजें अभी भी दबाव डाल रही हैं, लेकिन गिरावट कम हुई है
- पहले की तेज गिरावट के बाद सब्जियों की कीमतें कम हो गई



#### प्याज और आलू की कीमतें एक साल पहले से काफी कम

सब्जियों की कीमतें अभी भी पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत से ज्यादा कम थीं, लेकिन यह अक्टूबर की तुलना में एक बड़ा सुधार था, जब कीमतें लगभग 35 प्रतिशत गिर गई थीं। प्याज और आलू की कीमतें एक साल पहले की तुलना में काफी कम रहीं, जो भरपूर सप्लाई और अनुकूल बेस इफेक्ट को दर्शाती हैं।

#### गेहूं की कीमतें काफी ऊंची बनी हुई

अनाज, जिसने साल की शुरुआत में महंगाई को सपोर्ट किया था, नवंबर में नेगेटिव दायरे में चला गया। गेहूं की कीमतें, जो साल के पहले आधे हिस्से में काफी ऊंची बनी हुई थीं, वे भी मामूली रूप से नेगेटिव हो गईं। दालों में भारी गिरावट बनी रही, जो गर्मियों की शुरुआत से दिख रहे ट्रेंड को जारी रखती है, जिसका कारण बेहतर उपलब्धता और कम खरीद दबाव है।

***कीमतों का आउटलुक अच्छा बना हुआ है :*** *रिटेल महंगाई भी असामान्य रूप से कम बनी हुई है। हाल के महीनों में 2 प्रतिशत से नीचे-थोक महंगाई में कमी इस उम्मीद को मजबूत करती है कि कुल मिलाकर कीमतों पर दबाव अभी काबू में है, जिससे पॉलिसी बनाने वालों को ग्लोबल हालात अनिश्चित रहने के बावजूद नरम रुख बनाए रखने की गुंजाइश मिलती है।*

***ईंधन, मैन्युफैक्चरिंग में सुस्त बनी हुई :*** *ईंधन और बिजली की महंगाई एक और महीने नेगेटिव बनी रही, हालांकि गिरावट की रफ्तार कम हुई. कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की कीमतें ग्लोबल तेल ट्रेंड के अनुरूप साल-दर-साल गिरती रहीं, जबकि पेट्रोल और डीजल एक साल पहले की तुलना में सस्ते रहे।*

#### *फूड प्रोडक्ट्स में कीमतों का दबाव तेजी से हुआ कम*

*मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स में महंगाई, जिसका डब्ल्यूपीआई में सबसे ज्यादा वेटेज है, थोड़ी कम हुई। मैन्युफैक्चर्ड फूड प्रोडक्ट्स में कीमतों का दबाव तेजी से कम हुआ, जो साल की शुरुआत में ऊंचे सिंगल डिजिट में रहने के बाद 1 प्रतिशत से नीचे आ गया। खाने के तेलों में भी पहली तिमाही में मजबूत बढ़त के बाद कीमतों में काफी कमी देखी गई। केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स और बेसिक मेटल्स जैसी मुख्य मैन्युफैक्चरिंग कैटेगरी में सिर्फ मामूली बढ़ोतरी या हल्की गिरावट देखी गई, जो सीमित कॉस्ट-पुश दबावों की ओर इशारा करता है।*

## विदेशी कोषों की निकासी और रुपए में कमजोरी से सेंसेक्स 54 अंक फिसला

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 54 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 20 अंक के नुकसान में रहा। भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 54.30 अंक फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.34 अंक गिरकर 84,840.32 तक आ गया था। निफ्टी 19.65 अंक की गिरावट के साथ 26,027.30 अंक पर बंद हुआ। शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली और कमजोर रुपये के चलते बाजार सीमित दायरे में बना हुआ है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर स्पष्टता आने तक रुपये में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।" रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में कारोबार के दौरान तेजी देखी गई, जबकि अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

## एनसीएईआर ने गोयल को किया महानिदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** आर्थिक शोध संस्थान 'नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) ने सुरेश गोयल को महानिदेशक नियुक्त किया है। गोयल पांच जनवरी 2026 को पदभार संभालेंगे। वह एनसीएईआर के 11वें महानिदेशक होंगे। वह, पूनम गुप्ता का स्थान लेंगी। गुप्ता ने जुलाई 2021 से अप्रैल 2025 तक संगठन का नेतृत्व किया था।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (YTSK) की नियुक्ति**

**अधिसूचना क्र.: NGP/COM/YTSK/Tender दिनांक: 10.12.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल, आरक्षित और अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए नागपुर मंडल के **25 स्टेशनों यानी NSCB इतवारी, गोंदिया, राजनांदगांव, कामठी, भंडारा रोड, डोंगरगढ़, छिंदवाड़ा, चांदा फोर्ट, आमगांव, तुमसर रोड, तिरोड़ा, सिवनी, बालाघाट, नैनपुर, ग्वारीघाट, सौंसर, वडसा, सावनेर, वारासिवनी, कटंगी, सालेकसा, नागभीड़, उमरेड़, ब्रम्हपुरी** और **मोतीबाग** पर निजी भागीदारी के माध्यम से यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) की स्थापना और संचालन के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

भारतीय रेलवे के रेल यात्रा सेवा एजेंट (RTSA), रेल यात्रा एजेंट (RTA), खुदरा सेवा प्रदाता (RSP), जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (JTBS) और भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC) द्वारा नियुक्त टिकटिंग एजेंट सहित सभी अधिकृत रेलवे टिकटिंग एजेंट, जिन्होंने कम से कम दो (02) वर्षों तक काम किया है/कर रहे हैं, YTSK योजना के अंतर्गत पात्र हैं। YTSK को अतिरिक्त स्थान रखने की अनुमति दी जा सकती है। हालाँकि, प्रत्येक स्थान को एक अलग समझौते के साथ नए प्रस्ताव के रूप में माना जा सकता है और सभी आवश्यक शुल्क अलग से भुगतान किए जाने होंगे।

**कार्य का विवरण:** नागपुर मंडल पर आरक्षित और अनारक्षित रेल टिकट जारी करने के लिए यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) के चयन और स्थापना के लिए निविदा अधिसूचना।

**अनुबंध की अवधि:** तीन (03) वर्ष

**निविदा प्रपत्र की लागत:** ₹ 1000/- + ₹ 180/- = ₹ 1180/-

**महत्वपूर्ण तिथियाँ: निविदा प्रपत्र जारी करने की शुरुआत:** दिनांक **16.12.2025**। **निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि और समय:** दिनांक **16.12.2025** को सुबह **11:00** बजे से **16.01.2026** को दोपहर **15:00** बजे तक। **निविदा बॉक्स बंद करने की तिथि और समय:** दिनांक **16.01.2026** को दोपहर **15:00** बजे। **निविदाएँ खोलने की तिथि और समय:** दिनांक **16.10.2025** को दोपहर **15:30** बजे।

**नोट:** यदि अंतिम तिथि को सरकारी अवकाश हो या किसी कारणवश अवकाश घोषित किया जाता है, तो निविदाएँ अगले कार्य दिवस पर खोली जाएँगी।

निविदा प्रपत्र एक सीलबंद लिफाफे में जमा किया जाना चाहिए, जिस पर **'यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) के संचालन के लिए आवेदन'** लिखा होना चाहिए और इसे वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, डीआरएम कार्यालय, किंग्सवे, नागपुर, महाराष्ट्र - 440001 के कार्यालय में रखे गए सीलबंद निविदा बॉक्स में डाला जाना चाहिए।

आवेदक को आवेदन पत्र के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **₹ 1180/- (रु. एक हजार एक सौ अस्सी मात्र)** का डिमांड ड्राफ्ट, F.A. & C.A.O., एस.ई.सी. रेलवे के पक्ष में, नागपुर में देय, आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा, अन्यथा निविदा को प्रभावी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

रेलवे प्रशासन बिना कोई कारण बताए आवेदन/अनुबंध को रद्द करने या किसी या सभी आवेदन/अनुबंध को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर
AIM/48-222


## निर्यात नवंबर में 19.37 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- व्यापार घाटा पांच महीने में सबसे कम
- देश का निर्यात अक्टूबर की गिरावट से उबरा

देश का निर्यात अक्टूबर की गिरावट से उबरते हुए नवंबर महीने में 19.37 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा पांच महीने के निचले स्तर 24.53 अरब डॉलर पर आ गया।

वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को नवंबर के व्यापार आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस दौरान देश का आयात 1.88 प्रतिशत घटकर 62.66 अरब डॉलर रहा। सोना, कच्चा तेल, कोयला और कोक के आयात में कमी आने से कुल आयात में गिरावट आई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में सोने का आयात 59.15 प्रतिशत घटकर चार अरब डॉलर रहा, जबकि कच्चे तेल का आयात 11.27 प्रतिशत घटकर 14.11 अरब डॉलर हो गया।

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-नवंबर अवधि में निर्यात 2.62 प्रतिशत बढ़कर 292.07 अरब डॉलर और आयात 5.59 प्रतिशत बढ़कर 515.21 अरब डॉलर रहा। इस दौरान देश का कुल व्यापार घाटा 223.14 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि नवंबर में निर्यात ने अक्टूबर में हुए नुकसान की भरपाई की।

## बीएचईएल ने सरकार को दिया 110 करोड़ का अंतिम लाभांश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हेवी लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने भारत सरकार को 2024-25 के लिए 109.98 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है। प्रबंध निदेशक के. सदाशिव मूर्ति ने 63.17 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सरकार के लिए अंतिम लाभांश का चेक भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी को सौंपा। इस मौके पर भारी उद्योग सचिव कामरान रिजवी, बीएचईएल के निदेशक मंडल के निदेशक और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। कंपनी के शेयरधारकों को वर्ष 2024-25 के लिए कुल 174.10 करोड़ रुपये का लाभांश दिया गया।


**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
(Government of M.P. Undertaking)
Office of the Superintending Engineer (O&M), Pench Hydel Power Station Totladoh, Village-Pauni, PO Pauni,Th Ramtek, Dist Nagpur (MS) 441401, Regd. Office-Block No. - 9 Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur, Email : sepench@rediffmail.com, www.mppgcl.mp.gov.in, CIN-U40109MP2001SGC014882, GSTIN No. :- 27AADCM4472A1ZR
5975/9100/Pench/Tender/1137 Pauni, Dtd. : 10.12.2025

**NOTICE INVITING TENDER "THROUGH E-TENDERING ONLY"**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for PHPS, MPPGCL, Totladoh:-

| Tender ID. | Name of Works/Material | EMD Rs. | Last Date of Online Submission of E-Tender | Due Date of Technical Opening of E-Tender |
|---|---|---|---|---|
| 2025_MPPGC_ 461538_1 | Re-insulation of Stator Bars of 2x80 MW Unit, PHPS Totladoh | 56600.00 | 17.01.2026 Up to 15:00 Hrs. | 20.01.2026 From 15:30 Hrs. onwards |

**Note :-** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in** For any change in specification/ technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in** Any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.
M.P. Madhyam/123516/2025 **"SAVE ELECTRICITY"** **SE (O&M)**



**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म. प्र.) पिन - 482001
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
Phone No. 0761-2621541
E-mail:- cepwdcentral@mp.nic.in
निविदा सूचना कमांक - 14/सा/2025-26 जबलपुर, दिनांक 09.12.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला / लो. नि.वि.संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB _461893_1 | नरसिंहपुर | गोटेगांव उपसंभाग के अंतर्गत बेदू से जमुनिया कछवा दौन लं. 5.80 कि.मी. का निर्माण, विद्युतीकरण कार्य सहित । | द्वितीय | 516.63 लाख | 5,16,700/- | 20,000/- | 10 माह वर्षाऋतु सहित |

टीप:- निविदा का विस्तृत का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 26.12.2025 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य अभियंता, लो.नि.वि
जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर
G-22781/25



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्रं. 1 जबलपुर**
निविदा सूचना क्र 31 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक **निविदा सूचना** जबलपुर दिनांक 12.12.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| स. क्र. | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_ 467632_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत डिफेन्स कॉलोनी स्थित माननीय न्यायाधीश बंगला नं. ए-1 में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण, सीवर लाईन, प्रोफाईल शीट शेड, विट्रीफाईड फ्लोरिंग एवं अन्य कार्य एवं बंगला नं. ए-3 में अलमारी का कार्य एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.96 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2 | 2025_PWDRB_ 467633_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत डुमना रोड स्थित माननीय न्यायाधीश बंगला नं. ए-8 में प्रोफाईल शीट शेड, पेवर ब्लॉक, वुडन अलमीरा एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.69 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 3 | 2025_PWDRB_ 467634_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत डुमना रोड स्थित माननीय न्यायाधीश बंगला नं. ए-5 एवं अन्य बंगलों में पार्किंग टाईल्स, ग्रेनाईट कार्य एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.68 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 4 | 2025_PWDRB_ 467635_pack1 | मुख्यालय सेक्शन अंतर्गत डुमना रोड स्थित माननीय न्यायाधीश बंगला नं. ए-1 में दरवाजों में वॉल पेनेलिंग, टॉयलेट का रेनोवेशन एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.87 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 5 | 2025_PWDRB_ 467636_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय अंतर्गत शेड का कार्य एवं अन्य विविध कार्य। | प्रथम | 19.00 | 38000.00 | 2000.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 6 | 2025_PWDRB_ 467637_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय अंतर्गत लैण्ड स्केपिंग एवं हॉर्टीकल्चर कार्य एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 18.50 | 38000.00 | 2000.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 7 | 2025_PWDRB_ 467638_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय अंतर्गत ए.डी.एम. ब्लॉक में ओल्ड पेपर बुक सेक्शन का रेनोवेशन, लकड़ी का कार्य एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 9.95 | 20000.00 | 2000.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 8 | 2025_PWDRB_ 467639_pack1 | एडवोकेट जनरल कार्यालय एवं अधीक्षण यंत्री कैम्पस भवन में विभिन्न स्वीकृत कार्य एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.80 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| | | कुल योग | प्रथम | 146.45 | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 26/12/2025 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

G-22791/25 कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ / स), संभाग क्र. -1, जबलपुर



**हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
रीजनल ब्रांच ऑफिस: 101-बी, प्रथम तल एनआर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

**सरफेसी अधिनियम 2002 की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियन 3(1) उक्त नियम के सहपठित सेक्शन 13(2) ऑफ सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) के तहत उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत अधिकारियों के पालन में एचएचएफएल के प्रा.अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की थी जिसमें देनदारियों / गारंटरों को उक्त से संबंधित उन्हें जारी नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था, देनदारों व गारंटरों को पुन: देनदारों व गारंटरों को इस नोटिस तिथि से 60 दिनों से निम्न राशि चुकाने को कहा जाता है, देनदार व गारंटर, देय राशि व लोन राशि के भुगतान हेतु प्रस्तुत सिक्योरिटी राशि के विवरण निम्न है -

| उधारकर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| MP/JBR/JBLP/A000000750 श्री अखिलेश द्विवेदी श्री अखिलेश द्विवेदी श्रीमती सुधा द्विवेदी | 08/12/2025 Rs. 18,11,184/- | संपत्ति नगर निगम मकान संख्या 307/एफ-20-बी, मौजा गोहलपुर एन.बी. 601 पीएचएन 24/2 आरएनएम जबलपुर चितरंजन दास वार्ड संख्या 39 नर्मदा नगर तहसील अधारताल जिला जबलपुर खसरा संख्या 180/18 कुल क्षेत्रफल- 664 वर्ग फीट सीमा - पूर्व - साइड रोड, पश्चिम - गुप्ता जी का मकान, उत्तर - मोहन शर्मा का मकान, दक्षिण - सेन का मकान |
| MP/JBR/NRSP/A000000189 श्री लक्ष्मण विश्वकर्मा श्री अरुण बाई विश्वकर्मा | 08/12/2025 Rs. 26,72,211/- | संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल मौजा रीछा एस.नं. 515 पी.एच.एन. नंबर 31 आर.एन.एम श्रीनगर तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर खसरा नंबर 254 कुल क्षेत्रफल- 1.027 हेक्टेयर सीमा - पूर्व - रास्ता, पश्चिम - लक्ष्मण विश्वकर्मा की भूमि, उत्तर - देवेंद्र लोधी की भूमि, दक्षिण - लक्ष्मण विश्वकर्मा की भूमि |
| MP/CDA/PDHA/A000000038 श्री नरेन्द्र गजभिए श्रीमती मुनीम गजभिये श्रीमती बेबी गजभिए श्री सुरेंद्र गजभिए श्री महेंद्र गजभिए | 08/12/2025 Rs. 6,20,487/- | संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल मौजा बम्हनी बी.एन. नंबर 263 पी.एच.एन. नंबर 27 आर.एन.एम पांढुर्ना तहसील पांढुर्ना और जिला छिंदवाड़ा खसरा नंबर 294/51 कुल क्षेत्रफल- 0.003 हेक्टेयर सीमांकित - पूर्व - कुंडलिक बंजारी बेची गई भूमि, पश्चिम - 15 फीट कच्ची सड़क, उत्तर - 10 फीट कच्ची सड़क, दक्षिण - निर्मल घनघोड़े की भूमि |
| MP/JBR/CDWR/A000000303 श्री प्रवीण यादव श्रीमती गीता यादव श्रीमती आशा यादव | 08/12/2025 Rs. 20,06,721/- | संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल मौजा ग्राम हिवरासुदेव बी.एन. नंबर 603 पी.एच.एन. नंबर 66 आर.एन.एम इकालबिहारी तहसील मोहखेड़ा जिला छिंदवाड़ा खसरा नंबर 83/1 कुल क्षेत्रफल-1800 वर्ग फीट। सीमांकित - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - अशोक मालवी का प्लॉट, उत्तर - जाने के लिए रास्ता ग्राम हिवरासुदेव, दक्षिण - विक्रेता की भूमि |
| MP/JBR/JBLP/A000000558 श्री रुप सिंह मेहरा श्रीमती कमला बाई | 08/12/2025 Rs. 6,09,495/- | संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल मौजा ग्राम हिवरासुदेव बी.एन. नंबर 603 पी.एच.एन. नंबर 66 आर.एन.एम इकालबिहारी तहसील मोहखेड़ा जिला छिंदवाड़ा खसरा नंबर 83/1 कुल क्षेत्रफल-1800 वर्ग फीट। सीमांकित - पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - अशोक मालवी का प्लॉट, उत्तर - जाने के लिए रास्ता ग्राम हिवरासुदेव, दक्षिण - विक्रेता की भूमि |
| MP/JBR/SEON/A000000218 श्री शिवराम बघेल श्री गणेश गणेश श्रीमती गंगोत्री गंगोत्री | 08/12/2025 Rs. 10,30,060/- | आबादी खसरा क्रमांक 203/1 मौजा बिहिरिया पी.एच.एन 38 तहसील सिवनी जिला सिवनी (म.प्र.) में आच्छादित भूमि का समस्त टुकड़ा-भाग, कुल क्षेत्रफल- 2180 वर्ग फीट, सीमांकित क्षेत्र - पूर्व - बिसेन भगेल, पश्चिम - गोपाल बोरकर का मकान, उत्तर - सड़क, दक्षिण - विजय सिंह भगेल |
| MP/JBR/CDWR/A000000135 श्री सुरेश कुमार साहू श्रीमती उर्मिला साहू | 08/12/2025 Rs. 10,83,030/- | संपत्ति का पूरा टुकड़ा खसरा संख्या 177/11/4 मौजा, माचागोरा में स्थित है, बी.नं. 227 पी.सी. नंबर 14 पी.एच.एन. नंबर 14 आर.एन.एम चौरई तहसील चौरई जिला छिंदवाड़ा एमपी कुल क्षेत्रफल- 0.031 हेक्टेयर सीमा - पूर्व - सरकारी कच्ची सड़क, पश्चिम - मेहतर पुत्र खेमचंद साहू का मकान, उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - रामनारायण पुत्र पूरनलाल की भूमि |
| MP/JBR/CDWR/A000000222 श्री तेजेस वाडबुधे श्री हरिराम वाडबुडे श्रीमती दुर्गा वाडबुडे | 08/12/2025 Rs. 9,86,437/- | संपत्ति के सभी टुकड़े ग्राम मौजा सौसर इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 15 पी.एच.एन. क्रमांक 18 तहसील सौसर खसरा क्रमांक 1154/61 तहसील सौसर जिला:- छिंदवाड़ा एम.पी 480106 कुल क्षेत्रफल- 1200 वर्ग फीट। सीमा - पूर्व - 20 फीट कच्ची सड़क, पश्चिम - असलम खान की जमीन, उत्तर - सुमन की जमीन, दक्षिण - सुनील शर्मा की जमीन |
| MP/JBR/GDWR/A000000077 श्री विजय आहूजा श्रीमती संगीता आहूजा | 08/12/2025 Rs. 22,01,742/- | डमरु घाटी तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्य प्रदेश के चिरहाकला टेम्पले के पास मौजा की परिवर्तित भूमि का पूरा टुकड़ा सर्वे क्रमांक 563/9,563/10, 563/11 कुल क्षेत्रफल- 800 वर्ग फीट सीमांकित - पूर्व - 7.5 मीटर कॉलोनी रोड, पश्चिम - प्लॉट संख्या 116, उत्तर - प्लॉट संख्या 87, दक्षिण - प्लॉट संख्या 89 |
| MP/KTN/SHDL/A000000240 श्री ब्रज किशोर यादव श्रीमती नीताशा यादव | 08/12/2025 Rs. 10,59,056/- | वास्तु हिल्स, फ्लैट संख्या- बी-002, भूतल, लोढ़ा हेवन, बदलापुर पूर्व, शिरागाव गांव, तालुका अंबरनाथ, लैंडमार्क- यादव ऑटो स्टैंड के पास, ठाणे, महाराष्ट्र- 421503 कुल क्षेत्रफल- 525 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व - फ्लैट की आंतरिक दीवार, पश्चिम - लॉबी/लिफ्ट, उत्तर - फ्लैट संख्या 01, दक्षिण - फ्लैट संख्या 02 |
| MP/JBR/REWA/A000000476 दिवाकर साहू जी श्रीमती उर्मिला साहू | 09/12/2025 Rs. 13,10,056/- | वार्ड नंबर 10, दक्षिण कुरुड़िया, फोन नंबर 70, आर.एन.एम., सीधी तहसील, गोपद, खसरा नंबर 152 और 253/1/1/1/1/1/1/1, शहरी, सीधी, मध्य प्रदेश, भारत - 486661। कुल क्षेत्रफल- 1724.5 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं: खसरा 152- पूर्व- अनीता साकेत की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर- दीप नारायण सिंह की भूमि, दक्षिण- प्रस्तावित 15 फुट चौड़ी सड़क; खसरा 253- पूर्व- अनीता साकेत की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर- बृजेंद्र तिवारी और सविता सिंह की भूमि, दक्षिण- कुलदीप सिंह की भूमि। |
| MP/JBR/REWA/A000000386 एमएस लालबाई रजक श्री सतीश कुमार रजक | 09/12/2025 Rs. 5,27,362/- | मौजा ग्राम समन जे एन 580 पीएफ समन 19 आर एन एम रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा खसरा संख्या 753/2/के, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486001। कुल क्षेत्रफल- 1360 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व- सड़क, पश्चिम- पांडे जी का भूखंड, उत्तर- केमला प्रजापति का भूखंड, दक्षिण- मिश्रा जी का भूखंड। |
| MP/JBR/STNA/A000000144 श्रीमती शारदा शुक्ला श्रीमती आशा शुक्ला | 09/12/2025 Rs. 14,62,289/- | खसरा नंबर 10/10/का/2/1/1/1/1/1, मौजा ग्राम उदयपुर मदन मोहन मालवीय वार्ड नंबर 02 पीएच 41 आर एन एम मैहर तहसील मैहर जिला मध्य प्रदेश, भारत - 485771 कुल क्षेत्रफल- 1200 वर्ग फीट। सीमा इस प्रकार है- पूर्व-सड़क 30 फीट चौड़ी, पश्चिम-विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-रवि चौरसिया का घर और प्लॉट |
| MP/JBR/REWA/A000000544 श्री सुधीर कुमार रजक श्रीमती रामकली रजक | 09/12/2025 Rs. 10,11,432/- | मौजा ग्राम लक्ष्मणपुर पीएच लक्ष्मणपुर आर एन एम कोठी तहसील हुजूर नगर जिला रीवा खसरा संख्या 1277, शहरी, रीवा, मध्य प्रदेश, भारत - 486005 कुल क्षेत्रफल- 5722 वर्ग फुट। सीमाएँ इस प्रकार हैं - पूर्व- भरत कुमार राजक का मकान, पश्चिम- राजीव लोचन मिश्रा का मकान, उत्तर- सरकारी सड़क, दक्षिण- अन्य भूमि |

यदि उक्त देनदार / गारंटर उक्त भुगतान एचएचएफएल को नहीं करते हैं, एचएचएफएल उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) व लागू नियमों के तहत पूरी तरह से देनदार / गारंटर के जोखिम, लागत व परिणामों के तहत सिक्योर्ड एसेट के खिलाफ कार्यवाही कर सकते है, विवरण हेतु संपर्क प्रा. अधिकारी संबंधित शाखा ऑफिस हिंदुजा हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड, 101-बी, प्रथम तल एन आर के बिजिनेस पार्क विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452010 एवं मोबाईल नं. Vaibhav Shrivastava - 7987969803, Rajesh Chakotiya - 8435571111, Gourav Naik - 75877 48188, Divyank Shrivastava - 831 822 5992

दिनांक - 16/12/2025 प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड


### खबर संक्षेप

#### आईनॉक्स विंड को मिला आदित्य बिरला से ठेका



**नई दिल्ली।** आईनॉक्स विंड को आदित्य बिरला रिन्यूएबल्स (एबीआरईएल) की अनुषंगी कंपनी एबीआरएल ईपीसी लिमिटेड से 102.3 मेगावाट बिजली आपूर्ति का ठेका मिला है। कर्नाटक में एबीआरएल ईपीसी लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही परियोजनाओं के लिए अपने 3.3 मेगावाट के टर्बाइन की आपूर्ति का ठेका मिला है।

#### व्हील्स इंडिया का जापान की कंपनी टोपी से करार



**नई दिल्ली।** व्हील्स इंडिया ने एल्युमीनियम मिश्र धातु के पहियों के डिजाइन, विकास एवं निर्माण के लिए जापान की टोपी इंडस्ट्रीज के साथ एक तकनीकी सहायता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। टोपी, व्हील्स इंडिया के 'कास्ट एल्युमिनियम व्हील' व्यवसाय के डिजाइन एवं विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए तकनीकी जानकारी और इंजीनियरिंग सहायता प्रदान करेगी।

## सोना 4,000 रुपए उछलकर 1.37 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- चांदी की कीमतें 1,99,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 4,000 रुपये बढ़कर 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह कहा। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,33,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय हाजिर बाजार में सोना के 4,350 अमेरिकी डॉलर के स्तर की ओर बढ़ने के साथ ही घरेलू बाजार में तेज उछाल देखने को मिला। इससे सोने की कीमतें नयी ऊंचाई पर पहुंच गईं। त्रिवेदी ने कहा कि पीली धातु ने वैश्विक मजबूती को दर्शाते हुए तेज बढ़त के साथ एक नया सर्वकालिक उच्च स्तर छू लिया। इससे पहले 17 अक्टूबर को सोना 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया था। त्रिवेदी ने कहा, ''यह तेजी सुरक्षित निवेश की मांग और इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों को लेकर बनी उम्मीदों के कारण आई है। अब ध्यान पूरी तरह अमेरिकी वृहत आर्थिक संकेतों पर है, जिससे अस्थिरता ऊंची बनी रहने की संभावना है। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 58,650 रुपये यानी 74.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सोने का भाव 31 दिसंबर 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

#### सोना लगातार पांचवें सत्र में बढ़ा

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने का हाजिर भाव लगातार पांचवें सत्र में बढ़ा और यह 49.83 अमेरिकी डॉलर यानी 1.16 प्रतिशत बढ़कर 4,350.06 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। पिछले पांच सत्रों में पीली धातु में कुल 159.32 अमेरिकी डॉलर यानी 3.80 प्रतिशत की बढ़त हुई है। इस बीच, विदेशी बाजारों में चांदी का हाजिर भाव दो अमेरिकी डॉलर यानी 3.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 63.96 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

## ईरान की रियाल मुद्रा निचले स्तर पर पहुंची

एजेंसी ⏭ तेहरान

ईरान की रियाल मुद्रा में सोमवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 लाख से अधिक के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। प्रतिबंधों के दबाव और क्षेत्रीय तनावों के बीच 12 लाख का स्तर पहली बार टूटने के महज दो सप्ताह से भी कम समय में मुद्रा की गिरावट और तेज हो गई है। तेहरान में मुद्रा कारोबारियों ने डॉलर का भाव 13 लाख रियाल से ऊपर बताया, जो तीन दिसंबर के बाद से गिरावट की तेज रफ्तार को दर्शाता है। उस दिन रियाल अपने तत्कालीन रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंची थी। खाद्य पदार्थों तथा अन्य रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतें ऊपर जा रही हैं और घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। हाल के दिनों में लागू किए गए पेट्रोल मूल्य में बदलाव से यह प्रवृत्ति और तेज हो सकती है। यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब वाशिंगटन और तेहरान के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत को बहाल करने के प्रयास ठप होते नजर आ रहे हैं।



- खाद्य कीमतों में तेज बढ़ोतरी की आशंका
- अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 लाख रियाल से अधिक पर

***दोबारा संघर्ष की आशंका से अनिश्चिता कायम***

*जून में ईरान और इजराइल के बीच 12 दिनों तक चले युद्ध के बाद दोबारा संघर्ष की आशंका को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ईरान में कई लोगों को एक व्यापक टकराव की आशंका है, जिससे बाजार की चिंता और बढ़ गई है।*

चिंतन

# ग्रामीण विकास के लिए 'जी राम जी' की तैयारी

कई क्षेत्रों, योजनाओं, पीएम नरेंद्र मोदी आवास और राजभवनों के नाम बदलने वाली केंद्र सरकार अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) योजना का नाम बदलने जा रही है। अब इसका नाम पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना (विकसित भारत-जी राम जी) हो सकता है। मनरेगा को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में जल्द विधेयक लाया जा सकता है। इस नए विधेयक का नाम 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025' होगा। विधेयक की प्रतियां लोकसभा सदस्यों को बांट दी गई हैं। इस कदम के पीछे मानना है कि सरकार इसे सिर्फ एक रोजगार गारंटी योजना न मानकर ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण, विकास और एक समृद्ध भविष्य (विकसित भारत 2047) की दिशा में बड़े मिशन के रूप में देख रही है, जिसका मकसद सिर्फ 100 दिन का काम देना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, जिसमें अब अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले हर ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को हर वित्तवर्ष में 125 दिन के रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। सरकार का कहना है कि मनरेगा में जहां आजीविका सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित था, वहीं 'जी राम जी' में समृद्ध और लचीले ग्रामीण भारत के लिए सशक्तीकरण, विकास, तालमेल और संतृप्ति को बढ़ावा और विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक पर जोर देना है, खेतिहर मजदूरों की उपलब्धता को आसान बनाना है। प्रस्तावित विधेयक के तहत मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या कार्य पूरा होने के 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि आवेदन के 15 दिनों के भीतर काम उपलब्ध नहीं कराया गया तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी किया गया है। कार्यों को चार प्रमुख क्षेत्रों, जल सुरक्षा, मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़ी अवसंरचना और आपदा-रोधी ढांचे में विभाजित किया गया है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जियो-टैगिंग, डिजिटल एमआईएस डैशबोर्ड, साप्ताहिक सार्वजनिक खुलासे और सामाजिक अंकेक्षण को अनिवार्य किया है। शिकायत निवारण के लिए बहु-स्तरीय व्यवस्था और जिला स्तर पर लोकपाल की नियुक्ति का भी प्रावधान है। योजना पर अनुमानित वार्षिक व्यय 1.51 लाख करोड़ बताया गया है, जिसमें केंद्र का हिस्सा लगभग 95,692 करोड़ रुपये होगा। बढ़े हुए रोजगार और परिसंपत्तियों के निर्माण से ग्रामीण आय बढ़ेगी, पलायन घटेगा और महिलाएं भी कार्यबल में शामिल होंगी, जिससे ग्रामीण बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और श्रमिकों की आय पर सकारात्मक असर पड़ेगा, जिससे उनका भविष्य सुधर सकता है। संक्षेप में कहें तो यह बदलाव मनरेगा को एक सतत ग्रामीण विकास और सशक्तिकरण के मिशन में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए है, लेकिन नाम बदलना सिर्फ प्रतीकात्मक है, असली बदलाव क्रियान्वयन और पारदर्शिता में ही होगा। ग्रामीण विकास के बाद ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा।



नरेंद्र सिंह तोमर
अध्यक्ष, मप्र विधानसभा

# विधानसभा की सात दशक तक की यात्रा में लोकतांत्रिक मूल्यों का हुआ सशक्तिकरण

मध्यप्रदेश विधानसभा के गठन की 69वीं वर्षगांठ पर 17 दिसंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आहूत किया गया है। यह, वह दिन होगा जब हम अपने अतीत का स्मरण कर उससे सीखेंगे और भविष्य के लिए नए संकल्प लेंगे। इस एक दिवसीय सत्र में मध्यप्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने पर चर्चा होगी।

भारत को संपूर्ण विश्व में 'लोकतंत्र की जननी' के रूप में मान्यता है। भारत ने ही दुनिया को सबसे पहले लोकतंत्र का बीज दिया है। वैदिक काल से ही सभा, समिति और संसद जैसे शब्द हमारी शासन शैली में रहे हैं और सत्ता के निर्णयों में जनता का हस्तक्षेप रहा है। उपनिषद का वाक्य 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' यह स्थापित करता है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुख, आरोग्य और कल्याण को पहुंचाना सदैव ही हमारा ध्येय वाक्य रहा है।

स्वतंत्रता उपरांत संवैधानिक व्यवस्था में एक सुदृढ़ संघीय किंतु विकेंद्रीकृत लोकतांत्रिक व्यवस्था में केंद्र एवं राज्यों की अपनी-अपनी सुस्पष्ट भूमिका है। हमारे संविधान निर्माताओं ने यह गंभीरता से सोचा कि राज्यों की विधान भवन केवल सत्ता के कर्मकांड का केंद्र बनकर न रह जाएं, वे जनता के कल्याण और प्रदेश के विकास के संवाहक बनें और गांव, गरीब, किसान, युवा और वंचित वर्ग की चिंता विधानसभाओं में होने वाली चर्चा का मूल तत्व हो।

मध्यप्रदेश में विधानसभा ने संसदीय प्रक्रियाओं, नियमों, परंपराओं एवं सदन संचालन के माध्यम से प्रदेश को एक सुशासित, जनकल्याणकारी एवं विकासोन्मुखी राज्य बनाने में अपनी महति भूमिका का निर्वहन किया है। यह सदन गवाह रहा है विगत 7 दशकों तक में प्रदेश की विकास यात्रा में बढ़ाए गए एक-एक कदम का। 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश के पुनर्गठन के साथ ही प्रदेश की विधानसभा अस्तित्व में आई और इसका पहला अधिवेशन 17 दिसंबर 1956 को प्रारंभ हुआ था। आगामी 17 दिसंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा गठन के 69 वर्ष पूर्ण हो कर हम 70 वें वर्ष में प्रवेश कर हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा के गठन की 69वीं वर्षगांठ पर 17 दिसंबर को मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आहूत किया गया है। यह, वह दिन होगा जब हम अपने अतीत का स्मरण कर उससे सीखेंगे और भविष्य के लिए नए संकल्प लेंगे। इस एक दिवसीय सत्र में मध्यप्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने पर चर्चा होगी। विधानसभा की वर्षगांठ पर प्रदेश के विकास का नया रोडमैप तैयार हो इसके लिए सदन के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और विचार अपेक्षित हैं।

मध्यप्रदेश विधान सभा ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक जन आकांक्षाओं की पूर्ति में एक सशक्त भूमिका निभाई है। इन सात दशकों में मध्यप्रदेश की विधानसभा ने भारत के संसदीय इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों से अंकित किया है। यहां बहस, हंगामे पर सदैव भारी रही है। परस्पर संवाद का रास्ता सदैव खुला रहा और पक्ष-विपक्ष ने सदैव उस जनता की चिंता की



जिसने उसे चुनकर यहां अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए प्रतिनिधि के रूप में भेजा है।

16 वीं विधानसभा जो कि वर्तमान में अस्तित्व में है, अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण कर रही है। इस दौरान 7 सत्र आयोजित किए जिसमें 51 विधेयक पारित किए गए। 16 हजार से अधिक तारांकित और अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से जनता से जुड़े मुद्दों के जवाब सरकार की ओर आए हैं। 66 ध्यानाकर्षणों पर चर्चा हुई और 84 पटल पर रखे गए। सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि शून्यकाल की समस्या को जीवंत बनाया गया ताकि आम जनता से जुड़े विषयों को सदन में रखने के लिए सदस्यों को अधिक से अधिक समय प्राप्त हो सके।

सदन के नए सदस्यों और महिला सदस्यों को बोलने एवं अपने विचार व्यक्त करने के लिए सत्र के दौरान उन्हें ज्यादा से ज्यादा समय देने का प्रावधान किया गया है। पहले यह व्यवस्था थी कि सत्र समाप्त होने के साथ ही उसके अनुत्तरित प्रश्न स्वतः समाप्त हो जाते थे। इससे कई महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार का जवाब आने से रह जाता था और वे दब कर रह जाते थे। 16 वीं विधानसभा में ' अध्यक्ष के स्थाई आदेश के अध्याय 3 ' प्रश्न और अल्प सूचना प्रश्न' के अंतर्गत कण्डिका 13-क के पश्चात अंतः स्थापित नवीन कण्डिका 13-ख को विलोपित करने का निर्णय किया गया। इससे विधानसभा के विघटन के पूर्व सत्र तक लंबित प्रश्नों के उत्तर व्यपगत नहीं होंगे बल्कि इसके संबंध में परीक्षण करके प्रश्न एवं संदर्भ समिति द्वारा कार्यवाही की जाएगी एवं अनुशंसा सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

16 वीं विधानसभा में सभी सदस्यो ने समवेत स्वर में कार्य प्रथम और अनुशासन प्रथम के मंत्र को स्वीकार किया है। इसी का परिणाम है कि इन दो वर्षो में 11 बैठकें ऐसी भी हुई जिनमें भोजन अवकाश हुआ ही नहीं। सदस्यों ने लंच को छोड़ कर सदन की कार्यवाही को प्राथमिकता दी।

सदन में कार्यवाही के दौरान लिए गए निर्णय परिणाम मूलक हों, इसमें विधानसभा की समितियों की महत्वर्पूण भूमिका होती है। इन्हें सदन का लघुरूप माना जाता है। संसदीय समितियां सदन की आंख और कान का कार्य करती हैं और उन्ही के माध्यम से सदन सत्र में न रहते हुये भी निरन्तर कार्य करता रहता है । 16 वीं विधानसभा के विगत 2 वर्षों में विधानसभा समितियों के गठन, सक्तिकरण, स्वायत्ता, अनुशंसाओं पर प्रभावी क्रियान्वयन की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य हुआ है। 16 वीं विधानसभा में 22 समितियां कार्यरत हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड के प्रतिकूल समय में 'आत्मनिर्भर भारत' का संकल्प हम सभी को दिलाया था। हम पूर्ण निष्ठा से इस ओर अग्रसर हैं और कोविड काल में ही इसके परिणाम पूरे विश्व में परिलक्षित हुए हैं। 15 अगस्त 2022 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री ने वर्ष 2027 तक 'विकसित भारत' के निर्माण का लक्ष्य भी हम सभी को दिया है। मध्यप्रदेश भी विकसित और आत्म निर्भर भारत के निर्माण में तीव्र गति से अग्रसर है। राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों के परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं। विकसित मध्यप्रदेश के महान लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी नागरिकों में सहकार के साथ ही विधायिका का अविस्मरणीय योगदान हो इस निमित्त 17 दिसंबर को रखे गए विशेष सत्र का बड़ा महत्व है। मुझे विश्वास है कि यह सत्र परिणामकारी और यशस्वी होगा।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विरासत
योगेंद्र माथुर



# दीपावली विश्व विरासत घोषित होना सनातन मूल्यों का सम्मान

दीपावली को यूनेस्को द्वारा सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया जाना न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में फैले अप्रवासी भारतीयों के लिए भी गौरव का विषय है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) विश्वभर में मानवता के लिए असाधारण महत्व की मानी जाने वाली सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों की पहचान, संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। यूनेस्को की परिभाषा के अनुसार सांस्कृतिक विरासत में वे प्रथाएं, ज्ञान, अभिव्यक्तियां, वस्तुएं और स्थान शामिल हैं, जिन्हें समुदाय अपनी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं। इस दृष्टि से दीपावली दुनिया के बड़े वर्ग की आस्था व विश्वास की अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण पर्व है। सनातन धर्म परम्परा में दीपावली पर्व मनाए जाने के अनेक प्रसंग हैं, लेकिन मूलतः दो प्रसंग महत्वपूर्ण हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम वनवास के दौरान लंका विजय कर जब अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों में हर्ष और उल्लास का वातावरण था। उन्होंने अपनी इस भावना का प्रकटन प्रकाश से किया था। घर-घर दीप प्रज्वलित कर प्रकाश और मंगलगान किया गया। दूसरा प्रसंग है समुद्र मंथन से उत्पन्न लक्ष्मी के आवाहन का। इसी लक्ष्मी के अपने घर आवाहन का पर्व है दीपावली। किसी कवि ने लिखा है, रात भर दिए ने अंधेरे से संघर्ष किया, सुबह उठकर लोगों ने उगते सूरज को ही सलाम किया। तब भी यह दीप जलता है आत्म कुंठा के अंधकार को भगाने के लिए। यह जलता है त्याग का प्रकाश फैलाने के लिए। यह दीप जलता है दुख-दारिद्र्य का अंधियारा मिटाने के लिए। यह दीप जलता है सुख-समृद्धि का उजियारा फैलाने के लिए। यह दीप जलता है परोपकार व सदाचार का पथ आलोकित करने के लिए। दीपक का यह संघर्ष ही तो मानवता का संघर्ष है। संघर्ष अन्याय, अत्याचार व अनाचार के विरुद्ध। भगवान श्री राम ने भी तो यही किया था। दीपावली पर्व संदेश देता है अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का, असत्य पर सत्य की जीत का और मृत्यु से अमृत अर्थात अमरता की ओर बढ़ने का। यूनेस्को का यह महत्वपूर्ण आयोजन दिल्ली के लाल किले में चल रहा है, जिसमें दुनिया के 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और यूनेस्को के वैश्विक प्रतिनिधियों की उपस्थिति है। भारत इस आयोजन की पहली बार मेजबानी कर रहा है। अब तक भारत की 15 प्राचीन परंपराएं, कलाएं व सांस्कृतिक आयोजन यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं।

इस सूची में कुंभ मेला, रामलीला, योग, नवरोज ( पारसी समुदाय का त्योहार, मुंबई, गुजरात, अंतराष्ट्रीय स्तर पर ईरान व मध्य एशिया), कुदियाकट्टम, ( केरल ), कालबेलिया नृत्य, चौह छऊ नृत्य (सरायकेला-झारखंड, पुरुलिया-पश्चिम बंगाल, मयूरभंज-उड़ीसा), बौद्ध चैत्य नृत्य, वैद्यकीय परंपराएं-आयुर्वेदिक ज्ञान ( केरल, कर्नाटक, उत्तराखंड, बनारस-उत्तरप्रदेश), रंजीतगढ़ ढोल ( पंजाब विशेषकर रंजीतगढ़ ), गरबा साइंत लोक नाट्य परंपरा ( उत्तरप्रदेश ), मुद्दियेत्तू ( केरल ) छऊ मुखौटा कला (पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा की मुखौटा निर्माण परंपरा), दुर्गा पूजा उत्सव ( कोलकाता ) शामिल हैं। दीपावली सहित अब यह संख्या 16 हो गई है। हालांकि भारत की प्राचीनता, ऐतिहासिकता व समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं की दृष्टि से मात्र 16 परम्पराओं व सांस्कृतिक आयोजनों का यूनेस्को की सूची में शामिल होना ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। किसी भी सांस्कृतिक धरोहर के यूनेस्को की सूची में आने का मतलब उसे वैश्विक पहचान मिलना और लोकप्रियता में वृद्धि होना होता है। इससे दुनियाभर के पर्यटक उसकी तरफ आकर्षित होते हैं, संबंधित देशों में पर्यटन बढ़ता है, संबंधित स्थानीय कलाकारों को नया कार्य मिलता है और इन देशों के अर्थ तंत्र को खासा लाभ पहुंचता है।

यूनेस्को सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने, दस्तावेज तैयार करने और आगे की पीढ़ियों तक पहुंचाने में सहायता या सहयोग करता है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर यूनेस्को आर्थिक व तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराता है। वर्ष 2024 में वैश्विक सर्वेक्षण एजेंसियों के अनुमान के अनुसार इटली में लगभग 7 करोड़ विदेशी पर्यटक पहुंचे थे, जबकि भारत में यह आंकड़ा 1 करोड़ के आसपास ही रहा। तुलनात्मक दृष्टि से हम अत्यधिक पिछड़े हुए हैं। भारत के लिए यह चिंता व चिंतन का विषय होना चाहिए और भारत की अन्य धरोहरों को इस सूची में शामिल कराए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# भक्ति का मतलब ये नहीं कि जीवन में दुःख नहीं होंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## सटाका




## आज की पाती

### आपत्तिजनक कंटेंट नहीं देख पाएंगे किशोर

डिजिटल युग में सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं किशोर, जिनकी सोच, मनोवृत्ति और व्यवहार अभी विकसित हो ही रहे हैं। सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोए किशोरों के लिए यह प्लेटफॉर्म कभी-कभी सीख का माध्यम तो बनता है, परंतु कई बार यह मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक असंतुलन का कारण भी बन जाता है। इन्हीं चिंताओं को देखते हुए इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब 18 वर्ष से कम आयु के किशोर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आपत्तिजनक या अनुचित कंटेंट नहीं देख पाएंगे। यह फैसला केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। *- संकेत वर्मा, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# भारत ने श्रीलंका में फील्ड अस्पताल संचालन किया बंद

चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका में भारत द्वारा स्थापित फील्ड अस्पताल ने अपना मिशन सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अपना संचालन बंद कर दिया है। यहां स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। मिशन की तरफ से रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत भारतीय सेना की शत्रुजीत ब्रिगेड के 78 सदस्यीय एकीकृत टास्क फोर्स के साथ एक पूर्ण विकसित पैरा फील्ड अस्पताल दो दिसंबर को श्रीलंका के लिए एयरलिफ्ट किया गया और कैंडी के पास महियांगनाया में तैनात किया गया ताकि तत्काल चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।



इसमें कहा गया है कि इस सुविधा में प्रतिदिन लगभग 1,000 से 1,200 रोगियों की देखभाल की गयी और अस्पताल आघात प्रबंधन सर्जरी सहित महत्वपूर्ण जीवन रक्षक चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहा था। विज्ञप्ति में कहा गया, "संचालन के दौरान, अस्पताल ने उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए, कुल 7,176 रोगियों का इलाज किया, 513 छोटी शल्य प्रक्रियाओं को अंजाम दिया और 14 बड़ी सर्जरी की गयीं, जिससे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक में रोगियों को राहत और आराम मिला।"

## ऑफ बीट

# प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में



खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।

## ट्रेंड

### पटेल को हार्दिक श्रद्धांजलि



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 75वीं पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना जीवन देश को एकजुट करने में समर्पित कर दिया।' 'कृतज्ञ राष्ट्र एक अविभाजित और सशक्त भारतवर्ष के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को कभी नहीं भूल सकता।' **-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### पुण्यतिथि पर नमन



राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, मजबूत भारत के शिल्पकार लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करता हूं।' 'सरदार पटेल ने खंड-खंड में बंटे आजाद भारत को तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद एकीकृत कर मजबूत राष्ट्र का सुदृढ़ रूप दिया।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### आतंकी हमले की निंदा



ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सीनेटर वोंग से अभी-अभी बात हुई। बॉण्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ऑस्ट्रेलिया को हमारा पूर्ण समर्थन देने की बात की। हम हनुक्का समारोह को निशाना बनाकर किए गए आतंकी हमले की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। **-एस. जयशंकर, विदेश मंत्री**

### यह बड़ी साजिश



यह केवल महात्मा गांधी नरेगा का नाम बदलने की बात नहीं। ये भाजपा-आरएसएस की मनरेगा को ख़त्म करने की साज़िश है। संघ के सौ साल पर गांधी का नाम मिटाना दिखाता है कि जो मोदी जी विदेशी धरती पर बापू को फूल चढ़ाते हैं, वो कितने खोखले हैं। **-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भाजपा सांसद ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, पर माफी भी मांगी थी

# कब्र... वाली बात पर भड़के नड्डा-रिजिजू, बोले- सोनिया गांधी-खरगे समेत पूरी कांग्रेस पीएम मोदी से मांगे माफी




रामलीला मैदान में लगे थे आपत्तिजनक नारे ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई कांग्रेस की रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित अपमान वाले नारे को लेकर राजनीति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री के कथित अपमान के इस मामले में पूरा सत्तापक्ष आक्रामक दिखा। लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी सत्ता पक्ष के सांसदों ने पीएम मोदी के कथित अपमान को लेकर जमकर हंगामा हुआ। राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी से माफी मांगने की मांग की। नड्डा ने कांग्रेस पार्टी की रैली में कही गई बातों को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की रैली में नारे लगे, मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगी। नड्डा ने कहा कि ऐसे नारे कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि ये नामदारों की झुंझलाहट को भी स्पष्ट करता है। उन्होंने कहा कि एक प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी बातें कहना और मृत्यु की कामना करना बहुत निंदनीय है। नड्डा ने कहा कि इस घटना के लिए नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी की नेता सोनिया गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री नड्डा के ऐसा कहने पर सदन में दोनों पक्षों की तरफ से जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बीच नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राजनीति का स्तर इतना गिरा दिया है, जो कल्पना से परे है।

**नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने राजनीति का स्तर गिरा दिया है**


जेपी नड्डा ने उठाया मामला


किरेन रिजिजू ने मांफी मांगने की मांग की

## भाजपा सांसद रहीं निरंजन ज्योति ने मांगी थी माफी

किरेन रिजिजू ने कांग्रेस को याद दिलाया कि जब 2014 में भाजपा सांसद रहीं निरंजन ज्योति ने विपक्ष के एक नेता के लिए गलत शब्द इस्तेमाल किया था, इस पर तुरंत पीएम मोदी ने उनसे संसद में माफी मांगने के लिए कहा था और सांसद ने माफी मांगी थी। रिजिजू ने कहा कि लोकतंत्र में भाषा किस स्तर की हो, यह सभी को समझना चाहिए। भाजपा और एनडीए की तरफ से कभी भी किसी का नाम लेकर माता-पिता या किसी अन्य नेता के लिए 'मौत' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हम एक-दूसरे का कितना भी विरोध करें, फिर भी हम एक-दूसरे का सम्मान करते हुए शुभकामनाएं देते हैं। राजनीतिक लड़ाइयां अलग होती हैं, लोकतंत्र में हर किसी को राजनीति करने का अधिकार है और हम अलग-अलग तरीकों से एक-दूसरे की आलोचना या विरोध करते हैं। लेकिन कोई भी कभी किसी दूसरे व्यक्ति को मारने के बारे में सोचता या बोलता नहीं है। यह किस तरह की मानसिकता है जो खुलेआम किसी विरोधी को मारने के लिए उकसाती है?

### अध्यक्ष को देश से मांगनी चाहिए माफी

रिजिजू ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री को दुनिया और हमारे 1.4 अरब लोगों का देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता के तौर पर पहचानता है। यह बहुत दुख की बात है और अफसोसजनक है कि विपक्ष के कुछ सदस्य उनके खिलाफ आपत्तिजनक बात कर रहे हैं। किरेन रिजिजू ने दोहराया कि सिर्फ खंडन करना काफी नहीं है। संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष नेता को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें संसद में देश के लोगों से खुलेआम माफी मांगने में देरी नहीं करनी चाहिए। तभी हम समझेंगे कि गलती हुई थी और कांग्रेस पार्टी ने इसे मान लिया है।

### कांग्रेस की रैली में लगाए गए थे आपत्तिजनक नारे

इस बीच, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारों की आलोचना की है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। किरेन रिजिजू ने सोमवार को संसद सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश की जनता ने सुना कि कांग्रेस पार्टी की रैली में क्या कहा गया। लोकतंत्र में हम सब सहयोगी हैं, दुश्मन नहीं। लेकिन कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। मेरा मानना है कि लोकतंत्र में ऐसा घटिया और शर्मनाक स्तर पहले कभी नहीं देखा गया। संसद का सत्र चल रहा है, और कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ा 'शांति' विधेयक किया पेश



लोकसभा में सोमवार को परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ा विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य भारत के कुल ऊर्जा जरूरतों में परमाणु ऊर्जा की भागीदारी बढ़ाना है। यह विधेयक परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार को प्रोत्साहित करना और इसके उपयोग को गैर विद्युत क्षेत्र तक बढ़ाने के लिए है। इसका उद्देश्य सुरक्षा, रक्षा उपाय और परमाणु दायित्व के प्रति भारत की प्रतियोगिताओं का निरंतर पालन करना भी है। केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने सतत दोहन और भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन एवं अभिवर्धन विधेयक, 2025 या शांति विधेयक (सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट का न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) पेश किया। इसका उपयोग बिजली उत्पादन, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, शोध, पर्यावरण और नवाचार में किया जाएगा। साथ ही, सुरक्षित उपयोग हेतु सशक्त नियामक ढांचा और जनकल्याण सुनिश्चित किया जाएगा। विधेयक से बनने वाला अधिनियम परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु नुकसान के लिए सिविल दायित्व अधिनियम, 2010 का स्थान लेगा। प्रस्तावित कानून का उद्देश्य सार्वजनिक-निजी भागीदारी और संयुक्त उद्यम के माध्यम से सार्वजनिक और निजी खिलाड़ियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और बड़े पैमाने पर छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों की तैनाती को बढ़ावा देना है।

- **सिविल दायित्व अधिनियम, 2010 का स्थान लेगा**

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने हिटलर से की ममता बेनर्जी की तुलना



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की बंगाल यूनिट ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसा है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सीएम ममता को 'तानाशाह' बताया है और उन्हें हिटलर से जोड़ा है। ममता बेनर्जी के चेहरे की फोटो जर्मनी के कुख्यात शासक रहे एडोल्फ हिटलर के साथ फ्रेम में लगाते हुए पोस्ट किया गया है।

### अंकिता और विक्की जैन के ठिकानों पर छापे



**रायपुर।** टीवी स्टार अंकिता लोखंडे और उनके पति, बिज़नेसमैन विक्की जैन के परिवार को हाल ही में एक बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ा। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में उनके परिवार से जुड़े कोयला कारोबार पर स्टेट जीएसटी विभाग ने बड़े स्तर पर छापेमारी की।

### 15 जनवरी को होगा बीएमसी के लिए मतदान




**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 महानगरपालिकाओं के चुनावों के शेड्यूल की घोषणा कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने जानकारी दी है कि बीएमसी समेत सभी 29 महानगरपालिका के चुनाव एक ही चरण में होंगे। 15 जनवरी 2026 को वोटिंग और 16 जनवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे।

दिल्ली की जहरीली हवा पर सीजेआई सूर्यकांत ने सख्त लहजे में कहा

# अमीर प्रदूषण फैलाते हैं और गरीब मार झेलते हैं, कल सख्त निर्देश देने के दिए संकेत

भारत में होने वाली सभी मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली। बढ़ती ठंड के साथ दिल्ली में प्रदूषण ने एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ना शुरू कर दिया है। राजधानी के ज्यादातर इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 के करीब पहुंच गया है। दिल्ली में प्रदूषण के मद्देनजर अब कनाडा, सिंगापुर और यूके सरीखे कई देशों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण से बुरा हाल हो गया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ते वायु प्रदूषण से जुड़ी याचिकाओं पर कल यानी 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पामचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर किया। इस सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कुछ निर्देश जबरन लागू किए जा सकते हैं, लेकिन शहरी महानगरों में लोग गंभीर प्रदूषण के बावजूद अपनी लाइफस्टाइल नहीं बदलना चाहते हैं। इस दौरान एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कहा कि जब तक यह अदालत कोई निर्देश नहीं देती, अधिकारी पहले से मौजूद प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा, यह मामला बुधवार को तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष आएगा और इस पर सुनवाई होगी।चीफ जस्टिस ने कहा, हम समस्या को जानते हैं और हम ऐसे आदेश पारित करेंगे जिनका पालन किया जा सके। कुछ निर्देश ऐसे हैं जिन्हें बलपूर्वक लागू किया जा सकता है। महानगरों में लोगों की अपनी लाइफस्टाइल होती है और वो गंभीर वायु प्रदूषण के बावजूद उसमें बदलाव नहीं लाना चाहते। लेकिन गरीबों का क्या होगा। इस पर एमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कहा कि गरीब मजदूर सबसे अधिक पीड़ित हैं। इससे पहले पीठ ने कहा था इस समस्या के अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए महीने में दो बार मामले की सुनवाई की जाएगी। बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे से जुड़े एक आवेदन का हवाला देते हुए कोर्ट से कहा गया कि पहले के आदेशों के बावजूद स्कूल बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं।

**बच्चों में मृत्यु दर में लगभग 100% तक की वृद्धि दर्ज की गई है**


दिल्ली में चौतरफा धुंध

### 10 शहरों में हर साल 34 हजार लोग प्रदूषण से मरते हैं

मनरेगा के अलावा कांग्रेस ने सरकार को प्रदूषण के मुद्दे पर भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, 9 दिसंबर, 2025 को मोदी सरकार ने राज्यसभा में घोषणा की थी कि देश में ऐसा कोई निर्णायक डाटा उपलब्ध नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि मृत्यु/बीमारी का सीधा संबंध वायु प्रदूषण से है। कांग्रेस महासचिव के मुताबिक सरकार ने दूसरी बार चौंकाने वाली असंवेदनशीलता दिखाई है। इससे पहले 29 जुलाई 2024 को भी राज्यसभा में यही दावा किया था। उन्होंने आंकड़ों का उल्लेख करते हुए सरकार को घेरा और कहा, लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि भारत में होने वाली सभी मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से संबंधित हैं। केवल 10 शहरों में प्रति वर्ष लगभग 34,000 मौतें हो रही हैं। अगस्त 2024 में मुंबई स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेज ने सरकारी आंकड़ों का अध्ययन कर बताया था कि देश के जिन जिलों में वायु प्रदूषण राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएओएस) से अधिक है, वहां वयस्कों की समय से पहले मौत हो रही है।

### सिंगापुर, यूके और कनाडा ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली में सिंगापुर उच्चायुक्त ने एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से फ्लाइट का स्टेटस चेक करने की अपील की है। उनका कहना है कि प्रदूषण के कारण फ्लाइट रदद हो सकती हैं। यूनाइटेड किंगडम ने भी गर्भवती महिलाओं, दिल और सांस की बीमारी से जूझने वाले लोगों को भारत की यात्रा करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेने की सलाह दी है। यूके ने अपनी एडवाइजरी में लिखा, वायु प्रदूषण स स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है। कनाडा ने भी ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए कहा, दिल्ली में धुंध के कारण वायु प्रदूषण बेहद खतरनाक हो सकता है। सर्दियों में उत्तर भारत में धूल भरी आंधियां आती हैं।

### कोहरे का कहर: भिड़े 20 वाहन, दो की मौत

कोहरे के कहर चलते सोमवार को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पटाकपुर गांव के समीप फिल्मी अंदाज में 20 से भी ज्यादा वाहन एक साथ टकराने से कार में सवार सीआईएसएफ इंस्पेक्टर हरीश व जयपुर के एक व्यवसायी 45 वर्षीय मोहम्मद खलील की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग इस हादसे में घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सीआईएसएफ इंस्पेक्ट हरीश राजस्थान के बी16 आंबेडकर नगर अलवर का रहने वाला था। जबकि दूसरा मृतक मोहम्मद खलील आदर्श नगर जयपुर का रहने वाला था। अल सुबह हुई इस घटना के बाद डीएमई पर जाम लग गया। जाम के कारण बचाव दल को पहुंचने में भी काफी देर लग गई। स्थानीय गांव के लोगों ने घायलों की मदद की। काफी मशक्कत के बाद घायलों को भिजवाया गया।वहीं सुबह कोहरे के कारण परिवहन विभाग की चंडीगढ जा रही सवारियों से भरी बस घासेड़ा गांव के समीप सड़क बनाने वाले एक वाहन से टकरा गई। जिसमें ड्राइवर शब्बीर अहमद व तीन अन्य सवारियों को मामूली चोटें आई।




### दिल्ली हाईकोर्ट हुआ हाइब्रिड!

## वायु प्रदूषण के बीच घर बैठे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में होने के कारण दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को बार के सदस्यों और खुद पेश होने वाली पार्टियों को सलाह दी कि जहां भी सुविधाजनक हो, उनके सामने लिस्टेड मामलों में हाइब्रिड तरीके से पेश हों।रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है, मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि यदि सुविधाजनक हो, तो बार के सदस्य/खुद पेश होने वाली पार्टियां अदालतों के सामने लिस्टेड अपने मामलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से हाइब्रिड तरीके से पेश हो सकते हैं। यह सलाह ऐसे समय आई है जब दिल्ली की हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' कैटेगरी में बनी रही। सुबह-सुबह ओवरऑल एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 457 तक पहुंच गया और कई इलाकों में 500 के निशान के करीब रिकॉर्ज किया गया। लोग सोमवार को घने कोहरे और कम विजिबिलिटी केबीच अपने दफ्तर जाते दिखे। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) के स्टेज-4 के तहत सबसे सख्त पाबंदियां लागू कीं है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया था विकल्प

रविवार को इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने भी इसी तरह की एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें वकीलों और मुकदमों से जुड़े लोगों से बिगड़ती हवा की गुणवत्ता के बीच वर्चुअल या हाइब्रिड सुनवाई का विकल्प चुनने का आग्रह किया गया था। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने कहा कि यह एडवाइजरी चीफ जस्टिस सूर्यकांत के निर्देशों पर जारी की गई थी, जिसमें अगर सुविधाजनक हो तो उचित मामलों में वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं का इस्तेमाल करने का आग्रह किया गया था। सोमवार को, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में वायु प्रदूषण को कंट्रोल करने से जुड़ी एक जनहित याचिका पर तुरंत सुनवाई के लिए सहमत हो गया।

एम्स और आईसीएमआर की रिसर्च में हुआ खुलासा

# कोविड वैक्सीन के कारण युवाओं की हार्ट अटैक से नहीं हुई मौत, वजह अत्याधिक शराब-दिनचर्या

आईसीएमआर की एक पत्रिका में प्रकाशित हुआ शोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**अचानक मौतों का कोई दस्तावेजीकरण नहीं हुआ, लेकिन एम्स ने शोध में इसे दर्ज किया गया। फिर इस पर लंबे समय तक रिसर्च हुई**

भारत में युवाओं में अचानक होने वाली मौतों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक संयुक्त शोध अध्ययन ने इस पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है। शोध के प्रारंभिक निष्कर्षों में कहा गया है कि इन मौतों का कोविड-19 टीकाकरण से कोई संबंध नहीं है। एम्स दिल्ली के पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुधीर अरावा ने इस शोध के परिणामों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अचानक होने वाली मौतों का कोविड-19 वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने युवाओं में अचानक होने वाली मौतों के कारणों का विश्लेषण किया और पाया कि इसका मुख्य कारण दिल का दौरा था। जब कोरोनरी धमनियां अवरुद्ध हो जाती हैं, तो हृदय का सामान्य कामकाज रुक जाता है, जिसके कारण अचानक मौत हो जाती है। बता दें, यह अध्ययन एक वर्षीय शोध पर आधारित था और इसके परिणाम आईसीएमआर की एक पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। शोध में यह भी स्पष्ट किया गया कि अब तक भारत में इस तरह की अचानक मौतों का कोई दस्तावेजीकरण नहीं हुआ था, हालांकि, एम्स के शोध में इसे दर्ज किया गया है।डॉ. अरावा ने युवाओं में अचानक मौतों के अन्य संभावित कारणों को समझाते हुए कहा कि जीवनशैली एक बड़ा कारण हो सकता है। आजकल युवाओं में अत्यधिक शराब का सेवन, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी देखी जा रही है, जो दिल के दौरे का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जीवनशैली में सुधार लाने की आवश्यकता है। डॉ. अरावा ने आगे यह भी बताया कि आनुवंशिक विश्लेषण पर आधारित शोध भी जारी है ।




### वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं: शोधकर्ता

इस बीच जब शोधकर्ताओं से पूछा गया कि क्या कोविड-19 वैक्सीनेशन और युवाओं की अचानक मौतों के बीच कोई संबंध है, तो डॉ. अरावा ने कहा कि हमने इस संभावना को भी ध्यान में रखा था, लेकिन हमारे शोध से यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि इन मौतों का कोविड-19 वैक्सीनेशन से कोई संबंध नहीं है। इस शोध ने यह साबित कर दिया है कि कोविड-19 टीकाकरण युवाओं में अचानक मौतों का कारण नहीं है।

श्रीबांके बिहारी मंदिर में दर्शन की टाइमिंग पर बोले सीजेआई

# देवता को एक मिनट भी विश्राम नहीं करने देते धनी लोग, मोटी फीस देकर करने लगते हैं पूजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में वीआईपी दर्शन-पूजा पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि देवता को विश्राम नहीं करने दिया जा रहा। जब आम श्रद्धालु दर्शन नहीं कर सकते, उस समय मोटी फीस देने वालों के लिए विशेष पूजा का आयोजन होता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचौली की बेंच मंदिर के सेवायतों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने कोर्ट की तरफ से नियुक्त कमेटी के निर्देश का विरोध किया है। कमेटी ने आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का समय बढ़ाने को कहा है। हालांकि, कोर्ट ने सुनवाई के अंत में हाई पावर्ड कमेटी को नोटिस जारी कर दिया। जनवरी में मामले की सुनवाई होगी। याचिका में श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 को चुनौती दी गई है। मंदिर के सेवाधिकारी का कहना है कि मंदिर का प्रबंधन साल 1939 में बनी एक विशेष योजना के तहत होता आया है और उस पर सरकार का अधिकार नहीं है।


फाइल फोटो

कोर्ट ने श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का समय बढ़ाने को कहा

रिपोर्ट के अनुसार याचिकाकर्ता के वकील सीनियर एडवोकेट श्याम दीवान ने कहा कि दर्शन की टाइमिंग में बदलाव किया गया है, जो मंदिर के अनुष्ठानों का अभिन्न हिस्सा है। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा कि अगर दर्शन की टाइमिंग बढ़ा दी गई तो इसमें परेशानी की क्या बात है। याचिकाकर्ता का कहना है कि अगर दर्शन की टाइमिंग में बदलाव किया जाता है तो उसका मतलब है मंदिर के अंदर अनुष्ठानों में भी बदलाव, जिनमें देवताओं का आराम करना भी शामिल है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'दिन में 12 बजे मंदिर बंद होने के बाद ये देवता को एक मिनट के लिए भी विश्राम नहीं करने देते हैं।

## खबर संक्षेप

### चिली के नए राष्ट्रपति बने जोस एंटोनियो कास्ट




**सैंटियागो।** जोस एंटोनियो कास्ट चिली के नए राष्ट्रपति बन गए हैं। चुनाव अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कास्ट ने राष्ट्रपति पद के दूसरे चरण के चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। चिली चुनाव आयोग के अनुसार रन-ऑफ में 99.33 फीसदी वोटों की गिनती हुई। कास्ट को 99.33 में से 58.18 फीसदी वोट मिले। वहीं चिली के सत्ताधारी वामपंथी गठबंधन के उम्मीदवार जीनेट जारा को 41.82 फीसदी वोट मिले।

### पाक में ड्रोन के गिरने से 3 बच्चों की मौत



**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक आवासीय क्षेत्र में ड्रोन के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना खैबर पख्तूनख्वा में बन्नू जिले के मुमंद खेल इलाके में हुई जहां शनिवार देर रात एक ड्रोन घनी आबादी वाले इलाके में गिर गया जिससे बच्चों सहित कई लोग हताहत हुए। इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायल बच्चे एवं मृतकों के शवों को पास के अस्पताल में पहुंचाया।

### जयशंकर आज से इजराइल के दौरे पर



**यरुशलम।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को इजराइल पहुंचेंगे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जयशंकर अपनी संक्षिप्त यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आइजेक हर्जोग व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी।

### हिंसा में 5 की मौत के बाद आपातकाल घोषित



**ग्वाटेमाला।** ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो ने पश्चिमी ग्वाटेमाला की दो नगरपालिकाओं में आपातकाल लागू किए जाने की रविवार को घोषणा की। ग्वाटेमाला में सशस्त्र लोगों द्वारा एक सैन्य चौकी एवं एक पुलिस थाने पर हमला किए जाने, सड़कों को अवरुद्ध किए जाने और बसों का अपहरण किए जाने के एक दिन बाद यह घोषणा की गई। इन हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। एरेवालो ने कहा कि आपराधिक गिरोह सुरक्षा बलों को पीछे हटने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं ।

## सिडनी में हुआ नरसंहार का खुलासा

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर हमला करने वाले पिता-पुत्र पाकिस्तानी मूल के

एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित बॉन्डी बीच में रविवार को हुई फायरिंग में अब तक 15 लोगों की मौत की खबर आई है। वहीं, दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हैं। एक यहूदी त्योहार- हनुक्का के दौरान हुई इस गोलीबारी की घटना के बाद से ही पूरे ऑस्ट्रेलिया में सनसनी मची है। लगभग पूरे ऑस्ट्रेलिया में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इसे 1996 को पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद से सबसे खतरनाक गोलीबारी करार दिया है।

अधिकारियों ने इस गोली को लेकर जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक हमला दो बंदूकधारियों ने किया। यह दोनों पिता-पुत्र थे, जिन्होंने खास तौर पर बॉन्डी बीच को ही निशाना बनाया और यहां लोगों पर गोलीबारी की। इनके नाम साजिद अकरम और नवीद अकरम बताए गए हैं।

*ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में स्थित बॉन्डी बीच में यह गोलीबारी 8 दिवसीय यहूदी त्योहार हनुक्का की पहली रात को हुई। बंदूकधारियों ने उस वक्त गोलीबारी शुरू कर दी, जब यहूदी त्योहार की शुरुआत के उपलक्ष्य में समुद्र तट पर आयोजित एक कार्यक्रम के लिए सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे।*

*अब तक पंद्रह लोगों की मौत, यहूदियों पर की थी अंधाधुंध फायरिंग*

*हमलावरों ने बच्चों और बुजुर्गों को अंधाधुंध निशाना बनाया*



हमले के बाद बुजुर्ग को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी

### हमलावर साजिद पर 6 बंदूकें

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, साजिद अकरम फल बेचने के कारोबार में शामिल है। उसके पास न्यू साउथ वेल्स में छह बंदूकें रखने का लाइसेंस है। पुलिस का मानना है कि उसने सभी बंदूकों का इस्तेमाल यहूदियों पर हमले के लिए किया।

### काले कपड़े पहने हुए थे बंदूकधारी



आतंकी साजिद अकरम



आतंकी नवीद अकरम

इस घटना के दौरान की जो फुटेज सामने आईं उनमें दो काले कपड़े पहने हुए बंदूकधारियों को कैंपबेल परेड मैदान और बॉन्डी बीच के पवेलियन के मध्य में बने पुल में खड़े देखा गया। ये दोनों लोग ऊंचाई की जगह से लगातार नीचे खड़े लोगों पर फायरिंग कर रहे थे। पुलिस की तरफ से जो वीडियो साझा किए गए, उनके जरिए सामने आया कि एक बंदूकधारी साजिद अकरम और दूसरा उसका बेटा- नवीद अकरम था। साजिद पुल पर फायरिंग के बाद पार्क एरिया पहुंच गया। इस दौरान जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें लोगों को इधर-उधर भागते देखा गया।

### कब-कैसे रची गई घटना की साजिश?

- पुलिस ने कुछ घंटों बाद हमलावरों की पहचान जारी कर दी। इसमें एक हमलावर
- साजिद अकरम (50) और दूसरा उसका बेटा- 24 वर्षीय नवीद अकरम था।
- इनका घर न्यू साउथ वेल्स के बोनीरिग में है, जो कि बॉन्डी बीच से करीब एक घंटे की दूरी पर है। आशंका है कि दोनों ने हमले की साजिश काफी पहले रच ली थी।
- उन्होंने कुछ हफ्ते पहले ही बॉन्डी बीच से आधे घंटे की दूरी पर स्थित कैंपसी में एक कमरा किराए पर ले लिया था। पुलिस ने यहां छापेमारी की है।
- इस जगह एक विस्फोटकों से भरा वाहन भी मिला, जिसके हमलावरों से जुड़े होने का शक है। पुलिस को घटना में किसी और के शामिल होने का शक नहीं है।

### घटना को लेकर क्या बोले परिजन?

- घटना से कुछ दिन पहले उन्होंने परिवारवालों को बताया था कि वे वीकेंड में मछली पकड़ने (फिशिंग ट्रिप) के लिए जेर्विस बे की यात्रा पर जा रहे हैं।
- नवीद की मां- वेरेना ने बताया कि बेटे ने उन्हें हमले से कुछ घंटे पहले ही फोन किया था। उन्होंने कहा कि वे गोलीबारी के दौरान की तस्वीरों से बेटे को पहचान नहीं पाईं।

## ओमान पहुंचे पीएम मोदी, किंग अब्दुला के निमंत्रण पर, गर्मजोशी से स्वागत

# यात्रा का मकसद उन देशों के साथ भारत के संबंधों को और बढ़ाना जिनके साथ गहरे रिश्ते

एजेंसी ▶▶ मस्कट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंच गए हैं। जॉर्डन के पीएम जाफर हसन ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने मोदी का स्वागत किया। पीएम ने भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात भी की। इस दौरान कलाकारों ने मोदी के सामने कल्चरल परफॉर्मेंस दी। मोदी का यह दौरा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर हो रहा है। पीएम मोदी उनसे द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। यह यात्रा भारत और जॉर्डन के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हो रही है। वे 7 साल बाद जॉर्डन पहुंचे हैं। इससे पहले वे 2018 में एक ट्रांजिट विजिट के दौरान जॉर्डन में रुके थे।

आपको बता दें, प्रधानमंत्री मोदी सोमवार से जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की तीन देशों की राजकीय यात्रा पर हैं इस यात्रा का मकसद उन देशों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ाना है, जिनके साथ भारत के गहरे सभ्यतागत संबंध और नई दिल्ली के साथ मज़बूत समकालीन द्विपक्षीय संबंध हैं।

तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे पीएम मोदी | मोदी जॉर्डन में भारतीय समुदाय के लोगों से मिले

### भारत-जॉर्डन रिश्ते के 75 साल पूरे



पीएम मोदी को जॉर्डन में सेरेमोनियल वेलकम दिया गया।

*भारत और जॉर्डन ने 1950 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जिसके 2025 में 75 साल पूरे हो गए हैं। मोदी इसी मौके पर जॉर्डन जा रहे हैं। भारत, जॉर्डन का चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 26,033 करोड़ रुपए का व्यापार हुआ। इसमें भारत का निर्यात करीब 13,266 करोड़ रुपए था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर यानी 45,275 करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। भारत, जॉर्डन से बड़ी मात्रा में रॉक फॉस्फेट और फर्टिलाइजर का कच्चा माल खरीदता है। भारत के कुल रॉक फॉस्फेट आयात में जॉर्डन की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। दूसरी तरफ जॉर्डन भारत से मशीनरी, पेट्रोलियम, अनाज, रसायन, मीट, ऑटो पार्ट्स और उद्योगों से जुड़े उत्पादों का आयात करता है। भारतीय कंपनियों ने जॉर्डन के फॉस्फेट और टेक्सटाइल सेक्टर में 1.5 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है।*

### भारतीय समुदाय के लोगों से मिले मोदी

पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम ने भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत की। वही मोदी के सामने कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य भी किया।

### यूरोप तक सामान पहुंचाने में बचेगा समय

भारत से कार्गो पहले समुद्री रास्ते से यूएई या सऊदी अरब पहुंचेगा। वहां से रेल के जरिए जॉर्डन और इजराइल होते हुए सीधे यूरोप तक भेज दिया जाएगा। कॉरिडोर के बनने के बाद भारत से यूरोप तक सामान पहुंचाने में करीब 40 प्रतिशत समय बचेगा।

### यूरोप तक जल्दी पहुंचेगा भारत का सामान

*टीएमईसी को यूरोप और साउथ एशिया को सीधा जोड़ने वाला नया ट्रेड रूट माना जा रहा है। अभी भारत से यूरोप तक कार्गो स्वेज कैनाल और लाल सागर से होकर गुजरता है। यह समुद्री रूट लंबा और भीड़भाड़ वाला है। इसमें समय भी ज्यादा लगता है। टीएमईसी कॉरिडोर की कुल लंबाई 6 हजार किलोमीटर है। इसमें यूरोप से इजराइल और यूएई से भारत के बीच 3500 किलोमीटर लंबा समुद्री मार्ग भी शामिल है।*

### आईएमईसी कॉरिडोर पर भी चर्चा संभव

भारत में साल 2023 में G20 समिट के दौरान पहली बार इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर का ऐलान हुआ। यह एक इंटरनेशनल ट्रेड रूट का प्लान है, जिसके जरिए भारत का सामान मिडिल ईस्ट से होते हुए यूरोप तक पहुंचाया जाएगा। आईएमईसी को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का विकल्प बताया जा रहा है। आरबीआई भी एक इंटरनेशनल रूट है जिसमें एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने का प्लान है। इसकी शुरुआत 2013 में हो चुकी है। आईएमईसी के ऐलान के करीब 1 महीने बाद 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला शुरू कर दिया। इससे आईएमईसी के भविष्य पर सवाल उठाए जाने लगे। 2 साल बाद गाजा जंग के रुकते ही एक बार फिर ये कॉरिडोर चर्चा में आ गया है।

## दोनों पक्षों ने की चौथे दौर की बातचीत खत्म

# भारत और न्यूजीलैंड में एफटीए पर बातचीत जल्द पूरी होने की संभावना

एजेंसी ▶▶ नयी दिल्ली



वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत जल्द पूरी होने की उम्मीद है।

दोनों पक्षों ने चौथे दौर की बातचीत खत्म होने के बाद हाल में आधिकारिक और मंत्री स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये और आमने-सामने बैठकर बैठकें की हैं। पिछले हफ्ते, न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां आए थे। अग्रवाल ने कहा कि हम अब तक लगभग 14 दौर की बातचीत कर चुके हैं। ईयू की टीम दिसंबर में पूरे एक सप्ताह तक यहां थी और दोनों पक्षों ने कई मुद्दों पर गहन चर्चा की। उन्होंने बताया कि करीब आने पर मतभेद सामने आते हैं। इसलिए, अब हम उन्हें कम करने की कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कई मुद्दों पर सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

### अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता पर कहा- हम बहुत करीब

सचिव ने अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार वार्ता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) टीम की हालिया यात्रा महत्वपूर्ण थी क्योंकि इससे हमारे व्यापारिक संबंधों का जायजा लेने में मदद मिली। हम रूपरेखा तैयार करने में बहुत करीब हैं। इसे संभवतः थोड़े समय में पूरा कर लिया जाएगा। मैं बातचीत समाप्त होने तक की कोई समयावधि नहीं बताऊंगा।

### भारत और ओमान समझौते पर हस्ताक्षर करने को तैयार

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और ओमान मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं। इस समझ उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17-18 दिसंबर को ओमान के दौरे पर हैं। इस समझौते को पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, ₹भारत और ओमान जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं।

## यूनिसेफ की चौंकाने वाली रिपोर्ट

# कांगो में नहीं थम रहा संघर्ष, 5 लाख से ज्यादा लोग किए गए विस्थापित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांगो के पूर्वी हिस्से में पिछले 15 दिन से भीषण संघर्ष जारी है, जिसकी वजह से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है, इस संघर्ष का असर आम जनजीवन पर भी काफी ज्यादा पड़ रहा है। इसकी वजह से दक्षिण किवु प्रांत में पांच लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं, जिनमें लगभग एक लाख बच्चे शामिल हैं, यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड (यूनिसेफ) ने ये जानकारी दी है।

इतना ही नहीं यूनिसेफ न लाखों बच्चों के विस्थापन पर चिंता भी जताई है। यूनिसेफ ने लाखों लोगों के विस्थापन पर अपनी चिंता जताई। एक बयान में कहा गया कि वह दक्षिण किवु में बढ़ती शत्रुता से



बहुत चिंतित है, जिसके कारण लाखों बच्चों और परिवारों को सुरक्षा के लिए डीआरसी (पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो) के अंदर और पड़ोसी बुरुंडी और रवांडा में सीमाओं के पार भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यूनिसेफ ने संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से बच्चों की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करने का आग्रह किया।

## नाइटक्लब में आग से 25 लोगों की हुई थी मौत

# थाईलैंड की अदालत में लूथरा बंधुओं के मामले पर सुनवाई की संभावना

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

गोवा के जिस नाइटक्लब में छह दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई थी, उसके सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा से जुड़े मामले की थाईलैंड की अदालत में सुनवाई होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर बैंकॉक की एक अदालत द्वारा फैसला किए जाने की संभावना है। उत्तर गोवा के अरपोरा में स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के सह-मालिक लूथरा बंधु आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेट चले गए थे। उनके खिलाफ इंटरपोलका ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया



सौरव और गौरव लूथरा

है। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद थाईलैंड के प्राधिकारियों ने 11 दिसंबर को फुकेट में लूथरा बंधुओं को हिरासत में लिया। भारतीय मिशन इस मामले में थाईलैंड सरकार के लगातार संपर्क में है। दोनों भाइयों से जुड़े सभी प्रासंगिक दस्तावेज आधिकारिक कानूनी माध्यमों से हस्तांतरित कर दिए गए हैं। कानूनी घटनाक्रम से संकेत मिलता है कि इस मामले की सुनवाई बैंकॉक की एक अदालत में होने की संभावना है।

## नौसेना के उप प्रमुख से मुलाकात



मालदीव के माले में मालदीव के रक्षा बल प्रमुख मेजर जनरल इब्राहिम हिलमी के साथ बैठक के दौरान भारतीय नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती (दाएं) दिखाई दे रहे हैं।

## मामला अनिल अंबानी से जुड़ा है

# ईडी ने यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से की पूछताछ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लान्ड्रिंग जांच के तहत पूछताछ की। अधिकारियों के अनुसार, कपूर का बयान मनी लान्ड्रिंग (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया।

उस समय के ऋणों के अवैध वितरण से जुड़े 68 वर्षीय राणा कपूर को ईडी द्वारा अलग-अलग मनी लान्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तार किया गया था, जब वह यस बैंक का नेतृत्व कर रहे थे। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इस



राणा कपूर- अनिल अंबानी

मामले में कपूर और अंबानी के बीच क्विड प्रो क्वो (किसी चीज के बदले में कुछ और देने) का संदेह है।

अधिकारियों के अनुसार, यस बैंक का अनिल अंबानी समूह (एडीएजी समूह) के प्रति 31 मार्च, 2017 तक लगभग 6,000 करोड़ रुपए का एक्सपोजर था और यह आंकड़ा एक वर्ष के भीतर (31 मार्च, 2018 तक) 13,000 करोड़ रुपए तक दोगुना हो गया। जांच के दायरे में रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) की कंपनियां शामिल हैं। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि इन निवेशों का बड़ा हिस्सा घाटे के निवेशों (एनपीआइ) में बदल गया, जिसके परिणामस्वरूप बैंक को इन लेनदेन से 3,300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। ये लेनदेन यस बैंक के निवेशों के बदले क्विड प्रो क्वो थे। एडीएजी कंपनियों ने कपूर के परिवार द्वारा नियंत्रित फर्मों को ऋण प्रदान किए। ईडी को संदेह है कि दोनों व्यवसायियों ने इन सौदों के संबंध में निजी बैठकें की थीं।

## पहलगाम आतंकी हमला: लश्कर आतंकी साजिद जट्ट पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड

# एनआईए ने दाखिल की 1597 पन्नों की चार्जशीट

एजेंसी ▶▶ नयी दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटीटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा'/टीआरएफ को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है।

सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया | तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी शामिल

### चार्जशीट में इन आतंकियों के नाम




फाइल फोटो

सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोपपत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### 8 महीने की जांच में सामने आए कई अहम सबूत

एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है। आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एनआईए द्वारा 22 जून 2025 को गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों परवेज अहमद और बशीर अहमद जोथड़ के खिलाफ भी आरोपपत्र दाखिल किया गया है। पूछताछ के दौरान, दोनों व्यक्तियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया था। उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि वे प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे।

# विक्रम-1 से अंतरिक्ष में भारत का दबदबा पहली उड़ान के लिए तैयार प्राइवेट रॉकेट

नई दिल्ली। स्काईरूट एयरोस्पेस भारत के निजी अंतरिक्ष उड़ान इतिहास में एक ऐतिहासिक पल के लिए तैयार है, क्योंकि उनका विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुका है। हैदराबाद की यह नई कंपनी पहली भारतीय निजी कंपनी बनने जा रही है जो खुद के बनाए रॉकेट को कक्षा में स्थापित करेगी। यह देश के नए नीजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। कंपनी के सह-संस्थापक भरत डाका ने बताया कि विक्रम-1 रॉकेट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुंचा दिया गया है।वहां अभी उसे जोड़ने और एकीकरण का काम चल रहा है।



### कब लॉन्च होगा विक्रम-1?

स्काईरूट का लक्ष्य है कि अगले 2 महीनों के अंदर वह विक्रम-I को उसकी पहली अंतरिक्ष उड़ान पर भेजें। यह लॉन्च श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के लॉन्च पैड का इस्तेमाल करके किया जाएगा। स्काईरूट कंपनी जिसने हाल ही में 2,00,000 वर्ग फुट में बने इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया है और पहली कोशिश में ही रॉकेट को कक्षा में पहुंचाना चाहती है।



### जारी हैं लॉन्च की तैयारियां

विक्रम-1 एक चार-चरणों वाला रॉकेट है जिसे खास तौर पर छोटे सैटेलाइट्स को लॉन्च करने के बढ़ते बाजार की जरूरतें पूरी करने के लिए बनाया गया है। इस रॉकेट में ठोस ईंधन वाले चरण हैं जिन्हें एडवांस्ड मार्गदर्शन और कंट्रोल सिस्टम के साथ जोड़ा गया है। अब जब लॉन्च पैड पर रॉकेट का सारा हार्डवेयर तैयार है तो स्काईरूट की कंट्रोल टीम भी पूरी तरह से काम कर रही है।

### तैयारी में जुटे हैं इंजीनियर्स

कंट्रोल टीम रॉकेट के सॉफ्टवेयर, संचार लिंक और उड़ान के दौरान असली समय की निगरानी करने वाले उपकरणों की जांच में लगे हुए हैं, क्योंकि अब तेजी से उलटी गिनती शुरू होने वाली है। साथ ही इंजीनियर सिमुलेशन और रिहर्सल कर रहे हैं कि जमीन पर लगी मशीनें रॉकेट के प्रदर्शन को लॉन्च होने से लेकर उसके स्टेज अलग होने तक ठीक से ट्रैक कर सकें।

# स्वास्थ्य और स्फूर्ति के लिए बैद्यनाथ च्यवनफिट शुगर फ्री आयुर्वेदिक टॉनिक

नागपुर। बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) एक विशेष रूप से तैयार किया गया अवलेह (च्यवनप्राश) है, जो आज के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक पुरुषों और महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो अपने चीनी के सेवन को नियंत्रित रखना चाहते हैं। यह श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रा. लि., द्वारा विकसित किया गया है, जो हमेशा नये आयुर्वेदिक औषधि निर्माण में अग्रणी है इसमें पारंपरिक च्यवनप्राश की श्रेष्ठता भी है, लेकिन बिना किसी अतिरिक्त चीनी के।




बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री') में कोई चीनी नहीं है। इसे कम कैलोरी वाले प्राकृतिक मधुर स्त्रोतों से मीठा किया गया है, जिससे यह कैलोरी-सचेत व्यक्तियों के लिए उपयुक्त है। यह कई समय परीक्षित आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से बना है, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है आँवला, जो प्रत्येक चम्मच में विटामिन 'सी' प्रदान करता है तथा जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक है। अश्वगंधा, कौंच बीज, बिल्व, दशमूल और केसर यह वनस्पति स्वास्थ्यवर्धक गुणों के लिए प्रसिद्ध हैं। ये शरीर की दुर्बलता को कम करके पोषण देने और स्फूर्ति में वृद्धी करने में मदद करते हैं। दालचिनी, जावित्री, गिलोय और विदारीकंद शरीर को विभिन्न प्रकार के संक्रमणों से बचाने में सहायक होते हैं। उच्चरक्त शर्करा से पीड़ित व्यक्ति अक्सर कमजोरी और कम रोग प्रतिरोधक क्षमता से ग्रसित रहते हैं। नियमित रूप से बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री) का सेवन, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के साथ करने से, शरीर में ऊर्जा, शक्ति और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। च्यवनफिट (शुगर फ्री') में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट युक्त जड़ी-बूटियाँ शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को संतुलित बनाए रखने में मदद करती हैं। श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन सदैव मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए प्रामाणिक आयुर्वेदिक औषधी निर्माण और निरंतर शोध हेतु समर्पित रहा है। बैद्यनाथ अनुसंधान केंद्र द्वारा किए गए विस्तृत शोध के बाद, बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री') का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया कि जो लोग पारंपरिक अवलेह (च्यवनप्राश) का लाभ चाहते हैं, उन्हें बिना चीनी के रूप में भी यह प्राप्त हो सकें। उपयोग विधि :- प्रतिदिन दो बार 1-2 चाय चम्मच (5-10 ग्राम) दूध के साथ या चिकित्सक के निर्देशानुसार लें। बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगर फ्री') प्राकृतिक, सुरक्षित है, सभी ऋतुओं में उपयुक्त है तथा सभी केमिस्ट और आयुर्वेदिक स्टोर्स पर उपलब्ध है। (शुगर फ्री') कोई अतिरिक्त चीनी नहीं होती है।

# शादी में नहीं थी लग्जरी कार, तालाब बनी सड़क और नाव बनी सवारी

भीलवाड़ा। आमतौर पर देखा जाता है कि अक्सर अपने लग्जरी गाड़ी बैलगाड़ी या फिर हेलीकॉप्टर पर बारात आते हुए देखा होगा क्या कभी आपने सोचा है कि कभी तालाब पर बोट से भी बारात आ सकती है, लेकिन ऐसा हुआ है और भीलवाड़ा जिले के लखोला गांव में ऐसा देखा गया है। गंगापुर उपखंड क्षेत्र के लाखोला गांव में एक अनोखी और यादगार बारात ने पूरे इलाके का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जहां आजकल शादियों में डीजे, बैंड और लग्जरी गाड़ियों का चलन है, वहीं लाखोला गांव में परंपरा का ऐसा मेल देखने को मिला। जिसने सभी को हैरान कर दिया। यहां बारात सड़क से नहीं, बल्कि तालाब के रास्ते नावों में निकाली गई। सजी–धजी 7 नावों में सवार दूल्हा और बाराती 5 किलोमीटर का सफर तय कर बगैरा गांव पहुंचे। गंगापुर उपखंड क्षेत्र के लाखोला गांव में यह बारात तालाब के रास्ते नावों में निकाली गई।

लाखोला से बगैरा गांव तक करीब 5 किलोमीटर का सफर तय कर बारात दुल्हन के घर पहुंची। क्षेत्र में पहले हेलीकॉप्टर से बारात जाने की चर्चा जरूर हुई थी, लेकिन तालाब में नावों के जरिए बारात निकलना पहली बार देखने को मिला। यह बारात मांगीलाल जाट के पुत्र की थी। इसमें कुल 7 नावें शामिल थीं, जिन्हें फूल–मालाओं, रंग–बिरंगी लाइटों और पारंपरिक सजावट से आकर्षक रूप दिया गया था। सबसे आगे दूल्हे की नाव चल रही थी, जबकि पीछे अन्य नावों में बाराती गीत–संगीत और उल्लास के साथ सफर करते नजर आए।

### तालाब के बीच से गुजरती यह नाव

बारात बेहद मनमोहक दृश्य पेश कर रही थी। लहरों के साथ आगे बढ़ती नावें लोगों को रोमांच और खुशी से भर रही थीं। जैसे ही नावें तालाब में उतरीं, दोनों किनारों पर सैकड़ों ग्रामीण जमा हो गए। महिलाएं स्थानीय लोक गीत गाती रहीं, बच्चे तालियां बजाते रहे और बुजुर्ग इस अनोखे आयोजन की जमकर सराहना करते दिखे। इस आयोजन का विचार लाखोला गांव के एक युवा का था, जो मोबाइल शॉप का संचालन करते हैं और पहले डिस्ट्रीब्यूटर रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि गांव में हेलीकॉप्टर से बारात की चर्चा ने उन्हें प्रेरित किया कि कुछ नया और यादगार किया जाए, जिससे परंपरा भी बनी रहे और गांव की पहचान भी बढ़े। 5 किलोमीटर लंबा यह नावों का सफर न केवल चर्चा का विषय बना, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी नई पहचान दे गया।

# पेट की बीमारियों के लिए धौति योग 50 वर्षों से प्रभावी




नई दिल्ली। अगर आप बीमार नहीं पड़ना चाहते, तो पेट साफ़ रखना ज़रूरी है। इसी दृष्टि से प्राचीन योग विज्ञान के आधार पर जिस चूर्ण को संशोधित और विकसित किया गया है, वह है धौति योग पिछले 50 वर्षों से यह धौति योग आज के आधुनिक लोगों के लिए उपयोगी बना हुआ है। प्राचीन काल के लोगों के लिए अत्यंत आवश्यक यह चूर्ण अब आज के आधुनिक लोगों के लिए गोलियों के रूप में भी उपलब्ध है। बिना किसी दुष्प्रभाव वाला यह धौतियोग चूर्ण पेट की बीमारियों, अपच, गैस आदि के लिए रामबाण औषधि बन गया है। यह आंतों को साफ़ करता है, पेट में जमे मल के पत्थरों को तोड़ता है और आंतोंमें फंसे मल के साथ पेट को भी साफ़ करता है। इससे मल पतला नहीं, बल्कि ठोस होता है। इसका आंतों पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता। हमारी जीवन शैली के कारण आज हर घर में पेट के कई रोग देखने को मिलते हैं। यह बहुत ही उपयोग टैबलेट है।

# हर्बल इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन द्वारा संभव है कैंसर का इलाज बिना कीमो-बिना रेडिएशन के

इंदौर। कैंसर के उपचार में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति एक रामबाण के रूप में उभर रही है। देश के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं देवी अहिल्या कैंसर केयर फाउंडेशन के संस्थापक अजय हार्डिया की देखरेख में चलाए जा रहे क्लिनिकल ट्रायल्स में थर्ड और फोर्थ स्टेज के कैंसर मरीजों पर इस पद्धति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अजय हार्डिया का मानना है कि यदि फर्स्ट और सेकंड स्टेज के कैंसर मरीजों का उपचार समय रहते इलेक्ट्रो होम्योपैथी से किया जाए, तो अधिकतर मरीजों की जिंदगी बचाई जा सकती है। ऑन्को फोर्टः कैंसर उपचार में नवीन



शोध - देवी अहिल्या कैंसर हॉस्पिटल में उपचार के दौरान पूर्णतः औषधीय पौधों पर आधारित इलेक्ट्रो होम्योपैथी औषधि 'ऑन्को फोर्ट' का प्रयोग किया जाता है। इस दवा से मरीजों को कैंसर के असहनीय दर्द में शीघ्र राहत मिलती है तथा ट्यूमर से संबंधित दर्द और जलन में भी उल्लेखनीय कमी आती है। चूंकि यह औषधि ऊर्जा-आधारित है, इसलिए यह मरीजों के ऊर्जा स्तर में सुधार कर उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाती है। हम लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, ताकि वे नियमित जांच करवा सकें और कैंसर का समय पर पता लगाकर उसका प्रभावी उपचार करवा सकें।

# धरती का बैलेंस बिगड़ा? एक हिस्सा तेजी से ठंडा, दूसरा गर्म

**वैज्ञानिकों का कहना है कि धरती के अंदर की गर्मी कम होती जा रही**

एजेंसी ▸▸ न्यूयार्क

धरती ऊपर से भले शांत दिखती हो, लेकिन उसके अंदर लगातार हलचल चलती रहती है। अब एक नई रिसर्च बताती है कि हमारा ग्रह दोनों ओर बराबर रफ्तार से ठंडा नहीं हो रहा। खासकर वह हिस्सा जिसके नीचे प्रशांत महासागर फैला है, वह बाकी पृथ्वी के मुकाबले ज्यादा तेजी से अपना तापमान खो रहा है। वैज्ञानिकों ने जब धरती के अंदर से निकलने वाली गर्मी के लंबे हिसाब को देखा, तो एक खास बात सामने आई. समंदरों के नीचे जो पतली परत होती है, उसे ओशैनिक क्रस्ट कहते है। यह परत नई बनती रहती है, पतली होती है और ऊपर से ठंडे पानी से घिरी होती है। इन तीन कारणों से यह हिस्सा गर्मी को बहुत आसानी से बाहर निकाल देता है। दूसरी तरफ, ज़मीन वाला हिस्सा यानी कॉन्टिनेन्टल क्रस्ट काफी मोटा और पुराना है। मोटी परत में से गर्मी बाहर आने में ज्यादा समय लगता है। यही वजह है कि धरती के दोनों हिस्सों में गर्मी निकलने की रफ्तार अलग अलग हो गई है और यह फर्क लाखों सालों में साफ दिखने लगा है। इस वजह से प्लेटों की चाल, ज्वालामुखी और गहरी परतों की गतिविधि बदलती है।



### रिंग ऑफ फायर

वैज्ञानिकों का मानना है कि धरती के एक हिस्से के जल्दी ठंडा होने का असर प्लेटों की हलचल तक पहुंचता है। तापमान बदलने से धरती के अंदर की गरम चट्टानी परत यानी मेंटल के बहने की दिशा बदलती है। यही बहाव तय करता है कि नई पपड़ी कहां बनेगी, पुरानी पपड़ी कहां धरती के भीतर धंसेगी और टेक्टोनिक हलचल कहां ज्यादा होगी। प्रशांत महासागर वाला हिस्सा वैसे भी रिंग ऑफ फायर के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां ज्वालामुखी और भूकंप काफी होते है। शोधकर्ता अब मानते हैं कि इस इलाके की ऐसी गतिविधि का संबंध धरती के इसी असमान ठंडे होने से भी हो सकता है। वैज्ञानिक इस खोज को धरती के बीते इतिहास को समझने की चाबी मानते हैं।

### क्या इससे धरती पर मौसम या तापमान में कोई जल्दी बदलाव होगा?

सीधा जवाब है- नहीं। धरती के अंदर का ठंडा होना बहुत ही धीमी प्रक्रिया है। इतनी धीमी कि इंसानी इतिहास इसकी तुलना में कुछ भी नहीं। यह रिसर्च सिर्फ यह बताती है कि धरती भीतर से कैसे काम करती है, न कि यह कि हम किसी अचानक ठंडे दौर में घुसने वाले है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सतह के मौसम का धरती के भीतर की ठंडक से कोई सीधा लेना देना नहीं है।

# बर्फ के अंदर 2 घंटा 30 सेकंड बिता बनाया अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड

लंदन। ठंड के दिनों में अक्सर ऐसा होता है कि लोग पानी छूने से भी कतराते हैं। कई लोग भले ही जैसे-तैसे करके ठंडे पानी से नहा लेते हैं, लेकिन अधिकतर लोग गर्म पानी से ही नहाते हैं। ऐसे में जरा सोचिए कि भयंकर ठंड में कोई भला बर्फ पर सोना चाहेगा। शायद आप कहेंगे नहीं, लेकिन सोशल मीडिया पर इन दिनों ऐसा ही एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक बंदा न सिर्फ बर्फ पर सोता नजर आता है, बल्कि अपने सिर को छोड़कर वो पूरा का पूरा बर्फ के अंदर ही घुस जाता है और एक ऐसा अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड बना देता है, जिसके बारे में सुनकर ही लोग कांप जाएं। वीडियो में आप देख सकते हैं कि बंदे ने सिर्फ पैंट पहनी हुई है और उसी तरह बर्फ के ऊपर सो जाता है। इसके बाद कुछ लोग आते हैं और उसके ऊपर बर्फ ही बर्फ डालते चले जाते हैं। बर्फ के बाहर सिर्फ उसका मुंह और गर्दन निकली होती है, बाकी का पूरा शरीर बर्फ के अंदर होता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बंदा कैसे कांप रहा है, लेकिन इसके बावजूद वो हार नहीं मानता। वह बर्फ के अंदर 2 घंटा 30 सेकंड बिता लेता है और इस तरह अपने नाम एक अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड कर लेता है।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** – रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** – कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** – लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** – मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि

**धनु** – किसी पुराने मित्र से पुन :सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** – नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ

**कुंभ** – स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** – कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान

## शब्द पहेली - 6079



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6078 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| ब | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| ब | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | व | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6089

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENAGHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6088 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

हरिभूमि
सहेली



# पैरेंटिंग का नया ट्रेंड सख्ती के साथ नरमी भी

समय और समाज में होने वाले परिवर्तन का असर बच्चों और उनके पैरेंट्स पर भी पड़ता है। यही वजह है कि पैरेंटिंग के तरीके में भी नए ट्रेंड देखे जा रहे हैं। नए दौर की पैरेंटिंग सख्ती से अधिक नरम बर्ताव पर यकीन करती है। पैरेंटिंग के नए ट्रेंड्स के बारे में सभी पैरेंट्स को जानना चाहिए।

कवर स्टोरी
अंशु सिंह

बच्चों का लालन-पालन यानी पैरेंटिंग की प्रक्रिया निरंतर बदलती रही है। हर युग के सांस्कृतिक, तकनीकी और मनोवैज्ञानिक संदर्भों के अनुरूप इसमें बदलाव आता रहता है। आज जब हम दुनिया में व्याप्त कई तरह की गंभीर चुनौतियों और प्रगति के बीच नई पीढ़ी की परवरिश कर रहे हैं, उसमें पैरेंटिंग के कई नए स्टाइल्स भी ट्रेंड कर रहे हैं। लेकिन आज बच्चों के लिए सबसे अधिक आवश्यक है प्यार और संवेदनशीलता।

## विकसित हो रही हैं नई शैलियां

भारत में बच्चों की परवरिश में हमेशा से परंपराएं, सांस्कृतिक मूल्य और पारिवारिक अपेक्षाएं गहराई से निहित रही हैं। लेकिन जैसे-जैसे जीवनशैली बदल रही है, शहरों का विस्तार हो रहा है, वैश्विक प्रभाव हर घर तक पहुंच रहा है, परवरिश की विविध शैलियां भी विकसित हो रही हैं। आज भारतीय माता-पिता बच्चों के पालन-पोषणमें सदियों पुराने ज्ञान और आधुनिक पैरेंटिंग के बीच संतुलन बनाना सीख रहे हैं। असल में उलझनों और जटिलताओं से भरी इस दुनिया में पैरेंटिंग के ट्रेंड भी बड़े बदलावों से गुजर रहे हैं। अब लड़कियों के लिए गुलाबी और लड़कों के लिए नीले रंग जैसे विचार लगभग पुराने हो चुके हैं। आधुनिक पैरेंट्स इन्हें नकार रहे हैं। ज्यादातर शहरी माता-पिता लैंगिक भेदभाव वाली भाषा का इस्तेमाल करने से बचते हैं। इस तरह वे कपड़ों, खिलौनों के लचीले चयन के जरिए लैंगिक विविधता को अपना रहे हैं और अपने बच्चों को बिना किसी पूर्वाग्रह के अपनी बात कहने की पूरी आजादी भी दे रहे हैं। सवाल है कि आपके परिवार के बच्चों के लिए कौन-सी पैरेंटिंग स्टाइल सही रहेगी, इसके लिए आपको इनके बारे में जानना होगा।



## साइकिल ब्रेकिंग

यह एक ऐसी पैरेंटिंग शैली है, जिसमें पैरेंट्स जान-बूझकर अपने बचपन के नेगेटिव पैटर्न को दोहराने से बचते हैं। कठोर अनुशासन, उपेक्षा या पुरानी मान्यताओं का इस्तेमाल करने के बजाय वे समझ, धैर्य और भावनात्मक समर्थन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। युवा माता-पिता स्वस्थ पारिवारिक वातावरण बनाने और बच्चों को सुरक्षित, आत्मविश्वासी और प्यार महसूस कराने के लिए इस दृष्टिकोण को अपना रहे हैं। वे खुले संवाद, सहानुभूति और सकारात्मक उदाहरण स्थापित करने को प्राथमिकता देते हैं। बाल मनोवैज्ञानिक गीतिका कपूर कहती हैं, 'यदि किसी माता-पिता का पालन-पोषण सख्त माहौल में हुआ है, तो अब वे यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके अपने बच्चे के साथ वही सख्ती न दोहराई जाए। वे अलग रास्ता चुन रहे हैं। मेंटल हेल्थ एवं इमोशनल संतुलन के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ माता-पिता मजबूत, खुशहाल परिवार बनाने के लिए इस शैली को अपना रहे हैं।'

## एफएएफओ पैरेंटिंग

फॉरगेट अराउंड एंड फाइंड आउट पैरेंटिंग की यह शैली भले ही इन दिनों ट्रेंड कर रही हो, लेकिन इसके सिद्धांत नए नहीं हैं। फ्लोरिडा के गेंसविले स्थित चाइल्ड्स अकादमी की शिक्षिका रेबेका पैट्रिक कहती हैं, 'बिना किसी हस्तक्षेप के पालन-पोषण की यह शैली मूलतः बच्चों को प्राकृतिक परिणामों से सीखने देने के समान है।' जेनरेशन एक्स के बचपन में भी एफएएफओ एक सामान्य बात थी, बस इसका आकर्षक नाम गायब था। एफएएफओ पैरेंटिंग एक दृढ़, परिणाम-आधारित दृष्टिकोण है, जहां बच्चे चेतावनियों के बजाय वास्तविक दुनिया के परिणामों से सीखते हैं।

## लाइटहाउस पैरेंटिंग

प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ और लेखक डॉ. केनेथ गिंसबर्ग द्वारा गढ़ी गई, 'लाइटहाउस पैरेंटिंग' एक ऐसा मॉडल है, जो अटूट प्यार और सहयोग के साथ-साथ बच्चों को स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता विकसित करने के लिए आवश्यक स्पेस प्रदान करता है। इसमें पैरेंट्स, लाइटहाउस की तरह निरंतर अपनी प्रेमपूर्ण उपस्थिति बच्चों को प्रदान करते हैं, स्पष्ट मार्गदर्शन देते हैं और दृढ़ सीमाएं निर्धारित करते हैं। पैरेंट्स अपने बच्चे पर भरोसा करते हैं, उनका हौसला बढ़ाते हैं, जिससे कि वह जीवन की लहरों, ठोकरों और गलतियों आदि निपटना सीख जाते हैं। a



### पॉपुलर हो रहे हैं नए पैरेंटिंग ट्रेंड्स

- आज पैरेंट्स अपने बच्चों के लिए समग्र स्कूली शिक्षा और भविष्योन्मुखी संस्थानों को प्राथमिकता देते हैं। खासकर, महामारी के बाद से होम स्कूलिंग, हाइब्रिड और 100 प्रतिशत ऑनलाइन स्कूलिंग को व्यापक रूप से स्वीकृति मिली है।
- आधुनिक माता-पिता ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंचने और अपने बच्चे की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करते हैं। इसके अलावा, वे बच्चों के पालन-पोषण के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए भी तकनीक का उपयोग करते हैं।
- आजकल के पैरेंट्स हेल्दी ब्रेकफास्ट के विकल्पों के बारे में जागरूक हैं और बेहतर फूड च्वाइस के लिए इन पर अधिक पैसा खर्च करने को भी तैयार रहते हैं। इसी तरह, खेलकूद, जिम और शारीरिक गतिविधियों में समय बिताना भी एक अच्छा चलन देखा जा रहा है। कई माता-पिता बच्चों को इसके लिए प्रेरित करने लगे हैं।

# सोशल मीडिया पर आपके कमेंट्स बनाते हैं आपकी सोशल इमेज

आप अगर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं तो किसी भी रील या पोस्ट पर कोई कमेंट करने से पहले अच्छी तरह सोच लेना चाहिए। खासतौर पर कोई भी नेगेटिव कमेंट करने से पहले बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसा क्यों जरूरी है, जानिए।

टेक्नो-बिहेवियर
मधु सिंह

यह सही है कि सोशल मीडिया बहुत रोमांचक और मनोरंजक प्लेटफॉर्म है। लेकिन कभी-कभी यह आपके लिए तनाव की वजह भी बन सकता है। यह तब होता है, जब आप यहां किसी पोस्ट या रील पर कोई ऐसा कमेंट करती हैं, जो लोगों को रास नहीं आता और लोग आपकी इसके लिए आलोचना करते हैं। कभी-कभी तो बहुत बुरे कमेंट्स भी करते हैं।

## नेगेटिव कमेंट करने की हैबिट

कई लोग तो चैट रूम में सिर्फ लोगों को रोस्ट करने, बेइज्जत करने के लिए ही सक्रिय रहते हैं। बल्कि कहा जाए तो कुछ लोग तो इस लत का शिकार भी होते हैं। ऐसे लोग सोशल मीडिया पर कोई भी ऐसा कंटेंट ढूंढ़ते हैं, जिस पर वे कोई बुरी या अपमानजनक टिप्पणी कर सकें। वे ऐसा कभी-कभार नहीं, बार-बार करते हैं। आप किसी भी फेमस यू-ट्यूब वीडियो, इंस्टाग्राम फोटो, लेख, ब्लॉग, पोस्ट या फेसबुक अपडेट के कमेंट सेक्शन में झांकें तो आपको ऐसे दूसरों को हेट कमेंट देने वाले कोई न कोई व्यक्ति जरूर मिल जाएंगे।

## नेगेटिव कमेंट से बचें

इंटरनेट पर आप किसी से भी असहमत हो सकते हैं। आपको किसी का लुक या उसके विचार पसंद नहीं आ सकते हैं। लेकिन आपको यह नहीं भूलना चाहिए कि आपके कमेंट करने का तरीका आपकी पर्सनालिटी को लोगों के सामने लाकर रखता है। ऐसे में आपका कमेंट बताता है कि आप कितने क्रिएटिव, कितने बुद्धिमान





हो? वास्तव में सोशल मीडिया ऐसा माध्यम है, जिसमें कोई एक-दूसरे के सामने नहीं होता है, लेकिन वर्चुअल दुनिया में उनके बीच संवाद का सिलसिला चल रहा होता है। आपका कोई कमेंट या आपके बारे में किया गया कोई कमेंट का पता सबको लग जाता है। इसलिए कोई भी नेगेटिव कमेंट करने से बचना चाहिए।

## धर्म-जाति पर न करें कमेंट

सोशल मीडिया पर कुछ लोग धर्म-जाति पर भी अभद्र कमेंट करते हैं। आपको ऐसे कमेंट देने से पूरी तरह बचना चाहिए। अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में हैं जो ऐसे कमेंट करता है तो उससे भी खुद को अलग कर लेना चाहिए। सोशल मीडिया पर दिखने वाले ऐसे कमेंट्स पर ध्यान न देते हुए उन्हें इग्नोर करना चाहिए। इस तरह आपकी सोशल मीडिया पर अच्छी इमेज बनी रहेगी। a

### कमेंट करने से पहले सोच लें

- कमेंट करना और अपना अनुभव साझा करना गलत नहीं है। लेकिन दूसरों की आलोचना से पहले अच्छी तरह सोच लें। क्या आपको लगता है कि जो आप कह रही हैं, उसे कहना बहुत जरूरी है? यह न भूलें कि हर कमेंट से आपकी एक इमेज भी निर्मित होती है।
- कमेंट करने से पहले रुकें और सोचें कि पोस्ट के बारे में आप क्या महसूस कर रही हैं? जो आप लिख रही हैं, उसका उद्देश्य दूसरों के दृष्टिकोण को समझना है या अपनी भावनाओं को व्यक्त करने या उन्हें शांत करने की जरूरत से प्रेरित है?
- अपनी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने के बाद ही सोच-समझकर अपनी प्रतिक्रिया दें।
- किसी पोस्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। क्योंकि जल्दबाजी में लिखे गए शब्द कई बार किसी को नीचा दिखाने के लिए या अपमानित करने के लिए होते हैं।



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# तब हैंड स्किन बनी रहेगी सॉफ्ट

हाथों की त्वचा पर हर मौसम का प्रभाव सबसे ज्यादा पड़ता है। धूल, साबुन, पानी, सूखी हवाएं को लगातार सहते हुए इसकी त्वचा रूखी-बेजान हो जाती हैं। सर्दियों में यह समस्या ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है। बार-बार साबुन, डिटर्जेंट, पानी और ठंडी हवाओं के संपर्क में आने से हाथों की स्किन लाल, खुरदरी, ड्राय, बेजान या मुरझाई दिखने लगती है। इसकी प्रॉपर केयर जरूरी है।

**मालिश है जरूरी:** कच्चे दूध को कुछ देर के लिए फ्रिज में रख लें फिर जब भी समय मिले तो हाथों पर मल कर धीरे-धीरे मालिश करें। इससे त्वचा मुलायम होगी और त्वचा पर जमी मैल, गंदगी दूर होगी। आप इस प्रक्रिया को रोजाना दो या 1-2 दिन के अंतराल के पर भी कर सकती हैं। स्नान से पहले हाथों पर गुनगुना तेल लगाकर अच्छी तरह मालिश कीजिए, इससे भी हाथों की त्वचा कोमल हो जाती है। इसके लिए आप नारियल तेल, तिल, जैतून या बादाम तेल का उपयोग करें तो ज्यादा बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद जब आपकी त्वचा गीली हो तो हाथों पर मॉयश्चराइजर-क्रीम लगा लीजिए, इससे भी त्वचा में नमी को बनाए रखने में मदद मिलेगी।



**करती रहें मॉयश्चराइज:** हाथों को मॉयश्चराइज करने के लिए आप होममेड पैक अप्लाई कर सकती हैं। इसको बनाने के लिए बादाम पावडर, दही और चुटकी भर हल्दी का मिश्रण बना लें। फिर हाथों पर लगाकर 30 मिनट बाद इसको ताजे ठंडे पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में दो बार अपना सकती हैं। आजकल बाजार में कई तरह के मॉयश्चराइजर, हैंड क्रीम भी उपलब्ध है। बॉडी लोशन की बजाय हैंड क्रीम हमेशा बेहतर साबित होती है, क्योंकि हैंड क्रीम ज्यादा न्यूट्रीशस होती है। वाटर बेस्ड लोशन के मुकाबले ऑयल बेस्ड क्रीम लगाना कहीं ज्यादा प्रभावी और रहता है। सूखे हाथों पर जैल या मॉयश्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकती हैं। सर्दियों में शावर जैल या ग्लिसरीन युक्त साबुन का प्रयोग बेहतर रहता है। इससे स्किन पर नमी बनी रहती है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** यहां बताए जा रहे उपायों को आजमाकर भी आप अपनी हाथों की त्वचा को कोमल बना सकती हैं।

- दो चम्मच सूर्यमुखी का तेल, दो चम्मच नीबू का रस, तीन चम्मच चीनी को मिलाकर बनाए मिश्रण को हाथों पर लगाकर आधे घंटे बाद हाथों को ताजे साफ पानी से धो डालिए। इसे हफ्ते में तीन बार प्रयोग कर सकती हैं।
- ताजे संतरे की फांकों को एक फॉर्क से भेदकर इन्हें अपने हाथों पर आहिस्ता-आहिस्ता रगड़ने से नमी बनी रहती है।
- चोकर, बेसन, हल्दी पावडर और दूध को मिलाकर पेस्ट बना लीजिए। इस मिश्रण को 20 मिनट तक हाथों पर लगाने के बाद हाथों को ताजे साफ पानी से धोने से लाभ मिलता है। a

डाइट सजेशन
निकिता चौहान

मौसम बदलने के साथ शरीर को अलग तरह के पोषण की जरूरत होती है। सर्दी के इस मौसम में हेल्दी और एनर्जेटिक बने रहने के लिए आप यहां बताए जा रहे डाइट सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

# इस सीजन में ऐसा हो आपका डाइट प्लान

सर्दी के मौसम में आमतौर पर सभी की भूख बढ़ जाती है। इस वजह से डाइट का ध्यान न रखने पर वेट बढ़ने का रिस्क रहता है। इस मौसम में पानी भी लोग कम ही पीते हैं। इस वजह से बहुत जल्द बॉडी डिहाइड्रेट भी हो जाती है। दिन छोटे होते हैं, इस वजह से घर-बाहर के काम-काज में बिजी रहने से वे अपने लिए वर्कआउट या एक्सरसाइज के लिए समय नहीं निकाल पाती हैं, जिस कारण महिलाओं का वजन बढ़ने लगता है और हार्मोंस डिसबैलेंस होने लगते हैं। यही नहीं इस मौसम में कमजोरी, जुकाम-खांसी, त्वचा का रूखापन, जोड़ों में दर्द, इम्यूनिटी वीक होने संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए सर्दी के मौसम में अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना जरूरी है। इससे इस मौसम में होने वाली कई हेल्थ प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी।

**फॉलो करें ये डाइट रूल्स:** सर्दी के मौसम में हर उम्र की महिलाओं को अपनी डाइट हैबिट में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- ताजा, गर्म और पौष्टिक भोजन ही खाएं।
- मौसमी सब्जियां जैसे पालक, गाजर, चुकंदर, मेथी आदि को अपनी डेली डाइट में शामिल करें।





- गेहूं और चावल के अलावा बाजरा और ज्वार को भी अपनी डाइट में शामिल करें।
- प्रोटीन के लिए अंडे, दालें, पनीर और मेवे भी खाएं।
- टमाटर, स्वीट कॉर्न या ब्रोकली का सूप पीना फायदेमंद है।
- रोजाना हर्बल चाय भी पी सकती हैं।
- विटामिन-सी के लिए संतरा, आंवला और शिमला मिर्च खाएं।
- गुड फैट के लिए देसी घी, अलसी और बादाम का सेवन करें।
- जंक फूड, तला-भुना और पैकेट वाले फूड्स कम खाएं।

**गर्भवती महिलाओं के लिए:** प्रेग्नेंट महिलाओं को भी इस सीजन में अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बेहतर होगा कि आप अपनी डाइट के लिए डॉक्टर से सलाह लें।

- आयरन, प्रोटीन और कैल्शियम से भरपूर डाइट का सेवन करें।
- घर का बना ताजा और पौष्टिक खाना ही खाएं।
- इस सीजन में डेली हरी सब्जियां, ताजे फल खाएं और दूध जरूर पिएं।
- सूप, राजमा, छोले, खजूर और पालक का सेवन जरूर करें।
- अखरोट और अलसी के बीज खाएं, ये गर्भ में पल रहे बच्चे के दिमाग के लिए फायदेमंद होते हैं।
- दिन भर में 12-15 गिलास पानी जरूर पिएं।
- बहुत ज्यादा मीठे स्नैक्स से बचें।

**50 प्लस महिलाओं के लिए:** बढ़ती उम्र में मौसम के अनुसार महिलाओं की डाइट संबंधी जरूरतें बदल जाती हैं।

- कैल्शियम और विटामिन-डी रिच डाइट जैस-दूध, दही, तिल, रागी, पालक का सेवन करें।
- बेहतर पाचन के लिए फाइबर वाले खाद्य पदार्थ जैसे-साबुत अनाज, फल और सब्जियां खाएं।
- गर्म सूप और प्रोटीन रिच डाइट शरीर को मजबूत बनाते हैं।
- भिगोए हुए मेवे खाना फायदेमंद है। a

**(मदरहुड हॉस्पिटल, एनसीआर की कंसल्टेंट न्यूट्रिशन- डायटेटिक्स डॉ. निव्या विकल से बातचीत पर आधारित)**



# एशेज : इंग्लैंड टीम में बदलाव, टंग की वापसी, बशीर को नहीं मिली जगह

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

इंग्लैंड ने 17 दिसंबर से खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गुस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है।

टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है, जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे हैं। उसके लिए श्रृंखला में बने रहने के लिए एडिलेड में जीत दर्ज करना जरूरी होगा।

- तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया प्लेइंग इलेवन का ऐलान
- इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे



### एटकिंसन को खराब प्रदर्शन की मिली सजा

एटकिंसन को 78.66 की औसत से सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। टंग भारत के खिलाफ पांच मैचों की पिछली श्रृंखला में अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। उन्होंने एशेज के अपने पिछले टेस्ट (लॉर्ड्स, 2023) में स्टीव स्मिथ को दोनों पारियों में आउट करने के साथ पांच विकेट झटके थे।

### इंग्लैंड की टीमः

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, जोश टंग, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

### हरफनमौला जैक्स को मिली तरजीह

चयनकर्ताओं ने बशीर के टीम में होने के बावजूद स्पिन गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला विल जैक्स को तरजीह दी है। बशीर को इससे पहले पर्थ और ब्रिसबेन की तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में खेले गए मैच के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था और जब परिस्थितियां उनके अनुकूल होने की संभावना है तो टीम ने जैक्स को एकादश में बनाए रखने का फैसला किया। इस बीच ऑस्ट्रेलिया की टीम में नाथन लियोन की वापसी हुई है।

### ओपनिंग स्लॉट में डकेट का बल्ला खामोश



वहीं ओपनिंग स्लॉट में बेन डकेट का बल्ला अभी तक खामोश है। हैरी ब्रूक के बल्ले से भी रन नहीं निकले हैं। जैक क्रॉली की एक पारी दूसरे टेस्ट की हटा दें तो उन्होंने भी निराश किया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने गेंद से प्रभावित किया है लेकिन बल्ला खामोश रहा है। ऐसे में इंग्लैंड को अगर वापसी करनी है तो सभी खिलाड़ियों को फॉर्म दिखाना होगा।

### पर्थ में इंग्लैंड की बल्लेबाजी फ्लाप

इंग्लैंड की टीम अभी तक इस मौजूदा एशेज सीरीज में संघर्ष करती दिखी है। पर्थ में टीम की बल्लेबाजी फ्लाप रही थी। उसके बाद ब्रिसबेन में जो रूट ने शतक जरूर लगाया लेकिन गेंदबाजों ने निराश किया। ऑस्ट्रेलिया ने दोनों मुकाबले 8 विकेट से जीते। मिचेल स्टार्क दोनों मैच मिलाकर 18 विकेट ले चुके हैं। अंग्रेज उनकी गेंदबाजी का हल नहीं निकाल पा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### 26 मार्च से शुरू होगा पीएसएल का 11वां सत्र

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग का 11वां सत्र अगले साल 26 मार्च से 3 मई तक खेला जाएगा और लगातार दूसरी बार यह उसी समय होगा जब इंडियन प्रीमियर लीग खेला जाता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने न्यूयॉर्क मे पीएसएल रोड शो के दौरान यह घोषणा की। आईपीएल भी मार्च के आखिरी सप्ताह से शुरू होकर मई के आखिर तक चलता है। नकवी ने कहा कि इस अवधि में पाकिस्तान टीम के किसी भी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में बदलाव किया जाएगा। पाकिस्तान को मार्च-अप्रैल में बांग्लादेश में दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इस साल भारत और श्रीलंका में फरवरी मार्च में टी20 विश्व कप भी होना है।

### गेंदबाजों ने हमारे लिए दिक्कतें खड़ी की : माक्रम



**धर्मशाला।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्रम ने तीसरे टी20 मैच में मिली हार के बाद कहा कि भारत के नई गेंद के गेंदबाजों ने उनके लिए दिक्कतें खड़ी की और उनके बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके। भारत के अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने पहले चार ओवर के भीतर दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट उस समय निकाल दिए जब स्कोर बोर्ड पर सात रन ही टंगे थे। इन झटकों से माक्रम की टीम उबर नहीं सकी और 117 रन बनाने के बाद सात विकेट से हार गई। माक्रम ने कहा,' उन्होंने सही जगहों पर गेंद डाली। अर्शदीप ने उम्दा गेंदबाजी की। उनके नई गेंद के दोनों गेंदबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा,'आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं लेकिन आखिर में गेंदबाजों को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और उन्होंने वही किया।

### आचरेकर सर ने बदली मेरी जिंदगी : आमरे



**मुंबई।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच रमाकांत आचरेकर के साथ अपनी शुरुआती मुलाकात को याद करते हुए भारत के पूर्व बल्लेबाज प्रवीण आमरे ने कहा कि इससे उनकी जिंदगी बदल गई थी। आमरे ने कहा, 'सब जानते हैं कि मैं अचरेकर सर का छात्र हूं लेकिन कोई नहीं जानता कि उनसे मेरी मुलाकात कैसे हुई। मैं शिवाजी पार्क के बाकी बच्चों की तरह ही क्रिकेट खेलता था। एक दिन मैंने अपने साथियों से कहा कि हमें 'लेदर' की गेंद से खेलना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मैं चप्पल पहनकर अचरेकर सर के पास गया और उनसे पूछा, 'क्या आप मेरी टीम के खिलाफ एक मैच खेल सकते हैं?' उन्होंने मुझसे कहा, 'आपको सफेद वर्दी और जूते पहने हुए 11 खिलाड़ियों के साथ 55 रुपये और एक गेंद देनी होगी।'

## आईपीएल : 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी 10 टीमें

# मिनी ऑक्शन : ग्रीन, लिविंगस्टोन और वेंकटेश बन सकते हैं फायदे का सौदा

एजेंसी ▶▶| अबु धाबी

विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के उपलब्ध नहीं होने के कारण कैमरन ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग की मंगलवार को होने वाली छोटी नीलामी में फायदे की स्थिति में रह सकते हैं और कोलकाता नाइट राइडर्स तथा चेन्नई सुपरकिंग्स जैसी टीम इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं।

नीलामी में 10 टीम 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी और सभी टीम के पास मिलाकर 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। मुंबई इंडियन्स की हालांकि नीलामी में अधिक भूमिका नहीं होगी क्योंकि उसके पास सिर्फ दो करोड़ 75 लाख रुपए उपलब्ध हैं और वह कुछ अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को उनके आधार मूल्य पर ही खरीद पाएगी। ग्रीन, भारतीय टीम से बाहर चल रहे वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन पर भारी-भरकम बोली लग सकती है।

### टीमों के पास 237 करोड़ 55 लाख रुपए की राशि उपलब्ध

#### लिविंगस्टोन और डिकॉक को मिल सकते हैं 9 करोड़



इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी लिविंगस्टोन और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक 10 लाख डॉलर (नौ करोड़ रुपए) का आंकड़ा छू सकते हैं। डिकॉक ने बार-बार दिखाया है कि वह बल्ले से मैच विजेता हैं और विकेटकीपर के रूप में भी बहुत भरोसेमंद हैं। अनकैप्ड भारतीय प्रशांत वीर और मुकुल चौधरी बोली लगाने वालों को आकर्षित करेंगे जबकि पृथ्वी साव और सरफराज खान भी उम्मीद करेंगे कि उन्हे 75 लाख रुपए के कम आधार मूल्य पर कोई खरीदार मिले। अनकैप्ड भारतीयों में अशोक शर्मा पर भी अच्छी बोली लगने की उम्मीद है। वह पहले आईपीएल टीम का हिस्सा रह चुके हैं।



#### केकेआर के पर्स में सर्वाधिक राशि

कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे अधिक 64 करोड़ 30 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है और उसकी नजरें टीम को नए सिरे से तैयार करने पर टिकी होंगी। टीम को 13 खिलाड़ियों को खरीदना है और नीलामी में उसे मुख्य रूप से चुनौती सुपरकिंग्स से मिलने की उम्मीद है, जिसके पास 43 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि उपलब्ध है। छोटी नीलामी हमेशा बड़ी नीलामी से अधिक दिलचस्प होती है क्योंकि फ्रेंचाइजी खास पसंद के साथ आती हैं और अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती हैं। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के लिए हमेशा से बड़ी बोलियां लगती रही हैं।

### बोली की रकम और वेतन अलग-अलग

ऐसी चर्चा है कि ग्रीन आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमत वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में अपने हमवतन मिचेल स्टार्क (24 करोड़ 75 लाख रुपए) को पीछे छोड़ सकते हैं लेकिन इसमें भी एक पेंच है। भले ही ग्रीन की बोली 25 करोड़ रुपए से अधिक हो जाए लेकिन फिर भी इस सत्र के लिए उनका वेतन 18 करोड़ रुपए ही रहेगा। बोली की रकम और खिलाड़ियों का वेतन दोनों अलग-अलग होगा, जिसमें बोली की रकम को टीम के कुल सालाना खिलाड़ी वेतन में से काटा जाएगा। इसका कारण आईपीएल का 'अधिकतम फीस' नियम है, जिसके अनुसार छोटी नीलामी में किसी विदेशी खिलाड़ी की अधिकतम फीस सबसे अधिक कीमत (18 करोड़ रुपए) पर रिटेन किए गए खिलाड़ी और पिछली बड़ी नीलामी सबसे अधिक बोली (2025 में ऋषभ पंत के लिए 27 करोड़ रुपए) में से जो भी कम हो, वह होगी।

## आईएलटी20

# प्लेऑफ में डेजर्ट वाइपर्स दुबई कैपिटल्स को हराया



एजेंसी ▶▶| दुबई

- कुरेन ने शानदार गेंदबाजी के बाद दिखाया बल्ले से दम

सैम कुरेन के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर डेजर्ट वाइपर्स ने दुबई कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर आईएलटी20 प्लेआफ में जगह बना ली।

कैपिटल्स ने चार विकेट पर 166 रन बनाए, जिसके जवाब में वाइपर्स ने कुरैन के प्रदर्शन की बदौलत जीत दर्ज की। इंग्लैंड के हरफनमौला कुरेन ने दो विकेट लेने के बाद 33 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन बनाए। मैक्स होल्डन ने 22 गेंद में 34 रन बनाए जबकि फखर जमां ने 12 गेंद में 14 रन जोड़े। इससे पहले कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही और नसीम शाह ने तीसरे ओवर में शायन जहांगीर (सात गेंद में सात रन) को आउट किया। लुइस डु प्लॉय ने 44 गेंद में 54 रन बनाए।

### गेंदबाजों की वापसी से खुश : मोर्कल

**धर्मशाला।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम स्कोर वाले तीसरे टी20 मैच में अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी खुश हैं । दूसरे मैच में 22 अतिरिक्त समेत 213 रन देने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर आउट करके सात विकेट से जीत दर्ज की । मोर्कल ने कहा ,'मुझे खुशी है कि गेंदबाजों ने इस तरह से वापसी की।' अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टी20 में आठ ओवरों में 99 रन दे डाले। बुमराह निजी कारणों से रविवार का मैच नहीं खेले, जिनकी जगह हर्षित राणा ने ली। राणा और अर्शदीप ने दो-दो विकेट चटकाए। अर्शदीप ने कहा,' पिछले मैच में मैंने जब भी वाइड गेंदें डाली, कैमरा कोच (मोर्कल) के चेहरे से ऐसा लग रहा था मानो उन्होंने मुझे कोई गलत रणनीति दे दी थी।

## टीपीएल

# ईगल्स को हराकर जीएस दिल्ली एसेस ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

जीएस दिल्ली एसेस ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के फाइनल में यश मुंबई ईगल्स पर 51-36 से शानदार जीत के साथ पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया।

बेल्जियम की खिलाड़ी सोफिया कोस्टौलास ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए रिया भाटिया को 18-7 से हराकर महिला एकल में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। कोस्टौलास और जीवन नेदुनचेझियान की मिश्रित युगल जोड़ी ने दमदार रिटर्न और आत्मविश्वास से भरे नेट प्ले के साथ भाटिया और निकी पुनाचा की जोड़ी को 16-9 से हराकर दिल्ली एसेस की बढ़त को और मजबूत कर दिया। पुरुष एकल में मुंबई ईगल्स के विश्व नंबर 57 दामिर जुम्हूर ने बिली हैरिस को 16-9 से हराया कुछ हद तक टीम की वापसी कराई लेकिन जीएस दिल्ली एसेस के पास अब भी 11 अंकों की बढ़त थी। पुरुष युगल हैरिस और नेदुनचेझियान ने संयमित और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए निकी पुनाचा और जुम्हूर को 8-4 से हराकर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।

### आज से वानखेड़े स्टेडियम में दिव्यांग टी20 सीरीज

**मुंबई।** वानखेड़े स्टेडियम भारत और भारत 'ए' टीमों के बीच तीन मैचों की शारीरिक दिव्यांग टी20 श्रृंखला की मेजबानी 16 से 18 दिसंबर तक करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने यह घोषणा की। तीन दिवसीय टी20 श्रृंखला का उद्देश्य समावेशिता, जज्बा और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट की बढ़ती प्रतिष्ठा को उजागर करना है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के महासचिव उन्मेष खानविलकर ने कहा, 'पहली बार शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट श्रृंखला की मेजबानी करना एमसीए के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह साहस और जज्बे का जश्न मनाने के साथ क्षमता को नए तरह से परिभाषित करता है और इस बात की पुष्टि करता है कि क्रिकेट वास्तव में सभी का है।'

### सभी सीनियर खिलाड़ी खेलें घरेलू क्रिकेट : बीसीसीआई

*नई दिल्ली। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी , 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरूआत में आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इसमें हर प्रारुप में घरेलू क्रिकेट पर अधिक जोर देने के लिए कहा गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं सीनियर खिलाड़ी शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिए कम से*

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : इशान का कप्तानी में जलवा, टीम को जिताए 9 में से 9 मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इशान किशन ने भारत के लिए आखिरी इंटरनेशनल मैच नवंबर 2023 में खेला था। दो साल से ज्यादा वक्त बीत गया, इशान का टीम इंडिया में चयन नहीं हुआ। अब मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में इशान ने बल्ले के साथ-साथ कप्तानी में भी जलवा बिखेरा है। वह टूर्नामेंट में अभी तक 381 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं उनकी कप्तानी में झारखंड ने अभी तक 9 में से 9 मैच जीते हैं।



### झारखंड नॉकआउट राउंड में पहुंचने के करीब

झारखंड की टीम ने मौजूदा टी20 टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज में सभी सात मैच जीते थे। इसके बाद सुपर लीग के पहले दोनों मैच टीम ने जीत लिए। रविवार को एमपी के खिलाफ झारखंड ने 1 रन से मुकाबला जीता। झारखंड के लिए अलग-अलग मैचों में कुमार कुशाग्र, अनुकूल रॉय जैसे खिलाड़ियों ने भी परफॉर्म किया है।

### भारतीय टीम में नहीं मिल रही जगह

वनडे में केएल राहुल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल को प्राथमिकता मिल रही है बतौर विकेटकीपर। साथ ही टी20 में जितेश शर्मा और संजू सैमसन मौजूद हैं। टेस्ट में भी पंत और जुरेल की जगह पक्की है। इस कारण इशान किशन इंटरनेशनल टीम से इन दिनों दूर हैं, लेकिन अगर उनका ऐसा परफॉर्मेंस जारी रहता है तो बहुत दिन तक वह टीम से बाहर नहीं रहेंगे। इशान किशन ने भारत के लिए अभी तक 32 टी20 इंटरनेशनल खेलते हुए 796 रन बनाए हैं, जिसमें 6 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं वनडे में इशान ने एक दोहरा शतक भी लगाया है और 24 पारियों में वह 933 रन बना चुके हैं। तीन टेस्ट पारियों में भी इशान किशन ने 78 रन बनाए और 52 नाबाद उनका सर्वाधिक स्कोर है। ओवरऑल टी20 करियर में इशान ने 205 पारियों में 5651 रन बनाए हैं।

## शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ा

# शेफाली ने जीता आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला विश्व कप के फाइनल में पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का नवंबर महीने का 'माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार मिला है।

प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद अपने विश्व कप अभियान को सेमीफाइनल में शुरू करने वाली शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 78 गेंदों में 87 रन बनाए। यह महिला विश्व कप फाइनल में किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज के बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। शेफाली ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ कर अपना पहला 'महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का पुरस्कार जीता।



### पुरस्कार टीम कोच और परिवार को समर्पित

शेफाली ने कहा, 'आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में मेरा पहला अनुभव मेरी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन यह मेरी कल्पना और उम्मीदों से कहीं बेहतर तरीके से समाप्त हुआ।" उन्होंने कहा, 'मैं आभारी हूं कि मैं फाइनल में टीम की सफलता में योगदान दे सकी और घरेलू दर्शकों के सामने पहली बार विश्व कप जीतने के इतिहास का हिस्सा बन सकी।' शेफाली ने कहा, 'मैं नवंबर माह के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुने जाने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी टीम के साथियों, अपने सभी कोच, परिवार और उन सभी को समर्पित करती हूं, जिन्होंने अब तक मेरी यात्रा में मेरा साथ दिया है।

### हार्मर को मिला पुरुष वर्ग का पुरस्कार

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर को भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी के लिए पुरुष वर्ग का पुरस्कार मिला। हार्मर के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका भारत में 25 साल में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतने में सफल रहा। हार्मर ने बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और पाकिस्तान के हरफनमौला मोहम्मद नवाज को पछाड़कर पहली बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अपने नाम किया। इस 36 साल के स्पिनर ने दो मैचों की श्रृंखला में 17 विकेट लिए, जिससे उनकी टीम 2-0 से सूपड़ा साफ करने में सफल रही। उन्होंने कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट की दोनों पारियों में चार-चार जबकि गुवाहाटी में पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए थे।




**लापरवाही : वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप**

# मेडिकल के बाद अब विक्टोरिया अस्पताल में चूहों का आतंक

**जबलपुर।** आईसीयू जैसे सेन्सिटिव वार्ड जहां मामूली सा कचरा भी क्रास रियेक्शन कर सकता है और दवाओं को जहर और मर्ज को ला-इलाज बना सकता है. तो फिर आईसीयू में चूहे उनकी लार, उनकी गंदगी क्या कर सकती है यह सामान्य समझ वाला व्यक्ति भी जानता है. लेकिन लाखों का वेतन, सैंकड़ों का अमला और अरबों का बजट लेकर चलने वाले अधिकारी यह करें तो इसे बेशर्म मनमानी ही कहा जा सकता है. यहां बताते चले कि चूहे के कारण ही प्लेग की बीमारी फैलती हैं। मेडीकल के बाद अब विक्टोरिया अस्पताल के आईसीयू वार्ड और हड्डी वार्ड में चूहों के आतंक का मामला सामने आया हैं।

शासकीय अस्पतालों में सफाई व्यवस्था और पेस्ट कंट्रोल को लेकर हर साल अलग-अलग टेंडर जारी किए जाते हैं, इसके बावजूद हालात सुधरने के बजाय और बदतर होते नजर आ रहे हैं। इंदौर के एमवाय अस्पताल और जबलपुर मेडिकल कॉलेज के बाद अब जबलपुर जिला अस्पताल (विक्टोरिया) से भी चूहों के आतंक का गंभीर मामला सामने आया है। यहां हड्डी (अस्थि) वार्ड में मरीजों के बेड के आसपास और उनके खाने के टिफिन तक चूहे बेखौफ घूमते देखे गए, जिससे मरीज और उनके परिजन दहशत में आ गए।



### आईसीयू से वार्ड में आते ही बढ़ी परेशानी

जानकारी के अनुसार शाहपुरा निवासी 10 वर्षीय मदन चौधरी हाथ के इलाज के लिए पिछले एक सप्ताह से जिला अस्पताल में भर्ती है। ऑपरेशन के बाद दो दिन पहले ही उसे आईसीयू से अस्थि वार्ड में शिफ्ट किया गया था। बच्चे की हालत में सुधार के बाद परिजन राहत महसूस कर ही रहे थे कि वार्ड में फैली गंदगी और चूहों की मौजूदगी ने उनकी चिंता और बढ़ा दी। मदन के पिता मनोज चौधरी ने बताया कि वार्ड में चूहे खुलेआम इधर-उधर घूमते नजर आ रहे थे। कई बार तो चूहे मरीज के बेड पर चढ़ गए और कुछ मौके पर ऊपर से गिरने जैसी स्थिति भी बनी। इससे न सिर्फ बच्चे में डर बैठ गया, बल्कि परिजनों को भी संक्रमण फैलने का खतरा सताने लगा।

### रात 3 बजे रिकॉर्ड किया वीडियो

लगातार शिकायत के बावजूद जब स्थिति नहीं सुधरी तो परेशान परिजनों ने रविवार देर रात करीब 3 बजे मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड किया। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि हड्डी वार्ड में चूहे मरीज के बेड, फर्श और टिफिन के आसपास घूम रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद अस्पताल की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई है।

### सोशल मीडिया पर वायरल

इस वीडियो को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जब सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को इस तरह के हालात झेलने पड़ रहे हैं, तो यह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि चूहों से फैलने वाली बीमारियां मरीजों, खासकर बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं।

### प्रशासन की चुप्पी, मरीजों में डर

इस पूरे मामले में अस्पताल प्रशासन की ओर से देर शाम तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। वहीं वार्ड में भर्ती अन्य मरीज और उनके परिजन भी भय और असंतोष के माहौल में नजर आए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। अब देखना होगा कि वीडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और क्या अस्पतालों की सफाई व पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों पर जवाबदेही तय की जाती है या नहीं।

### पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

उल्लेखनीय है कि इससे पहले इंदौर के एमवाय अस्पताल और जबलपुर मेडिकल कॉलेज से भी चूहों की समस्या को लेकर वीडियो और शिकायतें सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके, न तो पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था में सुधार हो सका और न ही सफाई एजेंसियों की जवाबदेही तय की गई। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता, पेस्ट कंट्रोल और मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**दुर्घटना का आरोप : ग्रामीणों ने आरटीओ कर्मी के साथ की मारपीट**

# आरटीओ चैकिंग के दौरान 2 खड़े ट्रकों से भिड़ा ट्राला



**जबलपुर।** जिले के शहपुरा भिटौनी नेशनल हाईवे 45 पर शहपुरा थानांतर्गत सुरई गांव के पास एक आरटीओ कर्मी द्वारा वाहन रोकने का इशारा किए जाने के बाद अचानक बहके एक तेज रफ्तार ट्राला ने सड़क किनारे खड़े दो ट्रकों को जोरदार टक्कर मारी और फिर एक खेत में जा घुसा। ट्रक चालक सोनू चौधरी पिता अजित सिंह मथुरा निवासी ने बताया कि वह सूरत से प्रयागराज सोलर पैनल ले कर गाड़ी क्र. यूपी 81डी टी 4397 से जा रहा था। बताया जाता है कि आरटीओ चेकिंग के कारण ट्रक एनएच पर सड़क किनारे खड़े थे, तभी राजमार्ग तरफ से ट्रक क्रमांक एच आर 63 ई 0628 को आरटीओ कर्मी ने रोकने का इशारा किया। उसने ब्रेक मारे पर गाड़ी तेज थी जिससे उसका टायर फट गया और अचानक बहका ट्रक उस गाडी में टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खेत में जा घुसा। गाड़ी में चालक टक्कर मारने वाले ट्राला का चालक घायल हो गया जिसे शहपुरा अस्पताल ले जाया गया। इस घटना को देख मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर आरटीओ कर्मी की पिटाई कर दी। उनका आरोप था कि दो साल से अवैध रूप से चेकिंग के नाम पर उक्त कमी ट्रक चालकों को रोक कर रुपए वसूली करते हैं।

**हाईकोर्ट ने टिप्पणी के साथ निरस्त की याचिका**

# एएसपी की एक स्थान पर दो वर्ष तक पदस्थापना अनिवार्य नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की एक ही स्थान पर दो वर्ष तक पदस्थापना अनिवार्य नहीं है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने इसी के साथ अनूपपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद इसरार मंसूरी की याचिका निरस्त कर दी। याचिका में अनूपपुर में दो वर्ष पूर्ण होने के पूर्व भोपाल स्थानांतरण को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता को सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बादल के मामले में पारित निर्णय का लाभ नहीं दिया जा सकता क्योंकि वे आपरेशनल ड्यूटी में नहीं है और उनका अनूपपुर से भोपाल किया गया स्थानांतराण उचित है। याचिकाकर्ता मंसूरी ओर से दलील दी गई कि उनके बच्चे कटनी में पढ़ रहे हैं और पत्नी अनूपपुर जिले में प्राइवेट कालेज में पढ़ा रही हैं। इसलिए उनका भोपाल स्थानांतरण अनुचित है। राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता अनुभव जैन व अनावेदक एएसपी जगन्ननाथ मरकाम की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेन्द्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रकाश सिंह बादल के न्यायदृष्टांत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद के लिए दो वर्ष की एक ही स्थान पर पोस्टिंग अनिवार्य नहीं है। क्योकि दो वर्ष की पोस्टिंग एक ही स्थान पर पूर्ण करने की आपरेशनल ड्यूटी में पदस्थ पुलिस कर्मियों को ही प्रकाश सिंह बादल के निर्णय के अनुसार लाभ मिल सकता है। यह लाभ केवल पुलिस महानिरीक्षक, इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस, इंचार्ज जोन डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल आफ पुलिस, इंचार्ज रेंज व पुलिस अधीक्षक इंचार्ज संबंधित जिला व स्टेशन हाउस आफिसर इंचार्ज पुलिस थाना को दो वर्ष लगातार एक ही स्थान पर रखा जा सकता है। इसके अलावा अन्य पदों पर कार्यरत पुलिस कर्मियों को दो वर्ष पूर्व भी उनका स्थानांतरण किया जा सकता है।



**सत्र न्यायालय ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा**

# हाई कोर्ट ने पुत्री की हत्या के मामले में मां को किया दोषमुक्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पुत्री की हत्या की आरोपी मां को दोषुक्त कर दिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने यह निर्देश दिया। आरोपी महिला को सत्र न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जिसे अपील के जरिए हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

अपीलकर्ता मुलताई निवासी ज्योति डोंगरदिये की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि अपीलकर्ता की मासूम पुत्री इशिका की कुंए में गिरने से मौत हो गई थी। पांच मार्च, 2023 को जब इशिता कुंए में गिरी, तब उसे बचाने के लिए पीछे मां ने भी छलांग लगा दी थी। लेकिन वह पुत्री को बचा नहीं पाई। इसके बावजूद उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया। ठोस आधार न होने के बावजूद सत्र न्यायालय ने उम्रकैद की सजा सुना दी। चूंकि यह सजा चुनौती के योग्य है, अतः अपील दायर की गई। अभियोजन ने पुत्री की मृत्यु के समय मां के बयान के आधार पर उसे हत्या का दोषी सिद्ध करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इसीलिए सजा सुनाई गई। दरअसल, जब पुत्री की मौत हुई, तब मां बदहवास हो गई थी, उसकी मनोदशा ठीक नहीं थी। लिहाजा, उसके बयानों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। लेकिन ऐसा किया गया। हाई कोर्ट ने पूरे मामले पर गौर करने के बाद उम्रकैद की सजा को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया।

### सीएमओ का प्रभार देने के आदेश पर अंतरिम रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सीएमओ का प्रभार देने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने कलेक्टर, सीएमएचओ सतना व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सतना के जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय कुमार अरख की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वर्तमान जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उन्होंने 28 नवंबर 2025 को सीएमओ का प्रभार डॉ मनोज शुक्ला दे दिया। दलील दी गई कि प्रभार देने का अधिकार कलेक्टर को है। सीएमएचओ ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर यह आदेश जारी किया है। यह तर्क भी दिया गया कि डॉ शुक्ला याचिकाकर्ता से जूनियर है।

**अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज**

## मैकेनिक ने सुधरने आई कार हड़प ली

**जबलपुर।** एक कार मैकेनिक ने सुधरने के लिए आई डॉक्टर की कार खुर्द बुर्द कर दी। इस मामलें की शिकायत होने पर संजीवनीनगर पुलिस ने अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जसूजा टावर के पास धनवंतरीनगर निवासी 40 वर्षीय डॉक्टर विजय आनंद मरावी ने दो साल पूर्व 25 जनवरी 2024 को अपनी टोयटा कम्पनी की कार क्रमांक एमपी 20 सीडी 4809 को सुधरवाने के लिये नीलेश साहू को दी थी। कार डॉक्टर की मां पुष्पा मरावी के नाम पर रजिस्टर्ड है। कार उसने सुधारी नहीं, और खुर्द बुर्द कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 406 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**क्राईम ब्रांच एवं ओमती पुलिस की संयुक्त कार्यवाही**

# 2 तस्करों से 5 लाख का 9 किलो गांजा बरामद

**जबलपुर।** रेलवे नंबर पुल 3 के पास क्राईम ब्रांच एवं ओमती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 किलो 842 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 5 लाख रुपए बताई गई है। ओमती थाना प्रभारी राजपाल बघेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ओमती पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने रेलवे पुल नंबर 3 के पास चर्च की बाउण्ड्री के बाहर फुटपाथ पर बैग में गांजा रखकर खड़े हाथीताल कालोनी एमजी स्कूल के पीछे गोरखपुर निवासी 18 वर्षीय सूरज रजक उर्फ दक्ष रजक और फकीरचंद अखाड़े के पीछे हनुमानताल निवासी 18 वर्षीय लवकुश शिवहरे को गिरफ्तार किया। इनके पास से मिले बैग की तलाशी लेने पर सेलो टेप से चिपके पैकेटों में 9 किलो 842 ग्राम गांजा जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये मामला जांच में लिया है।



# बिलासपुर–रीवा–बिलासपुर एक्सप्रेस अब एलएचबी कोच में चलेगी

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों के उन्नयन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ एवं टर्मिनेट होने वाली बिलासपुर–रीवा–बिलासपुर एक्सप्रेस को अब पारंपरिक आईसीएफ कोच के स्थान पर आधुनिक एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोच में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर–रीवा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन बिलासपुर से 15 जनवरी 2026 से एलएचबी रेक के साथ संचालित होगी। वहीं गाड़ी संख्या 18248 रीवा–बिलासपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन रीवा से 16 जनवरी 2026 से एलएचबी कोच में चलेगी। परिवर्तित एलएचबी कोच संरचना के अंतर्गत इस ट्रेन में 2 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 6 शयनयान, 5 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी तथा 1 जनरेटर कार सहित कुल 15 एलएचबी कोच शामिल रहेंगे। एलएचबी रेक से ट्रेन में अतिरिक्त बर्थ की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे यात्रियों को अधिक सहूलियत मिलेगी।

### हमसफर एक्सप्रेस की एक-एक ट्रिप निरस्त

**जबलपुर।** रेलवे प्रशासन ने परिचालन कारणों से संतरागाछी–जबलपुर–संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस की एक-एक ट्रिप निरस्त करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल क्षेत्र से प्रारंभ एवं समाप्त होती है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20828 संतरागाछी–जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन संतरागाछी से 17 दिसंबर 2025 को निरस्त रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर–संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से 18 दिसंबर 2025 को निरस्त रहेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240